आज का मौसम
30.0⁰ अधिकतम तापमान
17.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.01
सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया 12:00 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

रविवार, 5 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 2, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता बनर्जी - 12



ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी - 12



भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया : जयशंकर - 13



गेंदबाजों के कमाल और रिजवी की पारी से दिल्ली ने मुंबई को हराया - 14

# ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला ट्रंप बोले-2 दिन में होर्मुज खोलो या झेलो तबाही

## ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले- रेडिएशन फैला तो खाड़ी देशों पर भी होगा खतरा

काहिरा, एजेंसी

पश्चिम एशिया जंग जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसका खतरा और दायरा भी बढ़ता जा रहा है। ईरान के बुशहर परमाणु प्लांट पर शनिवार को हमला हुआ। प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक गार्ड की मौत हो गई और इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान के परमाणु प्लांट पर हुए इस हमले से रेडिएशन का भी खतरा बढ़ गया है। युद्ध के दौरान इस संयंत्र को चौथी बार निशाना बनाया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए दी गई छह अप्रैल की समय सीमा की याद दिलाते हुए कहा कि इसका पालन नहीं करने पर उसे विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, बुशहर परमाणु प्लांट पर हुए हमले के बाद रेडियोएक्टिव रिसाव के खतरे को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रेडियोएक्टिव रिसाव हुआ तो इसका असर केवल तेहरान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि जीसीसी देशों की राजधानियों पर पड़ेगा। अराघची ने अमेरिकी मीडिया पर शांति वार्ता को लेकर ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया।

ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए पायलट की तलाश अमेरिका ने शनिवार को तेज कर दी। ईरान ने भी लोगों से पायलट के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया और इनाम का वादा किया। ईरान ने अमेरिका के 'एफ-15ई स्ट्राइक ईगल' नामक लड़ाकू विमान सहित दो विमानों को शुक्रवार को मार गिराने का दावा किया था। इस दौरान एक अमेरिकी सैन्यकर्मी को बचा लिया गया और कम से कम एक पायलट अब भी लापता है। विदेश में रहकर ईरान के इस्लामी शासन के खिलाफ मुखर तरीके से आवाज उठाने वाले कई लोगों ने बताया है कि युद्ध के बीच उनके देश की सरकार निर्वासित नेताओं के परिवार के सदस्यों को हिरासत में ले रही है और उनकी संपत्ति जब्त करने की धमकी दे रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'याद है जब मैंने ईरान को समझौता करने या होर्मुज खोलने के लिए दस दिन का समय दिया था। समय तेजी से बीत रहा है, 48 घंटे बाद उन पर कहर टूट पड़ेगा।



- परमाणु संयंत्र प्लांट में तैनात एक कर्मचारी की मौत, इमारत ध्वस्त
- ईरान ने दो अमेरिकी विमानों को गिराया, एक पायलट लापता
- मुखर ईरानियों ने देश में परिजनों को बंधक बनाए जाने का लगाया आरोप

### ईरान में फंसे भारतीय मछुआरे आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहे

नई दिल्ली। ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों का एक समूह आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहा है। केंद्र सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिकों की वापसी में सहायता के लिए आर्मेनिया के अपने समकक्ष अरारत मिर्जोयान का आभार जताया। पश्चिम एशिया में एक महीने पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से अब तक 1,150 से अधिक भारतीय नागरिकों आर्मेनिया और अजरबैजान के जमीनी रास्ते से ईरान छोड़ा है।

### बहरीन ने होर्मुज स्ट्रेट खुलवाने के प्रस्ताव पर मतदान स्थगित किया

दुबई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस माह की अध्यक्षता संभाल रहे खाड़ी देश बहरीन ने उस प्रस्ताव पर मतदान टाल दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और उस पर ईरान के प्रभुत्व को खत्म करना था। हालांकि, रूस और चीन के कड़े विरोध के कारण पहले ही इस प्रस्ताव की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे थे। परिषद की बैठकें गोपनीय होने के कारण नाम न उजागर करने की शर्त पर राजनयिकों ने बताया कि अब इस प्रस्ताव पर मतदान अगले सप्ताह कराया जाएगा।

# कांग्रेस के भड़काऊ बयानों से खाड़ी देशों में भारतीयों की जान को खतरा

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके और इस तरह राजनीतिक फायदा प्राप्त किया जा सके। कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के बारे में ही चिंतित हैं।

मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में कहा, मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन भारतीयों की सुरक्षा, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में रहने वाले केरल के लोगों की सुरक्षा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सुनिश्चित करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में काम करने और रहने वाले केरल के लाखों लोगों के अलावा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गोवा, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के मछुआरे ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में फंसे हुए हैं। मोदी ने कहा, हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को इसकी कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ऐसे बयान दे रही है, जिनसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा होने का खतरा है और अनावश्यक दहशत फैलाई जा रही है।

यह सब सिर्फ मुझ पर राजनीतिक हमले करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें सिर्फ राजनीति और सत्ता की परवाह है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भारत की जनता की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ने केरल की जनता के भरोसे को तोड़ दिया है। उन्हें जनता और देश से माफी मांगनी चाहिए। रैली में अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की मानसिकता को उजागर कर दिया है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- पश्चिम एशिया को लेकर दिए गए बयानों पर कांग्रेस को जनता और देश से मांगनी चाहिए माफी

### गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं

मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं से कई बार कहा है कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीय भाइयों और बहनों की सुरक्षा भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, केरल के लाखों निवासी इस क्षेत्र में काम करते हैं, फिर भी कांग्रेस नेताओं के गैरजिम्मेदाराना बयान उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। मैं कांग्रेस नेताओं से आग्रह करता हूं कि वे ऐसे बयान देने से बचें, जिनसे पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की जान को खतरा हो सकता है। हमारी सरकार के खाड़ी देशों के साथ मजबूत संबंध ही इन कठिन समय में हमारे लोगों की रक्षा करने में मददगार साबित हो रहे हैं।


लोक दर्पण
अपराध से आदर्श मार्ग पर मुड़ते कारागार के कैदी
तानाशाह का प्रमाद युद्ध का उन्माद

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अपराध से आदर्श मार्ग पर मुड़ते कारागार के कैदी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# आंधी-बारिश से कई जिलों में भारी नुकसान, 4 की गई जान



कानपुर में विशाल पेड़ उखड़कर ऑटो पर गिर गया। अमृत विचार

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम खराब, गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान
- कानपुर में 3 और मथुरा में एक की मौत, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रदेश में शनिवार को आए तेज आंधी-तूफान, बारिश व ओलावृष्टि ने तबाही मचाई। कानपुर के काकादेव में आटो पर पेड़ गिरने से चालक और एक महिला की मौत हो गई। गुजैनी में जलभराव में बाइक फिसलने से एक युवक की जान चली गई। मथुरा में हाईटेंशन लाइन टूटकर जमीन पर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार बिजली मिस्त्री की मौत हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार, मध्य यूपी समेत प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में बारिश हुई। मथुरा में तेज आंधी के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। करीब 600 बिजली के खंभे टूट गए, जिससे 200 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। वहीं, फतेहपुर सीकरी में मकान गिरने से सात लोग घायल हो गए। आगरा, मथुरा, कानपुर-बुंदेलखंड और जालौन समेत कई जिलों में गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लखनऊ में आम की फसल को करीब 15 प्रतिशत नुकसान पहुंचा है। कानपुर में शाम 5 बजे 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं तेज हवाओं ने होर्डिंग, पोल, पेड़ सहित अन्य को क्षतिग्रस्त कर दिया। जोरदार आंधी के साथ मूसलाधार बारिश और ओले गिरे।

### मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

लखनऊ। प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को यथाशीघ्र राहत दिलाएं। उन्होंने कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। सीएम योगी ने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को भी निर्देशित किया। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली में 400 रुपये के लिए युवक की हत्या, तीन नाबालिग पकड़े गए

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर दिल्ली के दयालपुर इलाके में 400 रुपये को लेकर हुए विवाद के बाद 26 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 'न्यू मुस्तफाबाद' निवासी कैफ के रूप में हुई है। उस पर उसके परिचित लोगों ने शुक्रवार शाम हमला किया था। उन्होंने बताया कि कैफ को जेपीसी (जग प्रवेश चंद्र) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

## कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के 9 लोगों की गई जान

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में छह बच्चे भी शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी कस्बे के शिवाजी नगर इलाके में हुई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में बच्चों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्रों में खुले कुओं की तत्काल सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी लोग इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार कार्यक्रम स्थल के पास ही स्थित एक कुएं में गिर गई। नासिक के जिलाधिकारी को घटना की जांच करने और जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है।

- नासिक में हुआ हादसा, जान गंवाने वालों में छह बच्चे जांच के आदेश

### भारी बर्फबारी



मनाली के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के दक्षिणी पोर्टल पर भारी हिमपात के कारण लगभग 1000 वाहन और 5000 से अधिक पर्यटक बर्फ में फंस गए। ● एजेंसी

# वैध पहचान पत्र दिखाकर मिलेगा 5 किलो का सिलेंडर

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि वे वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितरक से सिलेंडर ले सकते हैं इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनर सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और लोग पेट्रोल और डीजल की घबराहट में खरीदारी तथा एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचें। पीएनजी को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और पिछले महीने से अब तक 3.5 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई है। सोमवार से उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति छह माह की औसत खपत के 90 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से एलपीजी जमाखोरी और काला बाजारी पर कार्रवाई जारी है और शुक्रवार को 3700 से अधिक छापे मारे गए। वहीं, समुद्री जहाज ग्रीन सानवी 46,650 टन एलपीजी कार्गो लेकर होर्मुज पार कर चुका है।



- सरकार ने कहा- देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार
- प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत के लिए उठाया कदम

### एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं

सरकार का कहना है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है इसके बावजूद, एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है। शुक्रवार को लगभग 51 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। सरकार ने संकट-पूर्व स्तर के 70 प्रतिशत तक कुल वाणिज्यिक आवंटन करने का निर्णय लिया है, जिसमें 10 प्रतिशत सुधार आधारित आवंटन शामिल है। शुक्रवार को 71,000 से अधिक 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे गए और अब तक 5.7 लाख 5 किग्रा एफटीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। पांच किग्रा सिलेंडर निकटतम एलपीजी वितरकों के पास उपलब्ध हैं और किसी भी वैध पहचान पत्र के जरिये खरीदे जा सकते हैं।

# 'विकसित यूपी@2047' विजन के तहत शहरी क्षेत्रों के विकास का रोडमैप तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उप्र. के दीर्घकालिक विकास के लिए 'विकसित यूपी@2047' विजन के अनुरूप शहरी क्षेत्रों के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के शहरों को आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाना है।

रोडमैप के तहत शहरों में 'लिवेबल सिटीज मिशन' लागू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत नागरिकों को घर से केवल 15 मिनट की दूरी पर स्वास्थ्य, शिक्षा, बाजार जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना लक्ष्य है। इससे जीवन स्तर में सुधार होगा और समय व ऊर्जा की बचत होगी। लखनऊ को राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इसके साथ ही प्रदेश में क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो निवेश और रोजगार के प्रमुख हब के रूप में काम करेंगे। मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें मेट्रो, रैपिड रेल, इलेक्ट्रिक बसें और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली शामिल होगी।

- लागू होगा 'लिवेबल सिटीज मिशन' घर से 15 मिनट की दूरी पर सभी आवश्यक सुविधाएं जुटाने का लक्ष्य
- यूपी में होगा आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी शहरों का विकास

### पर्यावरण संरक्षण और 'स्पंज सिटी' पहल

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 'स्पंज सिटी' पहल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें वर्षा जल संचयन, तालाबों का पुनरुद्धार और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र का संरक्षण शामिल है। साथ ही अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर शून्य-लैंडफिल शहरों का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए आवास योजनाओं को तेज किया जाएगा। मिश्रित भूमि उपयोग और योजनाबद्ध शहरीकरण के माध्यम से सभी वर्गों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित किया जाएगा।

जागरूकता

वाराणसी में मुख्यमंत्री ने शुरू किया 'स्कूल चलो अभियान', स्कूली बच्चों से किया संवाद

# भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने सिर्फ शिक्षकों को दी : योगी

- वर्ष 2017 के पहले ड्रॉप आउट रेट 19 फीसदी था, अब यह महज तीन फीसदी रह गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर (वरुणापार जोन) से नए शैक्षणिक सत्र के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग-शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाए।

योगी ने कहा कि शिक्षा सबसे पवित्र कार्य है और हर बच्चे को शिक्षित करना समाज व राष्ट्र की समृद्धि के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब एक बच्चा साक्षर होता है, तो समाज सशक्त और राष्ट्र समृद्ध होता है, जबकि निरक्षरता गरीबी और पिछड़ेपन को जन्म देती है। भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने केवल शिक्षकों को दी है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। पिछले नौ वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लगभग 60 लाख नए बच्चों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत थी, जो अब घटकर मात्र तीन प्रतिशत रह गई है। लक्ष्य इसे शून्य तक लाना है।



वाराणसी : स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ अवसर पर एक बच्ची को स्कूल बैग, किताब व उपहार देते मुख्यमंत्री योगी।

### 'घर-घर दस्तक' का आह्वान

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से एक से 15 अप्रैल तक 'स्कूल चलो अभियान' के तहत घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय खुलने से पहले गांव-मोहल्लों में जाकर अभिभावकों से संवाद करें और सुनिश्चित करें कि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। योगी ने कहा कि राज्य सरकार अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। इस धनराशि का प्रभाव भी दिखाई देना चाहिए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.36 लाख से अधिक विद्यालयों को बुनियादी सुविधाओं से लैस किया गया है, जिसकी सराहना नीति आयोग ने भी की है।

### बदली स्कूलों की तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विद्यालयों में शौचालय, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, जिसके कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। अब सभी विद्यालयों में इन सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग और किताबें निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएम ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार और चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने चित्रकूट के जिलाधिकारी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने बच्चे का प्रवेश आंगनबाड़ी केंद्र में कराया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 5 अप्रैल 2026



न्यूज ब्रीफ

### ई-कचरा जलाने वाली 6 भट्ठियों पर लटकी बंदी की तलवार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने ई-कचरा जलाने वाली छह और भट्ठियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा ई-कचरा जलाने वाली भट्ठियों पर छापेमारी की गई। जिसमें सभी छह भट्ठियों का संचालन आवश्यक अनुमति, रजिस्ट्रेशन और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े प्रमाण पत्र के बिना ही किया जा रहा था। भट्ठी स्वामियों से संचालन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। लेकिन मौके पर किसी ने वैद्य प्रमाणपत्र नहीं दिखाया गया है। प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए भट्ठी स्वामियों को 15 दिन का समय दिया गया। लेकिन निर्धारित मानकों का पालन न करने और संतोषजनक दस्तावेज उपलब्ध न कराने के चलते विभाग ने यह कदम उठाते हुए सभी बिना वैद्य प्रमाण पत्र के चल रही भट्ठियों को बंद कराने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को रिपोर्ट भेज कर अनुमति मांगी है।

### रंजिश के चलते युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव चन्दुआ नगला में मामूली विवाद में एक युवक ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर तमंचे से फायरिंग कर दी। जिससे युवक घायल हो गया। गांव निवासी कुलदीप सिंह का आरोप है कि शुक्रवार रात दस बजे गांव के ही सतेन्द्र बिना किसी बात के उनके घर के बाहर गाली-गलौज कर रहा था। जब कुलदीप ने उसे मना किया, तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर के अंदर गया और 12 बोर का अवैध तमंचा निकाल लाया। आरोप है कि सतेन्द्र ने जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। पहला फायर हवा में हुआ, लेकिन दूसरा फायर बेटे गुरताज सिंह के पेट में जा लगा। गोली लगते ही गुरताज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने रुद्रपुर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि सतेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### इग्नू : प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को राहत देते हुए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है। इसके साथ ही अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। शनिवार को इग्नू अध्ययन केंद्र, हिन्दू कॉलेज के समन्वयक प्रो. एके. सिंह ने जानकारी दी।

### पहले दिन औपचारिक चेकिंग के बाद ठंडे बस्ते में चला गया अभियान

# स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़ ओवरलोड-अनफिट वाहन बेलगाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शहर और आसपास के क्षेत्रों में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। डग्गामार और अनफिट वाहन संचालक नियमों को ताक पर रखकर बच्चों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। पहले दिन औपचारिक चेकिंग के बाद अभियान ठंडे बस्ते में चला गया है।

सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की नियमित जांच नहीं की जा रही है। हालात यह हैं कि ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा और गैस से चलने वाले अनधिकृत वाहन क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन वाहनों में न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं और न ही वैध परमिट। शहर के विभिन्न स्कूलों के बाहर सुबह और छुट्टी के समय अव्यवस्था साफ दिखती है। अनाधिकृत वाहन चालक बेखौफ होकर बच्चों को ढो रहे हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन समिति, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी स्कूली वाहनों के ऑनलाइन पंजीकरण का हवाला देकर कार्रवाई को टाल रहे हैं। पहले दिन औपचारिक चेकिंग के बाद अभियान ठंडे बस्ते में चला गया है। चिंताजनक यह है कि ओवरलोड वाहन हाईवे पर भी दौड़ रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका लगातार बनी रहती है। समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो कोई बड़ा हादसा संभावित है।


बाइक काटकर बनाए गया जुगाड़ वाहन।


ऑटो पर आगे बैठी सवारी।

> टैफिक पुलिस की ओर से डग्गामार वाहनों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं हाईवे पर स्कूली बच्चों को क्षमता से अधिक ई रिक्शा में बच्चों को ले जाने वाले या फिर ओवर लोड सवारियां ले जाने वाले रिक्शा के दो हजार चालान काटे जा रहे हैं। सवारियों और बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान भी चलाए गए हैं। – **सुभाष चंद गंगवार**, एसपी ट्रैफिक, मुरादाबाद

### स्कूली वाहनों पर सख्ती शुरू, 133 वाहन दौड़ रहे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने सख्ती तेज कर दी है। जिले के 3936 विद्यालयों में संचालित 1100 पंजीकृत स्कूली वाहनों में से 133 वाहन अनफिट मिलने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसे गंभीर मानते हुए विभाग ने यूपी एकीकृत विद्यालय वाहन प्रबंधन पोर्टल लागू कर दिया है। एक से 15 अप्रैल तक विशेष फिटनेस अभियान शुरू किया गया है। शनिवार को आरटीओ राजेश सिंह ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से अब स्कूली वाहनों के पंजीकरण फिटनेस, बीमा और परमिट की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। साथ ही 'Know Your Bus' फीचर के जरिए अभिभावक भी बच्चों के वाहन की स्थिति और चालक का विवरण घर बैठे देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को पहले ही दिन 125 में से केवल 47 स्कूलों द्वारा 79 वाहनों का डेटा अपलोड किया गया है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान सभी वाहनों की भौतिक जांच सुनिश्चित की जाए और बिना फिटनेस या नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। विभाग ने दो टूक कहा है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा।

### अग्निकांड: मासूम की मौत, मां गंभीर

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम हसनगढ़ी में छप्पर के घर में लगी आग से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के प्रयास में उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे में एक बकरी और एक भैंस भी आग की चपेट में आकर घायल हो गईं। बताया गया कि गुरुवार को इमरान के छप्परनुमा घर में अचानक आग लग गई, जिससे उनका पुत्र अफ्फान बुरी तरह झुलस गया।

बेटे को बचाने में मां शिफा भी गंभीर रूप से झुलस गई। दोनों को उपचार के लिए पहले मुरादाबाद ले जाया गया, जहां से दिल्ली रेफर किया गया। रास्ते में ही मासूम की मौत हो गई, जबकि मां का उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में जारी है। शनिवार को प्रशासनिक टीम गांव पहुंची। एसडीएम के निर्देश पर हल्का लेखपाल सुफियान व राजस्व निरीक्षक केदार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की और रिपोर्ट तहसील कार्यालय को भेज दी है।

# वित्तीय वर्ष में रेल मंडल ने रिकॉर्ड 1012.56 करोड़ कमाए

## डीआरएम बोलीं, 2025-26 में मुरादाबाद ने पिछले वर्ष की तुलना में 4.5% अधिक, गैर-किराया राजस्व 65% अधिक अर्जित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्री राजस्व का अब तक का उच्चतम स्तर 1012.56 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की। जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.5% अधिक है। वहीं गैर-किराया राजस्व का उच्चतम स्तर 8.78 करोड़ रुपये हासिल किया। यह भी पिछले वर्ष की तुलना में 65% अधिक है। रेल मंडल में मास्टर प्लान के अन्तर्गत हरिद्वार और देहरादून स्टेशनों पर सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा कई स्टेशनों पर एस्केलेटर, नये वेटिंग हॉल बनाए गए हैं। रुड़की व देवबंद नई रेल लाइन में दो स्टेशन भी बढ़े हैं।

यह बातें मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को कार्यालय में आयोजित पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। वह वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान रेल मंडल की उपलब्धियों की जानकारी दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि आय के मामले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्री राजस्व का अब तक का उच्चतम स्तर हासिल करते हुए 1012.56 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की गई। जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.5% अधिक है। वहीं गैर-किराया राजस्व में 8.78 करोड़ रुपये जो पिछले वर्ष की तुलना में 65% अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में, पार्किंग से होने वाला उच्चतम राजस्व 2.99 करोड़ रुपये है जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 25% और 156% अधिक है। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक / इन्फ्रा प्रेमशंकर झा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) सुशील कुमार भी मौजूद रहे।


निरीक्षण करते वरिष्ठ उप महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अरविंद नौटियाल व साथ में मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव। ● अमृत विचार


पत्रकारों से वार्ता करतीं डीआरएम विनीता श्रीवास्तव।

### लोडिंग से भी बढ़ी रेलवे की आय

डीआरएम ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में लोडिंग 2023-24 में 5.93 मीट्रिक टन से बढ़कर 2024-25 में 6.18 मीट्रिक टन और 2025-26 में 6.30 मीट्रिक टन हो गई है। इसमें सीमेंट लोडिंग में : 133% की वृद्धि हुई। चालू वर्ष में 6.5 रैक लोड किए गए जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 24.25 रैक थी। वैगन लोडिंग में भी 133% की वृद्धि हुई और यह 2,486 वैगन तक पहुंच गई। चीनी की लोडिंग में 24% की वृद्धि हुई है, इस वर्ष 113.5 रैक लोड किए गए, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 91.5 रैक लोड किए गए थे। वैगन लोडिंग में 23% की वृद्धि हुई, यह 4,863 वैगन तक पहुंच गई। मक्का की लोडिंग में 98% की वृद्धि दर्ज की गई, इस वर्ष 50.5 रैक लोड किए गए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 25.5 रैक थी। वैगन लोडिंग 79% बढ़कर 1,891 वैगन तक पहुंच गई। ऑटोमोबाइल लोडिंग में 38% का सुधार हुआ, जिसमें 179 वाहन शामिल हैं।

### यात्री सुविधाओं में भी अग्रणी

उन्होंने बताया कि मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर 150 यूटीएस और 40 पीआरएस केंद्र हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 14 यूटीएस-कम-पीआरएस काउंटर भी स्थापित किए गए हैं। खानपान सुविधाओं के तहत मंडल में वर्तमान में 6 रिफ्रेशमेंट रूम, 30 मल्टीपर्पस स्टॉल/ट्रॉली, 14 मिल्क स्टॉल, 18 वाटर वेंडिंग मशीन और 242 कैटरिंग यूनिट संचालित हैं। इसके अलावा 11 स्टेशनों पर 13 एटीएम, 16 स्टेशनों पर 27 पार्किंग यूनिट, 6 स्टेशनों पर 7 पे-एंड-यूज़ शौचालय भी है।

### 22 जिलों व 25 लोकसभा क्षेत्रों में फैला दायरा

डीआरएम ने बताया कि मुरादाबाद मंडल का दायरा प्रदेश और उत्तराखंड के 22 जिलों व 25 लोकसभा क्षेत्रों में फैला हुआ है। यह लगभग 1402 किलोमीटर के रेल नेटवर्क में 150 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस व 43 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों के माध्यम से 150 स्टेशन और 48 हॉल्ट पर प्रतिदिन लगभग 3 लाख यात्रियों को सेवा देता है। उद्योग क्षेत्र में रेल मंडल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खाद कारखानों, चीनी मिलों आदि को सेवा प्रदान करते हुए राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति में अग्रणी है।

### ट्रेनों में सफाई कार्य में होगा सुधार

डीआरएम ने यात्रा के दौरान ट्रेनों के शौचालयों व बोगी में सफाई विशेषकर वंदे भारत के सवाल पर कहा कि सफाई पर पूरा ध्यान रहता है। कमी होने पर रेल वन ऐप पर शिकायत कर सकते हैं। आन बोर्ड क्लीनिंग स्टाफ रखे गए हैं। बरेली, रोजा स्टेशन वाटर स्टॉक सेंटर बनाए गए हैं क्योंकि पानी की उपलब्धता पर ही सफाई व्यवस्था टिकी है। ट्रेनों में क्लीनिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुरादाबाद में रेलवे की नई कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

### रुद्रपुर-कर्णप्रयाग चारधाम परियोजना महत्वपूर्ण

मंडल रेल प्रबंधक ने रुद्रपुर-कर्णप्रयाग रेल परियोजना कब तक पूरा होगा के सवाल पर कहा कि रुद्रपुर-कर्णप्रयाग चारधाम रेल परियोजना उत्तराखंड के साथ ही रेल मंडल के लिए काफी महत्वपूर्ण है। रेल लाइन बिछाने में टनल्स के अवरोध काफी हद तक दूर हो गए हैं। हरिद्वार में अर्द्धकुंभ की तैयारियां चल रही हैं। 11 रेलवे स्टेशनों को अपग्रेड किया जा रहा है।

### स्टेशनों का हो रहा कायाकल्प

डीआरएम ने बताया कि मास्टर प्लान के अन्तर्गत हरिद्वार और देहरादून रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य प्रस्तावित हैं। यात्रियों की आवाजाही के लिए एस्केलेटर, नये वेटिंग हाल, रुड़की और देवबंद नयी रेल लाइन में दो स्टेशन बढ़े हैं। आठ रेलवे स्टेशन पर सोलर एनर्जी सिस्टम लगाया गया है।

### वर्तमान वैश्विक परिदृश्य का पड़ा असर

डीआरएम ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य से मुरादाबाद रेल मंडल भी थोड़ा प्रभावित हुआ। कंटेनर के रेट बढ़े। गैस संकट से निपटने के लिए इंडक्शन उपलब्ध कराया गया, हालांकि रेल मेंटीनेंस का काम निर्बाध चल रहा है।

### रेल अधिकारियों ने मुरादाबाद–धामपुर–मुरादाबाद रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अरविंद नौटियाल और मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को मुरादाबाद–धामपुर–मुरादाबाद रेलखंड का निरीक्षण कर अमृत भारत योजना अंतर्गत विकसित धामपुर स्टेशन की सुविधाओं की समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान दोनों रेल अधिकारियों ने अप एवं डाउन दोनों मार्गों को गहनता से देखकर संरक्षा मानकों का सूक्ष्म परीक्षण किया। इसी क्रम में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित धामपुर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, वीआईपी कक्ष सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता की समीक्षा की। यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुगम बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता (कैरेज एवं वैगन) सत्येंद्र कुमार, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) चेतन तनेजा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (चतुर्थ) रवि विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# परिवार को बंधक बनाकर आठ लाख की लूट


संभल के नरेठा मोहम्मदपुर गांव में लूट के बाद घर में इकट्ठा परिजन व ग्रामीण।

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

● **असमोली के नरेठा मोहम्मदपुर गांव में शुक्रवार रात की घटना**

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव नरेठा मोहम्मदपुर में शुक्रवार आधी रात के बाद हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाकर गन प्वाइंट पर करीब आठ लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। करीब आधे घंटे तक बदमाश घर में डटे रहे।

नरेठा मोहम्मदपुर गांव के बाहरी छोर पर स्थित सरकारी स्कूल के पास रहने वाले राजमिस्त्री मतीन का परिवार रात को सोया हुआ था। मतीन पत्नी शमशीदा खातून के साथ बरामदे और बेटी मुस्कान और पुत्रवधू गुलफ्शा खातून घर के अंदर कमरे में सो रही थीं। देर रात करीब 2:30 बजे हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाश दीवार फांदकर घर में घुस आए। बरामदे में सो रहे मतीन और उसकी पत्नी को तमंचों का डर दिखा जान से मार देने की धमकी देते हुए कब्जे में लिया। इसके बाद सभी को कमरे में बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने हथियारों के बल पर महिलाओं के गले और कानों से सोने-चांदी के जेवर उतरवा लिए। इसके बाद दूसरे कमरे में पहुंचकर संदूक की तलाशी ली, जिसमें रखे करीब 50 हजार रुपये की नकदी, सोने-चांदी के जेवर और नए कपड़े समेत अन्य कीमती सामान उठा ले गए। मतीन का कहना है कि बदमाश करीब आधे घंटे तक घर में रहे और पूरे सुकून से लूटपाट करते रहे। जाते समय बदमाशों ने शोर मचाने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी और सभी को कमरे में बंद कर निकल गये। बदमाशों के जाने के बाद किसी तरह परिजनों ने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया, लेकिन देर रात तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और रिश्तेदारों की भीड़ पीड़ित के घर पर जुट गई और परिवार का हालचाल जाना। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# ऑटो चालकों को निशाना बनाने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस ने ऑटो चालकों से लूटपाट करने वाले दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकड़े गए दोनों लूट के आरोपी योजनाबद्ध तरीके से ऑटो बुक कर चालकों को सुनसान स्थानों पर ले जाते थे और मारपीट कर उनसे नगदी व कीमती सामान लूट लेते थे।

शनिवार को मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने शनिवार सुबह लगभग 9:30 बजे खुशहालपुर बाईपास स्थित चैतिया फार्म हाउस के पास वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित सुरेश पुत्र भूरेलाल निवासी एकता कॉलोनी थाना मझोला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस लुटेरों को पकड़ने के लिए पीड़ित के साथ पहुंची तो वहां खड़े आरोपी लक्ष्य मिश्रा निवासी बैंक कॉलोनी खुशहालपुर व अर्पित निवासी खुशहालपुर को पहचान लिया। तलाशी के दौरान लक्ष्य के पास से 270 रुपये नकद, दो एटीएम कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस व एक पैन कार्ड जबकि अर्पित के पास से 450 रुपये और एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले ऑटो चालकों को बुक करते थे और फिर उसे सावरियां वाले स्थान पर ले जाने की बात कह कर एक आरोपी ऑटो में बैठता था। ऑटो रिक्शा को सुनसान स्थानों पर ले जाते और डराकर उनसे लूटपाट करते थे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रूस से ताबूत में आया शावेद का शव, बिलखे परिजन

संवाददाता, मसवासी


मृतक शावेद।

**अमृत विचार :** रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गोली लगने से जान गंवाने वाले मसवासी क्षेत्र के युवक का शव शनिवार दोपहर जैसे ही सीतारामपुर गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया और हर आंख नम हो गई।

मसवासी क्षेत्र के गांव सीतारामपुर के मजरा फतेहगंज निवासी दूल्हा हसन का पुत्र शावेद (22) करीब दस माह पहले पर्यटक वीजा पर रूस गया था। जहां उसे एक होटल में वेटर की नौकरी करनी थी। लेकिन वह सेना में भर्ती हो गया और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते उसे मोर्चे पर तैनात कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि 12 सितंबर 2025 को यूक्रेन के एक लड़ाकू विमान के मिशन के दौरान उसे गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को गुरुवार देर शाम मिली। शनिवार तड़के उसका शव दिल्ली एयरपोर्ट लाया गया, जहां से परिजन उसे लेकर गांव पहुंचे। शव को देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शनिवार दोपहर जैसे ही शव गांव पहुंचा, माहौल गमगीन हो गया। दूर-दराज के गांवों से भी लोग पहुंचे। नम आंखों के बीच जनाजे को सुपुर्द ए खाक किया गया।


बिलखतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

● **गमगीन माहौल के बीच किया सुपुर्द खाक, रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान लगी थी गोली**


गांव में ताबूत में पहुंचा युवक का शव।

### विदेश मंत्रालय के दखल से मिला शव

रूसी सेना में शामिल युवक शावेद की मौत करीब छह महीने पहले सितंबर 2025 में हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार उसका फोन बंद आ रहा था। उसके साथ हल्द्वानी का एक युवक भी घायल हुआ था। जो घायल अवस्था में वापिस लौट आया। लेकिन उसने कोई बात परिजनों को नहीं बताई। करीब छह महीने पहले से परिजनों से संपर्क टूटने के बाद परिवार के लोगों ने रामपुर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी से मामले में बात की। उसके बाद सांसद ने भारत के केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने मामले में परिजनों की मदद की, इसके बाद गुरुवार को उनको युवक की मौत के बारे में पता चला। ताबूत पर लगी लिस्ट के पर युवक की मौत की तिथि अंकित है। सांसद ने युवक की मौत पर दुख जताया है।

# चरस तस्करी व लूट का खुलासा, दो बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **आरोपियों से मूंढापांडे में एक दंपति से की गई लूट के जेवर मिले**

**अमृत विचार :** कटघर कोतवाली पुलिस ने चरस तस्करी और लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर अपराधियों को एक किलो से अधिक चरस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों से मूंढापांडे में एक दंपति से की गई लूट के जेवर भी मिले हैं। आरोपियों ने लूट की घटना भी कबूली है।

शनिवार को अपने कार्यालय में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने चरस तस्करी का खुलासा करते हुए बताया कि कटघर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक किलो 700 ग्राम चरस के साथ दो चरस तस्करों को पकड़ा है। पकड़ी गई चरस की कीमत एक लाख 65 रुपये की बताई गई है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम अमन निवासी ग्राम गोट, कोतवाली कटघर तथा आसिफ निवासी सक्टू नगला, थाना मूंढापांडे बताया है। तलाशी के दौरान 2500 नकद, एक सोने की कान की बाली बरामद की है। इसके अलावा अमन से एक तमंचा 315 बोर, दो कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। आरोपियों ने बरामद सोने की बाली के बारे में बताया कि उन्होंने करीब 5-6 दिन पूर्व थाना मूंढापांडे क्षेत्र में सीमेंट फैक्ट्री के पास एक बाइक सवार दंपति को तमंचा के बल पर रोक कर उनका मोबाइल, चार हजार रुपये नकद एवं महिला की बाली लूट ली थी। लूटा गया मोबाइल अगले दिन तोड़कर झाड़ियों में फेंक दिया गया था। इस संबंध में थाना मूंढापांडे थाने में पूर्व में मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपी चरस की तस्करी के साथ-साथ सुनसान स्थानों पर राहगीरों, विशेषकर महिलाओं को निशाना बनाकर लूट करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेजा गया है।


पुलिस लाइन में आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।

### सरेआम फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में किला तिराहा स्थित प्रेम स्वीट्स के सामने पुरानी रंजिश के चलते गुरुवार की देर रात सरेआम फायरिंग करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनसे हथियार भी बरामद किया गया है। शनिवार को सिविल लाइन थाना के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि आपसी रंजिश में खुलेआम फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस कार्यालय के स्ट्रांग रूम के पीछे स्थित खाली मैदान से गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान अपिल चौहान निवासी आशियाना और सौरभ कुमार निवासी आदर्श कॉलोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त दो देसी तमंचा 315 बोर और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका था। जिसमें अब आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। विधिक कार्रवाई करते दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायालय के आदेश पर जिला कारागार भेजा गया है। उन्होंने बताया कि घटना करने दोनों गुटों के सात आरोपियों की तलाश में पुलिस की दो टीम जगह जगह दबिश दे रही है। बाकी आरोपी भी जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे।

## शहर में आज

- आर्य समाज बुद्धि विहार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा व वेद कथा का आखिरी दिन सेक्टर 4-ए, महर्षि दयानंद वाटिका में सुबह 7:30 बजे
- अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक बैठक लाजपत नगर के डिप्टी जगन्नाथ सिंह सरस्वती शिशु मंदिर में शाम 4:00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छ घर अभियान के तहत संकल्प पत्र सौंपा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के मेरा घर स्वच्छ घर अभियान के अंतर्गत शनिवार को सिविल लाइंस में सांसद रुचि वीरा को स्वच्छता संकल्प पत्र भेंट किया गया। यह संकल्प पत्र वार्ड 13 की स्वच्छता समिति के सदस्य विपिन गुप्ता द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर सांसद ने नगर निगम की पहल की सराहना करते हुए लोगों से अपने घरों को स्वच्छ रखने और कचरा प्रबंधन अपनाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

### हत्यारोपी जफर पर सख्ती, कुर्की की तैयारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना नागफनी पुलिस ने जिगर कॉलोनी निवासी असद के हत्यारोपी डेहरिया मोहल्ला निवासी जफर के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस द्वारा आरोपी के मकान पर न्यायालय के आदेशानुसार धारा 82 का नोटिस पहले ही चस्पा किया जा चुका है। अब पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर उसकी संपत्ति कुर्क करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके लिए न्यायालय में धारा 83 के तहत कुर्की की अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, न्यायालय से अनुमति मिलते ही आरोपी जफर की संपत्ति को चिन्हित कर कुर्की की जाएगी। इसका उद्देश्य फरार आरोपी पर दबाव बनाना और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करना है। गौरतलब है कि जिगर कॉलोनी निवासी असद की हत्या के बाद से आरोपी जफर फरार चल रहा है।

# दिनभर बादलों के साथ सूरज की लुकाछिपी, ठंडी हवाओं से राहत

## सुबह की हल्की बूंदाबांदी से सुहाना हुआ मौसम, दोपहर बाद धूप निकली पर काबू में रही गर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को मौसम ने दिनभर रंग बदलते हुए लोगों को अलग-अलग एहसास कराए। सुबह की शुरुआत हल्की बारिश और ठंडी हवा के साथ हुई, जिससे वातावरण में ताजगी घुल गई। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी ने मौसम को और भी सुहावना बना दिया। सुबह के समय आसमान पर घने बादल छाए रहे, जिससे धूप नहीं निकली और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

दोपहर करीब 12 बजे के बाद मौसम ने करवट ली और सूरज बादलों की ओट से बाहर निकला। हालांकि, धूप निकलने के साथ हल्की गर्मी का एहसास जरूर हुआ, लेकिन लगातार चल रही ठंडी हवा ने लोगों को राहत पहुंचाई। हवा की रफ्तार ने तापमान को संतुलित बनाए रखा, जिससे चिलचिलाती गर्मी का असर देखने को नहीं मिला। दिनभर के उतार-चढ़ाव भरे इस मौसम में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के इस बदले मिजाज ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों और आमजन के चेहरे पर संतोष भी नजर आया। देर शाम तेज हवा चलने से फिर मौसम ठंडा हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी ऐसे ही आंशिक बादल और हल्की बारिश की संभावना बनी रह सकती है, जिससे तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है।



दोपहर में धूप में मुंह ढक कर जाती महिला।

### फूड प्वाइजनिंग और एलर्जी के मरीज बढ़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर में फूड प्वाइजनिंग, पेट संबंधी बीमारियां और एलर्जी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों की मेडिसिन ओपीडी में इन दिनों मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चिकित्सकों के अनुसार करीब 20 प्रतिशत मरीज फूड प्वाइजनिंग के कारण पेट दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार जैसी समस्याओं से ग्रसित होकर पहुंच रहे हैं। वहीं एलर्जी और नेत्र रोग विभाग में भी लगभग 10 प्रतिशत मरीजों की वृद्धि दर्ज की गई है। डॉक्टर के अनुसार सड़क किनारे बिकने वाले खुले खाद्य पदार्थों के सेवन और कम पानी पीने की आदत के कारण लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं। गर्मी में खाने-पीने की चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं, जिससे बैक्टीरिया और वायरस पनपते हैं और संक्रमण फैलाते हैं। इसके अलावा तेज हवा के साथ उड़ रही धूल एलर्जी के मामलों को बढ़ा रही है। मरीजों में छींक, आंखों में जलन, नाक बहना और बदन दर्द जैसे लक्षण आम हो गए हैं।

### पेट संबंधी बीमारियों के मरीज अधिक

जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इन दिनों पेट संबंधी बीमारियों के मरीज अधिक आ रहे हैं। केवल ताजा और स्वच्छ भोजन करें, बासी या खुले में रखे खाद्य पदार्थों से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। शरीर में खनिजों की कमी से बचने के लिए ओआरएस घोल का सेवन और ताजे फल-सब्जियों को आहार में शामिल करना जरूरी है।

## कसाना की शानदार पारी से यक्ष क्रिकेट क्लब की जीत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को जीआरपी-11 और यक्ष क्रिकेट क्लब के बीच टी-20 मुकाबला खेला गया। जीआरपी-11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 167 रन बनाए।

जीआरपी की ओर से अर्पित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 55 रन बनाए। उनके अलावा मुकुल ने 24 रन और रोहित यादव ने 22 रन का योगदान देकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यक्ष क्रिकेट क्लब की टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। टीम ने 19.4 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

यक्ष की ओर से कसाना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 68 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। उनके अलावा सोहित पुष्पक ने 27 रन और कपिल ने 20 रन बनाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पुनरुत्थान पर्व की पूर्व संध्या पर विशेष प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित मिशन कंपाउंड में प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान (दोबारा उठने) की पूर्व संध्या पर शनिवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने श्रद्धा भाव से प्रभु का स्मरण किया। सभा की शुरुआत पादरी रोहित मैसी ने प्रार्थना से की, जबकि पादरी बृजेश मैंसल ने पवित्र वचन सुनाते हुए कहा कि परमेश्वर ने मानव जाति के पापों के लिए स्वयं को कुर्बान किया, ताकि लोग पापों से दूर रहकर उनके बताए मार्ग पर चल सकें और अपना जीवन सुखमय बना सकें।

उन्होंने सभी से अपने जीवन को पवित्र और अनुशासित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। श्रद्धालुओं ने परमेश्वर के वचन को सुनकर आशीष प्राप्त की। वहीं, ईस्टर रविवार की भोर में आयोजित होने वाली ईस्टर सनराइज सर्विस को लेकर भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर ईसाई समाज के लोग अपने-अपने क्षेत्रों से जुलूस के रूप में प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी मनाते हुए गीत-संगीत और जयघोष के साथ मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रांगण में एकत्रित होंगे, जहां सामूहिक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर अंतिम सिंह, अभिषेक विल्सन, जौनी राठौर, आकाश एडवार्ड, आकाश रोबर्ट, शैली, प्रीति सिंह, नीरज एडवर्ड, अमित राजन, मैथ्यूज आर मैसी, दीप सिंह आदि रहे।



रंग बिरंगी रोशनी से सजा फिलिप्स

- **ईस्टर सनराइज सर्विस को लेकर जुलूस की तैयारियां, श्रद्धालुओं में उत्साह**

# श्रीराम का हर कार्य मर्यादा को रहा समर्पित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आर्य समाज बुद्धि विहार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा व वेद कथा के दूसरे दिन शनिवार को सुबह आर्य पुरोहित पंडित लालकिशारे शास्त्री ने सीबीआई के अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार-पूनम रानी, कुनाल बाधवा-सुरभि बाधवा, नरेश आर्य -ममता आर्य, अभिनंदन त्यागी -शिखा त्यागी, लोकेश आर्य -सोनी आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ कराया।

आर्य मनीषी सुमित्र अगिंस्त ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श और अनुकरणीय जीवन की शिक्षाओं के बारे में बताया। कहा कि भगवान राम के जन्म और जीवन में श्रृंगऋषि के विशेष यज्ञ, गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में यज्ञ परंपरा से ओतप्रोत जीवन प्रणाली का विशेष महत्व था। श्रीराम का हर कार्य मर्यादा और परोपकार के लिए रहा। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि और साहित्यकार रामसिंह निशंक ने की।

इस दौरान अम्बरीष त्यागी, पूनम शास्त्री, नीरज त्यागी, प्रभु शास्त्री, महिमा शास्त्री, सार्थक अग्रवाल, सुमित, लोकेश आर्य, सोनी आर्य, कुलदीप वाधवा, शिम्मी वाधवा, पार्षद कविता गुप्ता, रमेश सिंह आर्य, जयराम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



श्रीराम कथा व वेद कथा में हवन करते लोग • अमृत विचार

- **तीन दिवसीय श्रीराम कथा**

# भारतीय किसान संघ ने जैविक खेती का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुद्धि विहार में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय विजय निकेतन में शनिवार को भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक हुई। इसमें भारतीय किसान संघ के प्रांत पालक व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य हरपाल सिंह डागर मुख्य अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण व भारत माता व भगवान बलराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जैविक खेती के बारे में चर्चा की गई। गो, गंगा व जैविक खेती के संरक्षण की अपील की गई। मुख्य अतिथि ने भारतीय किसान संघ की नीतियों पर प्रकाश डालकर ग्राम समिति के गठन पर जोर दिया। कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह से लाई गई खेतों की मिट्टी का पूजन कर भूमि सपोषण कार्यक्रम मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी ओमवीर सिंह ने और संचालन शिवराज सिंह राठी जिला उपाध्यक्ष ने किया। बैठक में संगठन मंत्री सुनील कुमार, विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद्र, मेरठ प्रांत उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, प्रांत मंत्री जितेंद्र चौधरी, प्रांत प्रचार प्रमुख तेजभान सिंह राघव, जिला कोषाध्यक्ष हेम चंद्र, जिला उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, दीपक चौधरी, जिला प्रचार प्रमुख पवन कुमार कोहली, जिला युवा प्रमुख आकांश चौधरी, जिला जैविक प्रमुख, जिला गन्ना प्रमुख तथा जिलाध्यक्ष रामपुर वीरेश शर्मा, डिलारी ब्लॉक अध्यक्ष उमेश यादव, छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष, बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष, बिलारी ब्लॉक प्रचार प्रमुख विजय यादव, सतनाम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

- **गौ, गंगा व जैविक खेती के संवर्धन व संरक्षण की अपील**



मासिक बैठक के दौरान मौजूद लोग। • अमृत विचार

# लाभार्थियों को वितरित किए राशनकार्ड



कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ नगर विधायक रितेश गुप्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पूर्ति विभाग के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन में पात्र पाए गए गरीब परिवार के लाभार्थियों को शनिवार को पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वितरित किया गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता ने जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में लाभार्थियों को कार्ड बांटा।

नगर विधायक ने कहा कि सरकार की खाद्यान्न योजना का लाभ गरीब परिवारों को पारदर्शिता से मिल रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने निशी देवी, छाया, विकल कुमारी, सरिता देवी, कविता, ऊषा, कविता सैनी, लक्ष्मी देवी, रश्मि सैनी, काजल वर्मा, दिव्या, निधि, रीना, मिथिलेश सहित कई अन्य लाभार्थियों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वितरित किया। जिसे पाकर लाभार्थी व उनके परिवार के सदस्य खुश हुए।

जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि योजना से वंचित गरीब परिवारों के द्वारा आनलाइन प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर पात्र पाए जाने पर उनका पात्र गृहस्थी राशनकार्ड बनाकर वितरित किया गया। इन्हें राष्ट्रीय खाद्यान्न योजना का लाभ दिया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के अलावा पूर्ति विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

- **पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित**

## ब्लैक व ग्रीन टीम का दमदार प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मैदान पर खेले जा रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग में शनिवार को खिलाड़ियों ने प्रभावित किया। पहला मुकाबला डीएसए रेड और डीएसए ब्लैक के बीच खेला गया, जिसमें रेड टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 205 रन बनाए।

ब्लैक के बल्लेबाजों ने बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए लक्ष्य को 34 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। दूसरे मुकाबले में डीएसए ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 222 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएसए ब्लू की टीम दबाव में बिखर गई और 28 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। ग्रीन टीम की गेंदबाजी और फील्डिंग ने इस जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। अंपायरिंग जेपी सिंह और निखिल कुमार और दूसरे में दीपक कुमार और शिवम सिंह ने की। स्कोरिंग की जिम्मेदारी मोहम्मद हसीन और कृष्णा यादव ने संभाली। इस अवसर पर डीएसए सचिव विजय गुप्ता, कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, प्रदीप टंडन, वैभव त्रिवेदी, डॉ. कुशल पाल सिंह, नजाकत अली आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन व पुलिस के रडार पर सोशल मीडिया पर प्रसारित तथ्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया माध्यमों पर प्रसारित खबरों की मॉनिटरिंग प्रशासन और पुलिस कर रही है। महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामलों को भी वास्तविक जानकारी की पुष्टि के बगैर सनसनीखेज बनाया जा रहा है।

डीएम अनुज सिंह और एसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि नकारात्मक मानसिकता के चलते जिले की शांति और कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास गलत है। व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अभिव्यक्ति, घटना अथवा किसी मुद्दे को उठाने के सशक्त माध्यम हैं परन्तु प्रसारित करने वाले व्यक्ति की नैतिक, सामाजिक और राष्ट्रहित के दृष्टिगत यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि अपने विचार साझा करने से पहले घटना की वास्तविकता से भलीभांति परिचित हो जाएं। वर्तमान में एआई एक ओर जहां प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक रूप से सहयोगी बन रहा है वहीं दूसरी ओर इसके माध्यम से दुष्प्रचार करने और छवि धूमिल करने की घटनाओं को देखते हुए शांति और कानून व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसमें सतर्कता और जिम्मेदारी जरूरी है। ऐसा न करने वालों पर कठोर कारवाई की जाएगी।

- **छवि धूमिल करने के आरोपियों पर होगी सख्ती**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक :-10/न.पा.परि.ह./2026-27 दिनाक :-04.04.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगरीय झील/तालाब पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार/फर्मो/ से विकास कार्य हेतु ई-निविदायें दिनाँक 06.04.2026 से दिनाँक 21.04.2026 समय दोपहर 03.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है जो दिनाक 21.04.2026 को ही अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओ की उपस्थिति मे https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-टेण्डरिग से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E-bid reference No. | 10/न.पा.परि.ह./2026-27 | | |
| 2 | Tender Release | | 06.04.2026 | |
| 3 | | Tender Download/ Uploaded | 06.04.2026 | प्रातः 10 बजे |
| 4 | Close for Bid | | 21.04.2026 | सायं 03 बजे |
| 5 | Bid Opening | Technical | 21.04.2026 | सायं 04 बजे |
| 6 | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर |

अधिशासी अधिकारी न.पा.परि. हसनपुर। अध्यक्ष न.पा.परि. हसनपुर।





ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### मकान के पीछे खोदी खाई, पहुंचा नुकसान

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर बहाउद्दीन निवासी लवी कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह गांव में रहता है। दो माह पहले उसने अपना मकान बनाया है। बताया कि उसका पड़ोसी बाबू का एक प्लॉट उसके मकान के पीछे है। बाबू, सुरेश और अजीत ने उसके मकान के पीछे 7 फीट गहरी खाई खोद दी। जिससे उसके मकान का पिछला हिस्सा और छत गिर गई और 300000 का नुकसान हो गया। आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग को ले जाने में पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** युवती के भाई ने बिलारी कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह संभल का रहने वाला है। बिलारी कोतवाली क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर परिवार के साथ पथाई का काम करता है। आरोप लगाया कि 29 मार्च की रात लगभग 10 :30 बजे भट्ठे का चौकीदार गौतम पुत्र धर्मवीर निवासी अबूपुरा खुर्द उसे अपने साथ बहला फुसला कर ले गया है। आरोप लगाया कि जब आरोपी के पिता धर्मवीर से शिकायत की तब उसने जान से मारने की धमकी देते हुए बेटी को वापस करने से मना कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में मौत में ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव माधोवाला निवासी महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा सुमित 24 मार्च को शाम करीब 7 बजे राजगिरी का कार्य कर पैदल घर लौट रहा था। उनके साथ हरिओम पुत्र विजयपाल भी मौजूद था। जैसे ही दोनों गांव के पास सड़क के किनारे कच्चे रास्ते पर पहुंचे, तभी ढकिया की ओर से तेज गति और लापरवाही से आ रहे लाल रंग के स्वराज ट्रैक्टर ने सुमित कुमार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि सुमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। पिता की तहरीर को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

# हाईवे की जमीन पर कब्जा करने वाले बुलडोजर चलाकर खदेड़े

## प्रशासन की सख्त कार्रवाई से मचा हड़कंप, अवैध बने मकान और दुकान किए ध्वस्त

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव फौलादपुर में निर्माणाधीन हाईवे और ग्राम समाज की जमीन पर वर्षों से जमे अवैध कब्जों को शनिवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर जमींदोज करा दिया। कार्रवाई से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने विरोध भी किया और अधिकारियों से तीखी नोकझोंक हुई, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि सरकारी जमीन पर कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध के बावजूद जेसीबी मशीनों ने एक-एक कर अवैध मकान और दुकानों को ध्वस्त कर दिया।

हाईवे किनारे ग्राम समाज और एनएच की जमीन पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर पक्के निर्माण कर



नेशनल हाईवे की भूमि को कब्जामुक्त कराने के दौरान अधिकारियों से हुई नोकझोंक।

लिए गए थे। इनमें एक पूर्व प्रधान सहित कई लोगों के नाम सामने आए हैं। शिकायतों के बाद प्रशासन ने जांच कराई और करीब छह महीने पहले पैमाइश कर भूमि को चिन्हित करते हुए कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए गए थे। चेतावनी दी थी कि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया तो ध्वस्तीकरण होगा।

इसके बावजूद कब्जाधारियों ने जमीन खाली नहीं की। शनिवार को प्रशासन, एनएचआई और पुलिस की संयुक्त टीम पहुंची और बुलडोजर चला दिया।

पूरी कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। ग्राम प्रधान रहीस अहमद ने बताया कि यह जमीन ग्राम समाज की थी, जिसका उपयोग पहले कूड़ा निस्तारण के लिए होता था, लेकिन धीरे-धीरे इस पर अवैध कब्जे हो गए। अब हाईवे निर्माण के चलते यह जमीन बाधा बन रही थी, जिसे खाली कराना अनिवार्य हो गया था।

वहीं एनएचआई के इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि हाईवे की जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक प्रार्थना विद्यालय का हिस्सा, पूर्व प्रधान हाजी दिलशाद, छिद्धा अहमद, बाबू की दुकान, जावेद सैफी, नन्हे शाह समेत कई लोगों के निर्माण हटाए गए हैं। साथ ही करीब एक दर्जन से अधिक अन्य कब्जाधारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए एक सप्ताह का समय दिया गया है कि वे स्वयं कब्जा हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ भी बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।

# वार्षिकोत्सव में नन्हे सितारों ने मचाई धूम



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे। • अमृत विचार

संवाददाता कुंदरकी

**अमृत विचार।** एडवांस किसान स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हे मुन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि स्व. हाजी शरीफ़उद्दीन ने क्षेत्र में यह शिक्षा संस्थान बच्चों को शिक्षित एवं योग्य बनाने को खोला था, जो अपना उद्देश्य पूरा कर रहा है। बिलारी विधायक मुहम्मद फहीम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम प्रतिभाओं को निखारने का काम करते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने देश भक्ति गीत, भजन, गजल, कव्वाली भाषण के अलावा आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों को अतिथियों ने मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अफसर पर मर्चेंट नेवी ऑफिसर रेहान अशरफ़, हाजी मुहम्मद इरफान, हाजी नवाब हुसैन आसिफ़ इक़बाल, अफरोज पाशा, हाजी हनीफ, सभासद नजीर अहमद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता आसिफ इकबाल एडवोकेट ने की। संचालन निशा सैफी और गाजिया काज़मी ने किया। अंत में एडवांस किसान पब्लिक स्कूल के मैनेजर एडवोकेट आरिफ पाशा ने सभी का आभार जताया।

# घरेलू विवाद में विवाहिता पर किया जानलेवा हमला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

• पति, सास-ससुर सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर में घरेलू विवाद के चलते एक विवाहिता पर ससुराल पक्ष द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिजनौर के थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव जयनगर निवासी भारत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने पुत्री नीरज की शादी करीब सात वर्ष पूर्व दिनेश सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम शरीफनगर, थाना ठाकुरद्वारा के साथ की थी। विवाहिता के दो बच्चे हैं। आरोप है कि ससुराल पक्ष पूर्व में भी नीरज के साथ मारपीट कर चुका है, जिसे उस समय समाज के संभ्रांत लोगों के हस्तक्षेप से समझौते के जरिए निपटा दिया गया था।

3 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे किसी घरेलू बात को लेकर नीरज और ससुरालियों में कहासुनी हो गई। विरोध करने पर ससुर बलवीर सिंह, पति दिनेश सिंह, देवर मनोज तथा सास सुमित्रा ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में नीरज के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

सूचना मिलने पर पिता पुत्री की ससुराल पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि उसे गंभीर हालत में तेजस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर पति सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली रैली में कांठ-छजलैट के शिक्षकों ने की भागीदारी

**कांठ, अमृत विचार:** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में विशाल रैली हुई। जिसमें देशभर से हजारों शिक्षकों ने भाग लिया। महारैली में विभिन्न संगठनों ने जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा कि यदि शिक्षक विरोधी निर्णय वापस नहीं लिया तो इसका असर चुनावों में दिखेगा। रैली में कांठ छजलैट के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। ब्लॉक अध्यक्ष आदर्श त्यागी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक दिल्ली पहुंचे। प्रांतीय उपाध्यक्ष ठाकुर रविंद्रपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, ब्लॉक मंत्री बृजेन्द्र विश्नोई, उदयवीर, बबीता रवि, अनुराग, नितिन राव, सत्यवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, रवि प्रकाश आदि रहे।

# 10 के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

संवाददाता, भोजपुर

• एसएसपी के आदेश पर 21 साल बाद लिखी गई रिपोर्ट

**अमृत विचार :**एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने 21वर्ष बाद दस लोगों के खिलाफ ऋण दिलाने के नाम पर वाल्मीकि जाति के गरीब व्यक्तियों की आराजी कास्त का षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी व हेराफेरी से रजिस्टर्ड बैनामा कराने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया है। केस की विवेचना डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह कर रहे हैं।

एसएसपी सतपाल अंतिल को दी तहरीर में कस्बे के मोहल्ला बाल्मीकि बस्ती निवासी रामस्वरूप पुत्र बब्बन ने बताया है कि वह जाति से वाल्मीकि है जो अनुसूचित जाति के अन्तर्गत आती है। प्राथी की मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्यागी पेट्रोल पंप भोजपुर के सामने आराजी गाटा सं.502/2 रकबा 0.101 हेक्टेयर व गाटा सं.1211/8 रकबा 8.114 हेक्टेयर व गाटा सं.1211/6 रकबा 0.097 हेक्टेयर तीन किते कुल रकबा 0.316 हेक्टेयर स्थित है। मोहल्ला कसाईबाड़ा जामा मस्जिद निवासी मौहम्मद सद्दीक पुत्र मौहम्मद यासीन व उसके पिता मौ० यासीन पुत्र अब्दुल अजीज व जमील व रईस व मौ हनीफ पुत्रगण मौ यासीन एवं ठाकुरद्वारा के मोहल्ला फतेहउल्लागंज निवासी रजा अहमद खान व राशिद खान पुत्र मुख्त्यार अहमद खान, राशिद पुत्र अब्दुल गफ्फार, शकील पुत्र अब्दुल हकीम व शाकिर पुत्र साबिर बहुत ही चालाक, हेकड़, धनबली व बाहुबली संगठित भूमाफिया किस्म के व्यक्तियों ने है। गरीबी व मजबूरी का अनुचित लाभ उठाकर सुअर पालन हेतु ऋण दिलाने की कृपा दृष्टि करने का विश्वास दिलाकर छल-कपट व हेरा फेरी व धोखाधड़ी से उपरोक्त वर्णित आराजी का वर्ष 2001 में कुछ कागजात पर निशानी अंगूठे, हस्ताक्षर कराकर मौ सद्दीक पुत्र मौ यासीन ने अपने पिता मौ. यासीन पुत्र अब्दुल अजीज के हक में करीब 25 वर्ष पहले 7 जून2001 को तथाकथित बैनामा पंजीकृत करा लिया। तथाकथित बैनामे की जानकारी होने पर प्रार्थी ने विपक्षीगण के विरुद्ध कार्यवाही के लिए प्रशासन से पत्राचार किया पर दबंगों व भूमाफियाओं के खिलाफ कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। जिससे दबंग धनबली व बाहुबली सगठित व षड्यंत्रकारी भूमाफियाओं द्वारा आराजी को हड़पने व हक मारने की नीयत से कराये गये तथाकथित बैनामें के परिपेक्ष्य में अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की। एसएसपी के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक ने 10 अभियुक्तों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से जमीन का बैनामा कराने, जान से मारने की धमकी देने एवं एससी-एसटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया है। जांच सीओ ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### जिला महामंत्री ओमपाल सिंह सैनी का फूल मालाओं से स्वागत



**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** नगर मंडल ठाकुरद्वारा स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिला महामंत्री ओमपाल सिंह सैनी का स्वागत किया गया। उनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान नगर मंडल की कार्यकारिणी ने एकजुट होकर ओमपाल सिंह सैनी का फूल–मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि उनकी मेहनत, लगन और संगठन के प्रति समर्पण के चलते ही उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, डॉ. आफताब हाशमी, बिलारी मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह, हेमेंद्र प्रताप सिंह, संजीव चौहान, टिल्लू सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।



### सेंट मैरीज-डे एकेडमी में वार्षिक परिणाम घोषित

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित सेंट मैरीज–डे एकेडमी मोहल्ला पट्टीवाला कांठ में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को घोषित हुए वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को शील्ड एवं मैडल देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ कक्षा 5 की छात्रा भावना ने 93 .22 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया।अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुमित मुखर्जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### परिषद में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार।** नागरिक परिषद की बैठक में सरकार की नई शिक्षा नीति के तहत एनसीईआरटी की पाठ्य–पुस्तकें विद्यालयों में लगवाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के बाद उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में कहा हर विद्यालय के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकें लगाना अनिवार्य है और कक्षा दो तक पुस्तकों से मुक्त प्ले स्कूल के तहत पढ़ाना है लेकिन विद्यालयों के द्वारा इस नीति का क्रियान्वयन नहीं हो रहा। डॉ राकेश सक्सेना ने कहा सभी विद्यालयों में प्रकाशकों की पुस्तक लगाई जा रही हैं। आरोप लगाया छात्रों से मनमानी फीस ली जा रही है प्रवेश के नाम पर अलग से ले रहे हैं। इसके अलावा सहसपुर ग्राम पंचायत में हाईवे पर नाले की वजह से जल भराव होने की समस्या को भी प्रमुखता से रखा। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को जल भराव की समस्या को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 41 में से चार शिकायतें निस्तारित



**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 41 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से मौके पर मात्र चार शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया। समाधान दिवस में एसडीएम विनय सिंह ने जन समस्याएं सुनीं। जिनमें राजस्व विभाग की 12, आपूर्ति विभाग की नौ, विकास विभाग की पांच, विद्युत विभाग की 6 ,पुलिस विभाग की चार और अन्य विभाग की पांच शिकायतों समेत कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान खंडुवा गांव के ग्रामीण विद्युत समस्या को लेकर समाधान दिवस में पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम से कहा कि उनके गांव में विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं है। लगातार शिकायतों के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पाया है। जिसके बाद एसडीएम ने एसडीओ विद्युत को शुक्रवार तक समस्या का समाधान करने की निर्देश दिए हैं। दिवस में तहसीलदार प्रवीण कुमार के अलावा खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह समेत सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों को दी उन्नत खेती की जानकारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से शनिवार को गन्ने की फसल में उन्नत तकनीकों के प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम रामूवाला शेखू में किसान बिजेंद्र सिंह के खेत पर प्रक्षेत्र परीक्षण प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों को फसल की उत्पादकता बढ़ाने और रोग-कीट नियंत्रण के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई।

केंद्र प्रभारी ने किसानों को गन्ने की फसल में संतुलित उर्वरक प्रबंधन के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही मात्रा और समय पर उर्वरकों का प्रयोग करने से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि होती है। वहीं पादप सुरक्षा विषय के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को बीज शोधन की अहमियत समझाई। उन्होंने कहा कि बीज शोधन से फसल को शुरुआती अवस्था में लगने वाले रोगों और कीटों से बचाया जा सकता है, जिससे बेहतर अंकुरण और स्वस्थ पौध विकास सुनिश्चित होता है।




कृषि वैज्ञानिक नई तकनीकी से गाने की बुवाई कराते वैज्ञानिक। • अमृत विचार

• कृषि विज्ञान केंद्र ने गन्ने की फसल पर किया प्रक्षेत्र परीक्षण प्रदर्शन

वैज्ञानिकों की देखरेख में बिजेंद्र सिंह के गन्ने के बीज का शोधन कार्बेंडाजिम 50 प्रतिशत और क्लोरोपाइरीफॉस 50 प्रतिशत से कराया गया। गन्ने में तना छेदक व अन्य हानिकारक कीटों के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए क्लोरांट्रानिलिप्रोल (दानेदार) 0.4 प्रतिशत के उपयोग किया गया।

# टीबी जांच को 101 मरीजों की हुई स्क्रीनिंग

**कांठ, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में टीबी क्षय रोग की जांच के लिए हाई रिस्क व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए एक्स-रे कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 101 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई तथा सभी के एक्स-रे भी किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को टीबी के प्रति जागरूक भी किया गया और समय पर जांच व उपचार कराने की सलाह दी गई। कैंप में डॉ. जगवीर सिंह, निहाल खान, एक्स-रे टेक्नीशियन प्रदीप, लैब टेक्नीशियन रणवीर सिंह, सीएचओ अरविंद सहित ग्राम सलेमपुर की आशा कार्यकत्रियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# अवैध टेंपो संचालन से बढ़ रहा हादसों का खतरा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

• परमिट, टैक्स और बिना फिटनेस के हो रहा संचालन, राजस्व को नुकसान

**अमृत विचार:** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे टेंपो वाहनों को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि काशीपुर (जनपद ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड) नंबर के करीब 100 टेंपो बिना परमिट, बिना टैक्स और बिना फिटनेस के संचालित हो रहे हैं। इन अवैध टेंपो के कारण जहां एक ओर दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है, वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार को राजस्व का भारी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

आरोप है कि ये टेंपो चालक बस स्टैंडों और सड़कों पर दबंगई दिखाते हुए बसों की सवारियों को जबरन अपने वाहनों में बैठा लेते हैं। विरोध करने पर मारपीट और अभद्रता की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं, जिससे बस संचालकों और यात्रियों में भय है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इन टेंपो वाहनों के परमिट केवल काशीपुर नगर निगम क्षेत्र तक ही मान्य हैं, इसके बावजूद वे उत्तर प्रदेश की सीमा में अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। कई बार चालान होने के बावजूद इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। नगर निकासी इकराम , विनोद सक्सेना, गुलफाम, हाजी अनवर ने प्रशासन से मांग की गई है कि ऐसे अवैध टेंपो वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ठाकुरद्वारा क्षेत्र में इनके प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

# गाड़ी की किस्त जमा न करने पर मुकदमा दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी नंदा निवासी दुष्यंत कुमार ने डीआईजी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसने बोलेरो पिकअप किस्तों पर ली थी। कुछ समय बाद वह बीमार हो गया। जिसकी वजह से वह गाड़ी नहीं चला पाया और उसने गाड़ी संभल जिले की तहसील गुन्नौर के गांव शाहपुर निवासी रतन सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह को 125000 में नगद बेच दी। रतन सिंह ने उससे कहा कि वह गाड़ी का लोन जमा कर देगा, इसके बाद गाड़ी को अपने नाम ट्रांसफर करवा लेगा। पीड़ित ने बताया कि महिंद्रा कंपनी की तरफ से उसे चार लाख 31 हजार रुपए बकाया लोन का नोटिस आया तब जानकारी करने पर पता चला कि रतन ने लोन जमा नहीं किया जब उसने उसे फोन किया तब बहाने बाजी करने लगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0765394 तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0639530 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह निवासी फजलपुर दिलारी मुरादाबाद उ.प्र.

### सूचना

मेरे हाई स्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0807608 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0585357 के प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र खो गए हैं। रजनी पुत्री कृष्ण पाल केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रकाश पर्व पर आज से होगा अखंड पाठ

**अमृत विचार, रामपुर :** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में रविवार को सुबह 9 बजे से अखंड पाठ साहब शुरु होगा। प्रभात फेरी गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा से शुरु होकर गुरु गोविंद सिंह पार्क, मंदिर वाली गली, गुरुद्वारा सिंह सभा, गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार होते हुए पूर्वाह्न 11:30 बजे गुरुद्वारा संत भाई जी पहुंचेगी। गुरुद्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने बताया कि इसके बाद निशान साहिब का चोला बदलने की सेवा होगी और गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 को रात्रि दीवान रात 8 बजे से 10 बजे तक जबकि, 7 को सुबह 9 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति होगी इसके बाद 10:15 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक शबद कीर्तन और अरदास होगी इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

### मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण आवेदन 10 तक

**रामपुर, अमृत विचार :** निदेशक आरसेटी देशराज मीणा ने बताया कि नैनीताल रोड पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं एवं युवतियों के लिए 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ होगा। इसके लिए 10 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें से 25 सीटें ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब युवाओं के लिए आरक्षित हैं। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है, क्योंकि सीटें सीमित हैं।

### घायल गोवंश का उपचार कराया

**शाहाबाद, अमृत विचार :** ग्राम गदमर में दो गोवंश घायल अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। अखिल भारतीय गो रक्षा महासंघ की टीम मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सक को बुलाकर दोनों का उपचार कराया गया। जानकारी के अनुसार, गांव में एक गोवंश के पैर में गंभीर चोट लगी हुई थी, जबकि दूसरी गाय भी अस्वस्थ थी। ग्रामीणों की सूचना पर जिला अध्यक्ष दिनेश चौहान और जिला उपाध्यक्ष देशपाल सिंह ऊर्फ पिंटू सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। टीम ने पशुधन चिकित्सा अधिकारी डॉ. यादवेंद्र सिंह को बुलाया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों गोवंश का उपचार किया।

# हाईवे चौड़ीकरण के लिए राजस्व कर्मियों ने की पैमाइश

संवाददाता, बिलासपुर

- एनएचएआईके अनुरोध पर तहसीलदार के निर्देश पर कार्य

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के लिए सड़क की पैमाइश शुरू हो गई है। राजस्व विभाग की टीम ने नगर क्षेत्र में सड़क की पैमाइश की। यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुरोध पर तहसीलदार के निर्देश पर की जा रही है।

राजस्व निरीक्षक प्रेमलाल और लेखपाल यशपाल चौधरी समेत राजस्व टीम ने नगर क्षेत्र में हाईवे की सड़क पर फीता डालकर पैमाइश की। लेखपाल ने बताया कि तहसीलदार ने इस पैमाइश के निर्देश दिए थे। रामपुर-काठगोदाम नेशनल हाईवे पर नगर क्षेत्र के बाहर लगभग सात किमी. लंबा बाईपास बनाया गया है। इस बाईपास के दोनों छोरों पर जीरो प्वाइंट स्थित हैं। इन दोनों जीरो प्वाइंटों को जोड़ते हुए नगर के भीतर से गुजरने वाली सड़क वर्तमान में संकरी है। इसके चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए कृषि राज्यमंत्री ने शासन से प्रस्ताव और धनराशि स्वीकृत कराई है। चौड़ीकरण कार्य शुरू हो चुका है। नगर के भीतर चौड़ीकरण से पहले एनएचएआई यह पैमाइश करा रहा है ताकि भविष्य में कोई विवाद उत्पन्न न हो। हसीलदार शिवकुमार शर्मा ने बताया कि एनएचएआई के अनुरोध पर राजस्व अभिलेखों के अनुसार पैमाइश कराई जा रही है।

## आसमान में बादल देख किसानों की धड़कनें बढ़ी

# रात में झमाझम बारिश, सुबह से छाए रहे बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मौसम वैज्ञानिक जता रहे हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

**अमृत विचार :** शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि गरज के साथ बारिश हुई। शनिवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। आसमान में बादल देख किसानों के दिल की धड़कन बढ़ी हुई है। बारिश से किसानों की पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर सकता है। मौसम वैज्ञानिक 5 अप्रैल तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जता रहे हैं। शुक्रवार की सापेक्ष शनिवार को अधिकतम तापमान 3 डिग्री लुढ़क कर 27 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है।

रात हुई बारिश से सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया जिसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को आसमान में बादल देख किसानों के दिल की धड़कन बढ़ी हुई है। देर रात को हुई बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। खेतों में गेहूं, सरसों, मसूर और चने की फसल तैयार खड़ी है। दो-चार दिन में गेहूं की कटाई शुरू हो जाएगी। पकी-पकाई फसल पर बारिश होने से किसान की पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। अधिकांश किसानों ने बैंकों और महाजनों से कर्ज लेकर गेहूं की फसल तैयार की है। किसान मोहम्मद अहमद ने बताया कि इस वर्ष गेहूं की फसल अच्छी हुई है यदि पकी-पकाई फसल पर बारिश हो गई तो किसान की मेहनत बेकार चली जाएगी।


शुक्रवार की रात हुई बारिश के बाद सड़क के गड्ढों में भरा पानी। • अमृत विचार

### एक नजर में मौसम

अधिकतम तापमान- 27 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम तापमान- 19 डिग्री सेल्सियस
आर्द्रता- 41 प्रतिशत
वायु वेग- 8 किमी. प्रतिघंटा

5 अप्रैल को गरज चमक व तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम वर्षा की संभावना है। अचानक 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकता है।
– डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय मेरठ।

# यूजी-पीजी से महंगी छोटी कक्षाओं की पढ़ाई

## अभिभावक बोले, कई स्कूलों में प्रवेश शुल्क के वसूले जाते हैं 10 से 20 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्राइवेट स्कूल संचालक प्रवेश के नाम पर जनता की जेब जमकर खाली कर रहे हैं। यूजी और पीजी से भारी बच्चों की स्कूलिंग पड़ रही है। केजी से लेकर स्कूलिंग की फीस बीटेक के बराबर और एलएलबी की पूरे वर्ष की फीस से अधिक वसूली हो रही है।

इसमें कक्षा-3 के बच्चे की फीस की बात करें तो एक बच्चे से करीब 4 से 5 हजार रुपये ली जा रही है जो कि सालभर के 55 से 60 हजार रुपये होते हैं। इसके अलावा कई स्कूलों में प्रवेश शुल्क के नाम पर 10 से 20 हजार रुपये पहले लिए जाते हैं। निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदे जाने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है जो कि, एनसीईआरटी से कई गुना महंगी हैं।

प्राइवेट स्कूलों में केजी की पढ़ाई सरकारी स्कूल के स्नातकोत्तर से कई गुना महंगी है। निजी प्रकाशकों की किताबें बहुत महंगी हैं। निजी स्कूलों में कॉपी, किताब, ड्रेस और जूते स्कूलों की अनुबंधित दुकानों से खरीदना अभिभावकों की मजबूरी बना हुआ है। राहे रजा स्थित एक स्कूल में कक्षा तीन के बच्चे की फीस रसीद दिखाते अभिभावक ने बताया कि एक महीने की फीस 4 से 5 हजार रुपये ली गई है। साल भर की फीस 55 से 60 हजार रुपये है। प्राइवेट कॉलेज से एलएलबी करने पर 8000 रुपये प्रति सेमेस्टर फीस जाती है। एक साल में दो सेमेस्टर होते हैं पूरे साल के 16000 हजार फीस जमा होती है।

- केजी से पांचवीं तक सालभर की फीस 55 से 60 हजार रुपये



मिस्टन गंज स्थित पुस्तक विक्रेता की दुकान पर कोर्स खरीदने को लगी अभिभावकों की भीड़। • अमृत विचार


स्कूलों में फीस हर साल बढ़ रही है। कोर्स भी बहुत महंगा हो गया है एनसीईआरटी की किताबों से बच्चों को पढ़ाया जाए। ताकि, अभिभावकों को किताबें सस्ती मिलें – शिवम कुमार


निजी स्कूलों में मनमाने ढंग से फीस बढ़ा दी जाती है। जिलाधिकारी ने स्कूल संचालकों और प्रधानाचार्यों की बैठक में फीस नहीं बढ़ाने के लिए कहा था लेकिन, कुछ नहीं हुआ। – हरदीप सिंह

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा बताती हैं कि एमए की पूरे साल की फीस 1400 रुपये ली जाती है। पढ़ने वाले कॉलेज की लाइब्रेरी से किताबें इश्यू करा लेते हैं। कुछ स्कूलों ने कॉपी-किताबें स्कूल में ही बेचना शुरू कर दी है।

हरदीप सिंह बताते हैं कि कक्षा 7 सात की एक किताब 700 रुपये की है।


निजी स्कूलों में मनमाने तरीके से फीस वसूली जा रही है। निजी स्कूलों में फीस का कोई मानक नहीं है जिसके कारण अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ गया है। – मारूफ


निजी स्कूलों में फीस बहुत बढ़ा दी गई है। इसके अलावा कोर्स भी बहुत महंगा है। स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई कराई जा रही है जोकि बहुत गलत है। – जावेद मियां

निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जो स्कूल संचालक पकड़ में आएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
– अंजलि अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक

बताते हैं कि निजी स्कूलों में फीस, ड्रेस और पुस्तकों के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश का 2018 शुल्क अधिनियम भी प्रभावी नहीं है। प्रशासन को कानून का पालन कराना चाहिए।

# रामपुर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग तेज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बैठक में की चर्चा

**अमृत विचार:** शनिवार को तिलक कॉलोनी स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय पर व्यापारियों ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में बैठक कर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि रामपुर में जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मेडिकल शिक्षा मिलेगी तो इससे युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा। कहा कि इलाज के अभाव में हजारों मरीजों की जान जिला चिकित्सालय से रेफर होने के दौरान चली जाती है। जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगों के डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता परेशान है। उद्यान विभाग की अलीगंज बेनजीर गाटा संख्या-476, 481, 482, 483 व 122 जमीन बाग गुलजार ग्राम जगतपुर में है, इस जमीन को मेडिकल कॉलेज के लिए चिन्हित किया गया था। इस पर दिनांक 7 दिसंबर 2021 को रिपोर्ट तैयार कर ली गई।

उसके बाद रिपोर्ट 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रामपुर को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया गया। उसके बाद 14 दिसंबर 2021 को डीएम कार्यालय में रिपोर्ट दी गई। 22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण मेडिकल कॉलेज के लिए करने के लिए पत्र लिखा गया। लेकिन आज तक उस पत्र का जवाब नहीं आया है। मामले में व्यापारी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भी मिल चुकी हैं। बैठक में संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा जिला प्रचार मंत्री, यासीन प्रचार मंत्री, मिलन सक्सेना जिला सचिव, शाहिद मामू संरक्षक, विष्णु सैनी, नजाकत अली रयान, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 111 शिकायतों में 27 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को सदर तहसील सहित जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिले में 111 शिकायतों में 27 का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी सोमेंद्र मीना की उपस्थिति में तहसील सदर सभागार में हुए दिवस में कुल 53 शिकायतें आईं, इनमें से 13 का मौके पर निस्तारण किया गया। पूर्ति, विद्युत, खंड विकास, लोक निर्माण, मत्स्य, राजस्व, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभागों से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत करीमपुर शार्की एवं पसियापुरा में सड़क पर अवैध निर्माण एवं सरकारी मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर डीएम ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को निरीक्षण कराने व कब्जा हटाने के निर्देश दिए। भगवती व प्रीति को मौके पर ही राशन कार्ड बनाकर उपलब्ध कराए। एसपी ने भी समस्याओं को सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया।


सदर तहसील में समस्या सुनते डीएम व एसपी। • अमृत विचार

### कहां कितनी शिकायतें

तहसील शाहबाद में सीडीओ गुलाब चंद्र ने 15 शिकायतों में 2, मिलक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा ने 12 में 4 का मौके पर निस्तारण किया। बिलासपुर में उपजिलाधिकारी बिलासपुर ने 12 में 2, टांडा में उपजिलाधिकारी टांडा ने 11 में 4, स्वार में उपजिलाधिकारी स्वार ने 8 शिकायतें सुनीं जिनमें 2 का निस्तारण किया गया।

### कॉलेज प्रशासन पर करियर बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप

**टांडा, अमृत विचार :** दढ़ियाल रॉड स्थित एक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन पर अभद्रता और करियर बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पिछले तीन वर्षों से वह छात्रवृत्ति के लिए भटक रहे हैं। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कॉलेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने उपजिलाधिकारी को एक दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह संस्थान के नियमित छात्र हैं। नियमानुसार हर साल स्कॉलरशिप फॉर्म कॉलेज में जमा करते हैं, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी उनके खातों में छात्रवृत्ति की राशि नहीं पहुंची है। आरोप है कि इस संबंध में कॉलेज के प्रधानाचार्य से बात की, तो उन्हें उचित जवाब देने के बजाय धमकाया गया। प्रिंसिपल ने कहा कि ज्यादा बातचीत की तो तुम्हारा भविष्य खराब कर दूंगा। शिकायत करने वालों में आदित्य, मयंक गौतम, अनुज कुमार, निकिता, इरम बी, शाहीन, कोमल, दीपा शर्मा, कुलदीप आदि के हस्ताक्षर हैं।



# 45 लाख से होगा सड़क, पुलिया निर्माण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शनिवार को ग्राम रायपुर का मझरा में बरसाती नदी पर पुलिया एवं सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे 20 से अधिक गांवों का आवागमन सुगम हो जाएगा।

नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रायपुर के मझरे एवं पंजाबनगर के मझरे के बीच बरसाती नदी है। इस नदी पर दोनों गांवों को जोड़ने के लिए कोई पुलिया नहीं थी, जिस कारण बरसात में ग्रामीणों को काफी दिक्कतें होती थीं। करीब आठ किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। स्कूली बच्चों की भी मुश्किलें बढ़ जाती थीं। दोनों गांवों के किसान नदी के आर-पार स्थित खेतों पर नहीं जा पाते थे। ऐसे में काफी समय से लोग निर्माण की मांग कर रहे थे। विधायक ने पुलिया एवं सड़क निर्माण का प्रस्ताव जिला पंचायत को दिया। वहां से स्वीकृति के बाद पुलिया निर्माण पर करीब 25 लाख और सड़क निर्माण पर करीब 20 लाख रुपये खर्च होंगे। शनिवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना व जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने सड़क एवं पुलिया का पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा में ग्रामीण विकास को नई ऊंचाई मिल रही हैं। आगे भी विकास का क्रम जारी रहेगा। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में भी बेहतर सड़कें हों, इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत, मुकेश राजपूत, मक्खन लाल सैनी, सोमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


सड़क एवं पुलिया का पूजन करते शहर विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष।

### नदी में डूबकर एक बच्चे की हो गई थी मौत

ग्राम रायपुर का मझरा स्थित बरसाती नदी में डूबने से एक बच्चे की भी मौत हो गई थी। वह खेल रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में चला गया। जिसके बाद उसकी डूबने से मौत हो गई थी। यह घटना पिछले साल हुई थी, जिस पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुलिया एवं सड़क बनवाने के लिए कहा था।

- शहर विधायक ने किया शिलान्यास

## निषाद राज व महर्षि कश्यप जन्मोत्सव आज

**रामपुर, अमृत विचार :** कश्यप तुरैहा मछुआ समाज आज महाराजा निषाद राज एवं महर्षि कश्यप जन्मोत्सव मनाएगा। तहसील शाहबाद के ग्राम टांडा में वीर एकलव्य जूनियर हाई स्कूल में कार्यक्रम होगा। जिलाध्यक्ष बाबू राम कश्यप ने बताया कि रामपुर जिले के धीवर, कहार, मल्लाह, सिंघाड़िया, तुराहा, बाथम जाति के लोग बड़ी संख्या में एससी आरक्षण के लिए राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से मांग रखेंगे।


**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the Certificate(s) for **Equity 3720 Shares** face value **Rs.2/- each** having Folio No. 0800346, Certificate Nos: 63218 bearing Distinctive Nos: **6942481 – 6946200** of **RADICO KHAITAN LIMITED** registered in the name(s) of **SAROJINI N BHAGIA** and **NANIK S BHAGIA** has/have been lost or misplaced and the undersigned has/have applied to the Company to issue Duplicate Certificate(s) for the said shares. Any person who has/have any claim in respect of the said share certificates should lodge such claim with the Company at its Registered Office. RADICO KHAITAN LTD, Bareilly Road, Rampur, Uttar Pradesh, 244901. within 15 days of the publication of this notice, after which no claim will be entertained and the company will proceed to issue Duplicate Share Certificate(s).

**Date:** 03.04.2026 **Sd/-**
**Name(s) of Shareholder(s)**
**SAROJINI N BHAGIA and NANIK S BHAGIA**

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the Certificate(s) for **Equity 3720** Shares face value Rs.2/- each having Folio No. 0800347, Certificate Nos: 63219 bearing Distinctive Nos: **6946201 – 6949920** of **RADICO KHAITAN LIMITED** registered in the name(s) of **NANIK S BHAGIA and SAROJINI N BHAGIA** has/have been lost or misplaced and the undersigned has/have applied to the Company to issue Duplicate Certificate(s) for the said shares. Any person who has/have any claim in respect of the said share certificates should lodge such claim with the Company at its Registered Office. RADICO KHAITAN LTD, Bareilly Road, Rampur, Uttar Pradesh, 244901. within 15 days of the publication of this notice, after which no claim will be entertained and the company will proceed to issue Duplicate Share Certificate(s).

**Date:** 03.04.2026 **Sd/-**
**Name(s) of Shareholder(s)**
**NANIK S BHAGIA and SAROJINI N BHAGIA**


# मिड डे मील की गुणवत्ता खराब


निरीक्षण के दौरान शिक्षिका से जानकारी लेते सीडीओ गुलाब चंद्र। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान गुस्साए सीडीओ

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने शनिवार को विकासखंड चमरौआ की ग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति तो संतोषजनक मिली, लेकिन पाठ्य पुस्तकों का वितरण न होने और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री के नदारद मिलने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विद्यालय में कुल 206 छात्रों के सापेक्ष 139 छात्र उपस्थित मिले। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका अधिकांश ने सही उत्तर दिया। किताबें न मिलने पर संबंधित को व्यवस्था सुधारने के लिए कहा। कहा कि बच्चों को भोजन मिड डे मील मीनू के अनुसार खिलाया जाए।

आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकत्री अनुपस्थित और बच्चे भी नहीं थे। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई के लिए कहा।

## भाकियू महाशक्ति ने सौंपा ज्ञापन

**मिलक, अमृत विचार :** भाकियू महाशक्ति से जुड़े किसानों ने शनिवार को एसडीएम मिलक को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष लाला राम गंगवार के नेतृत्व में किसानों ने विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि कस्बे के तीन बत्ती चौराहा, बिलासपुर रोड और नवदिया चौराहे पर ई-रिक्शा व टेम्पो सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ज्ञापन में गांवों की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए। इसके अलावा लेखपालों द्वारा खतौनी और आधार कार्ड में नामों की गड़बड़ी, तथा गेहूं खरीद केंद्रों पर हो रही मनमानी को लेकर भी नाराजगी जता सुधार की मांग की। ज्ञापन में साजिद अंसारी, सिद्दीकी अहमद, मतलूब जमाली, गुलाम हुसैन, मसरूप अली, कैलाश नाथ गोस्वामी, सुरेंद्र पाल सिंह, मेहंदी हसन, होरीलाल, मोहम्मद यामीन आदि के हस्ताक्षर हैं।

**व्यवस्था** | हजरतपुर और बमनुपरी के लोगों को कूड़े के धुएं से मिलेगी निजात

# कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनेंगे, दो मशीन शासन ने भेजी



नगर पालिका परिषद में आई कूड़ा प्रेस मशीन। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हजरतपुर और बमनपुरी के बाशिंदों को क्षेत्र में पड़ने वाले कूड़े से उठने वाले धुएं से राहत मिलेगी। शहर में कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनेंगे। इसके लिए नगर पालिका परिषद में विद्युत चलित कूड़ा प्रेस मशीनें आ गई हैं। जो शहर के डलाव घरों पर लगवाई जाएंगी। इसके अलावा छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से 43 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराए जाने की तैयारी है। शहर का कूड़ा शहजादनगर स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में भेजा जाएगा।

नगर पालिका परिषद में कूड़ा प्रेस मशीनें आ गई हैं जोकि कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों पर लगवाई जाएंगी। इन मशीनों को लगवाने से पहले कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों पर बिजली फिटिंग कराई जाएगी। शहर से आने वाले कूड़े को यह मशीन प्रेस करती रहेंगी और इनके भर जाने के बाद कूड़ा शहजादनगर स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट भेज दिया जाएगा।

कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों तक कूड़ा छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से लाया जाएगा। इस प्रक्रिया से सड़कों पर कूड़ा दिखाई नहीं देगा और हजरतपुर और बमनपुरी में कूड़े के पहाड़ों को भी प्रेस करके सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट भेज दिया जाएगा। हजरतपुर और बमनपुरी में वर्षों से पड़ रहे कूड़े के निस्तारण के लिए टेंडर हो चुके हैं। हजरतपुर और बमनपुरी से कूड़े के ढेर हटने से इस क्षेत्र के लोगों को कूड़े से उठने वाले धुएं से निजात मिल जाएगी।

### कई बार प्रदर्शन कर चुके लोग

हजरतपुर और बमनपुरी में कूड़ा इतना पड़ चुका है कि दूर से देखने पर ऐसा लगता है कि कोई पहाड़ी क्षेत्र है। बमनपुरी के आसपास कई मोहल्ले हैं और कूड़े से उठने वाले धुएं के खिलाफ लोग कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी तरह हजरतपुर के बाशिंदे कूड़े से उठने वाले धुएं को बंद कराने के लिए कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। इन क्षेत्रों से कूड़ा हटने के बाद लोगों को धुएं से राहत मिल जाएगी।

शहर में कहीं भी कूड़ा दिखाई नहीं देगा क्योंकि, छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से 43 वार्डों से कूड़ा प्रेस मशीनों में डाला जाएगा। वहां से निकालकर शहजादनगर स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट भेज दिया जाएगा। नालों की सफाई भी मशीनों के माध्यम से कराई जा रही है।
– सना मामून, पालिकाध्यक्ष

## न्यूज ब्रीफ

### बंटवारे को लेकर भाइयों में विवाद, फायरिंग

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर तीन भाइयों में विवाद हो गया। एक ने दूसरे भाई पर फायरिंग कर घायल करने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी है। घायल को सीएचसी से हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। उत्तराखंड के हल्द्वानी क्षेत्र के गांव पांडेय नगर निवासी प्रेम सिंह, कुलदीप सिंह और गुरविंदर सिंह की पुश्तैनी जमीन क्षेत्र के गांव गुलड़िया ट्यूला गांव में मौजूद है। तीनों भाइयों में इसी जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था। शनिवार की दोपहर प्रेम सिंह का भाइयों से विवाद हो गया। भाइयों ने उस पर फायर झोंक दिया। छर्रा लगने से वह घायल हो गया। पीड़ित ने नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण करवाया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तीनों भाइयों में पुश्तैनी खेत के बंटवारे को लेकर खींचतान थी। प्रेम सिंह ने जबरन खेत की मेड़ जोत दी जिससे विवाद हुआ। तहरीर नहीं आई है।

### बैठक से पूर्व अफसरों में चिंतन-मंथन

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में शनिवार को 11 अप्रैल को होने वाली विनियमन समीक्षा समिति की बैठक से पूर्व अधिकारियों के साथ चिंतन-मंथन किया। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने बताया कि विनियमन समीक्षा समिति की बैठक अश्विनी त्यागी के सभापतित्व में मुरादाबाद में होगी। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने समिति द्वारा भेजे गए एजेंडे के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि वे निर्धारित बिंदुओं के अनुसार तैयारियां पूर्ण करते हुए प्रगति रिपोर्ट जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को 6 अप्रैल तक उपलब्ध करा दें। अधिकारियों से कहा कि निर्धारित समय से कम से कम 15 मिनट पूर्व बैठक स्थल पर स्वयं उपस्थित रहें।

### प्रसव के बाद मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव में प्रसव के दौरान गर्भवती की मौत हो गई। घटना थाना क्षेत्र के इमरता का गांव की है। गांव निवासी एक गर्भवती को परिजनों ने प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती कराया था। नवजात को जन्म देने के बाद हालत बिगड़ने लगी। अधिक खून बहने के कारण घबराए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने मुरादाबाद स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर बाद ही इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित चार लोगों की मौत

## रामपुर, बिलासपुर, मिलक और सैफनी में हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार और शनिवार को हुए सड़क हादसों में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। इनमें बिलासपुर क्षेत्र के नैनीताल हाईवे पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे से कार टकरा गई इसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि पत्नी व कार चालक घायल है। सैफनी क्षेत्र के खरसौल गांव में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दूध देकर जा रहे बाइक पर सवार दो भाइयों की बाइक ट्रक की चपेट में आने से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। शहर निवासी कोरियर कर्मी की बिलासपुर क्षेत्र के बतियाखेड़ा में सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं बिलासपुर के साहूकारा मोहल्ले की महिला की मिलक में जान चली गई।

- **कई जगह हुए हादसे में तीन लोग घायल**
- **परिजनों में कोहराम रो-रोकर बेहाल**



हादसे के बाद मौके पर जमा भीड़। • अमृत विचार

### ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार, युवक की मौत, भाई घायल



**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खरसौल गांव में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में दूध देकर जा रहे बाइक पर सवार दो भाइयों की बाइक ट्रक की चपेट में आने से एक भाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अचानक हुई मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के मधुपुरी गांव के डेरा निवासी 50 वर्षीय चौधरी गुरवेनंद्र सिंह उर्फ कुकू और उनका भाई गुरदीप सिंह पुत्र गुरु प्रसाद पेशे से किसान हैं और घर में पशु पालन भी करते हैं। शनिवार की सुबह 10 बजे के समय दोनों भाई बाइक से सागरपुर गांव में डेयरी पर दूध देकर किसी काम से खरसौल गांव गए थे इस दौरान बाइक गुरवेन्द्र सिंह चला रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वह खरसौल गांव के बस स्टैंड पर पहुंचे तभी अचानक उनकी बाइक पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई जिससे गुरवेंद्र सिंह उर्फ कुकू के सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जबकि बाइक पर पीछे बैठे उनके भाई गुरदीप सिंह घायल हो गए मौके पर जमा हुई भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज कर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया अचानक हुई मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रहे ट्रक




हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मौके पर लोगों ने ट्रक की नंबर प्लेट की जांच पड़ताल की तो ट्रक पर एक नंबर प्लेट यूपी 37 बीटी 4727, जबकि उसके ऊपर चिपकी दूसरी नंबर प्लेट पर एचआर 58 एफ 4060 निकली। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच पड़ताल करने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### हादसे में कोरियर कर्मी की मौत



**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सराय गेट घोसियान बाबा लक्ष्मण दास जी की समाधि निवासी रोहित यादव (25) कोरियर का काम करते थे। उनका स्वार में ऑफिस था। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे वो पार्सल लेकर बतियाखेड़ा गांव की ओर जा रहे थे। गांव के निकट तेज रफ्तार मोटरसाइकिल टक्कर हो गई। इसके बाद दूसरा मोटरसाइकिल चालक फरार हो गया। जबकि घायल रोहित यादव की मौत हो गई। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। दो महीने बाद रोहित की शादी होनी थी। दो भाइयों में छोटे थे। इस हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी, पति की मौत, पत्नी घायल



**बिलासपुर, अमृत विचार :** अल्मोड़ा उत्तराखंड के गांव सैनार निवासी प्रमोद सिंह पत्नी नंदिनी के साथ दिल्ली से टैक्सी से वापस अल्मोड़ा जा रहे थे। शनिवार तड़के साढ़े चार बजे जीरो पॉइंट के पास टैक्सी आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टैक्सी चालक विजय मिश्रा व दंपति में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर उपनिरीक्षक आकिल हुसैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने लोगों की मदद से कार फंसे लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकालकर उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल प्रमोद सिंह को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के सीएचसी पहुंचने पर चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। साथ ही क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। कहा कि अभी कोई तहरीर नहीं आई है।

### ब्रेकर पर उछलकर गिरी महिला, मौत



**मिलक, अमृत विचार :** थाना बिलासपुर क्षेत्र के साहूकारा मोहल्ले की रहने वाली महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने बताया कि संजय राठौर अपनी पत्नी गीता राठौर के साथ बाइक से अपनी ससुराल से कोतवाली क्षेत्र के मिलक के गांव खाता नगरिया जा रहे थे। 27 अप्रैल को महिला के छोटे भाई की शादी थी। शनिवार शाम करीब 4 बजे खाता नगरिया मार्ग पर जैसे ही उनकी बाइक एक ब्रेकर पर पहुंची, अचानक गीता संतुलन खोकर उछलकर सड़क पर गिर गईं। गंभीर रूप से घायल गीता को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिलक ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक चार वर्षीय पुत्र और दूसरा मात्र एक माह का नवजात है। मां की असमय मौत से दोनों बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया।

# संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीती रुड़की की टीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव आंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट में टांडा और रुड़की की टीमों के बीच मैच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में दोनों ही टीमें 2-2 गोल की बराबरी पर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूट आउट में रुड़की की टीम ने टांडा को 5-4 से हरा दिया।

मैदान पर मुख्य अतिथि अवधेश कुमार गौतम एवं विशिष्ठ अतिथि दिनेश कुमार रस्तोगी ने मैच शुरु होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और इसके बाद फुटबॉल में किक मारकर मैच शुरू किया। टांडा रामपुर और रुड़की की टीमों के बीच मुकाबला संघर्षपूर्ण रहा। पहले हाफ में मैच शुरू होते ही रुड़की की टीम के खिलाड़ियों ने टांडा की टीम पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। रुड़की के खिलाड़ी आदित्य ने 15वें मिनट में 1 गोल कर टीम का खाता खोल दिया। इसके बाद रुड़की के खिलाड़ी ने एक गोल करके टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी। टांडा के टीम के खिलाड़ी पहले हॉफ में गोल के लिए संघर्ष करते रहे लेकिन, कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में टांडा के खिलाड़ी नदीम ने 45 वें मिनट में गोलकर अपनी टीम का खाता खोल दिया। इसके बाद नदीम ने ही 57 वें मिनट में दूसरा गोल करके टीम को 2-2 गोल की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट के द्वारा किया गया। पेनाल्टी शूट आउट में रुड़की की टीम ने टांडा को 5-4 से हरा दिया। निर्णायक संतोष कुमार, लाइन मैन की भूमिका में शिवम और आदित्य रहे। मनोज कुमार उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती, अभिषेक लाल, विकास कुमार, प्रमोद रस्तोगी, अंकित रस्तोगी, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू ,अमित चौहान, नितिन, इशू, विजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। आज को आंबेडकर फुटबॉल क्लब और संभल की टीमों के बीच शाम 4 बजे से मैच होगा।

- **पेनाल्टी शूट आउट में हार-जीत का फैसला**




महात्मा गांधी स्टेडियम में भिड़ते रुड़की और टांडा की टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार

## यूपी बोर्ड परिणाम को लेकर साइबर ठगी से रहें सावधान

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को साइबर ठगों द्वारा विभिन्न माध्यमों से गुमराह किया जा सकता है।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने कहा कि ऐसे साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधी परीक्षार्थियों को सीधे फोन करके का पैसे के बदले अंक बढ़वाने का प्रलोभन दे सकते हैं। उन्होंने परीक्षार्थियों से कहा है कि ऐसे किसी भी फोन कॉल, मैसेज या ईमेल का संज्ञान नहीं लें। परिषद कभी भी व्यक्तिगत रूप से परीक्षार्थियों से संपर्क नहीं करता है। अपनी व्यक्तिगत जानकारी, रोल नंबर या बैंक विवरण किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करें। इस तरह के काल आने पर उसे रिकॉर्ड करें या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# शिक्षा के क्षेत्र में आए क्रांतिकारी बदलाव



विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के स्कूल चलो अभियान का सीधा प्रसारण देखते शिक्षक और अधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने बनारस से स्कूल चलो अभियान का आरंभ किया। विकास भवन सभागार में बच्चों, शिक्षकों और अधिकारियों ने समारोह का सीधा प्रसारण देखा। भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पूर्व की सरकारों में बेसिक शिक्षा के उन्नयन की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया।

विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, सीडीओ गुलाब चन्द, डीआईओएस अंजलि अग्रवाल और बीएसए कल्पना देवी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज सरकारी स्कूल महंगे निजी स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। बेसिक स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा गुणवत्ता में निजी स्कूलों को मात दे रही है। शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा ग्रहण करा रहे हैं। स्कूलों का वातावरण भी बेहतर है। जिससे बच्चों के नामांकन और ठहराव में बहुत बड़ा बदलाव आया है। बीएसए कल्पना देवी ने कहा कि उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के ड्रापआउट बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन करना है। स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए शिक्षक टीम बनाकर मोहल्लों और गांवों में सर्वे करें। इस सर्वे के दौरान 3 साल के बच्चों को आंगनबाड़ी या बालवाटिका में प्रवेश दिलाएं। नोडल बीईओ बबीता सिंह, डीसी राहुल सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, सतेंद्र शर्मा, जानिसार अख्तर समेत जिलेभर से आए एआरपी शिक्षक मौजूद रहे।

- **विकास भवन सभागार में देखा गया स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का प्रसारण**

# ग्लैडिएटर्स ने रॉयल को 16 रनों से दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बमनपुरी स्थित शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराई जा रही रामपुर सुपर क्रिकेट लीग में शनिवार को रामपुर ग्लैडिएटर्स एवं रामपुर रॉयल की टीमों के बीच मैच खेला गया। रामपुर ग्लैडिएटर्स की टीम ने 16 रन से मैच जीत लिया।

स्टेडियम पर ग्लैडिएटर्स के कप्तान आयुष गुप्ता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ग्लैडिएटर्स की टीम ने 139 रन का लक्ष्य रामपुर रॉयल की टीम को दिया। जिसमें श्लोक शर्मा ने 33 अमन वर्मा ने 27 रन, आरुष गुप्ता ने 10 रन बनाए। दूसरी ओर रामपुर रॉयल टीम के सफल गेंदबाज शाहनवाज राणा ने चार विकेट लिए, मोहित कटारिया ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामपुर रॉयल की टीम 123 रन बनाकर ढेर हो। बल्लेबाज अतुल चौधरी ने 43 रन बनाए और गौरव डागर ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 30 रन बनाए। रामपुर ग्लैडिएटर्स की ओर से शांतनु ने तीन विकेट और राज गुप्ता ने दो विकेट लिए और अपनी टीम को जीत हासिल करने में भूमिका निभाई। रामपुर ग्लैडिएटर्स की टीम ने 16 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शांतनु रहे।

- **शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में मैच आयोजित**



मैदान में मौजूद क्रिकेट टीम के खिलाड़ी। • अमृत विचार

# भाकियू अंबावता से जुड़े किसानों ने प्रदर्शन किया, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता से जुड़े किसानों ने शनिवार को बिलासपुर तहसील में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद सरकारी तालाबों पर अवैध कब्जे में नहरों को कब्जा मुक्त कर पानी टेल तक पहुंचाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि अधिकारी खुलेआम किसानों से अवैध वसूली कर रहे हैं, सरकारी दफ्तरों में खुलेआम भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। बिलासपुर सरकारी अस्पताल से मध्य रोड को जाने वाले रास्ते पर तलाब अब कब्जा कर लिया गया। इसके अलावा स्मार्ट मीटर से लेकर अन्य सरकारी जमीनों पर कब्जे के मुद्दों को किसानों ने उपजिलाधिकारी के सामने रखा। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा, मोहम्मद अहमद मिर्जा, अजीम चौधरी, असलम, बलविंदर सिंह, राजवीर सिंह, रिजवान अली, सफदर अली, मोहम्मद शमी, बलजीत सिंह, सतनाम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते किसान।

## न्यूज डायरी

### कम स्टाम्प प्रकरण: डीएम ने किया पैगा और सैजनी का निरीक्षण



**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने न्यायालय में योजित वादों के संबंध में कम स्टाम्प के प्रकरणों की जांच के लिए शनिवार को ग्राम पंचायत पैगा एवं सैंजनी नानकार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अभिलेखों का परीक्षण करते हुए कम स्टाम्प से संबंधित मामलों की स्थिति की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि न्यायालयीन वादों में स्टाम्प शुल्क का सही एवं पूर्ण भुगतान अत्यंत आवश्यक है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी न्यायालय में लंबित वादों का नियमित रूप से परीक्षण करें। तय करें कि प्रत्येक प्रकरण में निर्धारित स्टाम्प शुल्क का विधिवत भुगतान हो। साथ ही, कम स्टाम्प वाले प्रकरणों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए।



### खेल व शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव प्रतियोगिताओं का आयोजन करा रहे है। उन्होंने बताया कि वह खेलों के माध्यम से युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूती देने का काम कर रहे है। शुक्रवार को तहसील सदर के ग्राम पंचायत बिजईया में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया। फाइनल मैच दीपक और विकास की टीमों के बीच हुआ। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका में धर्मेंद्र यादव रहे। इस दौरान गब्बर सिंह, तिरमल यादव, सोहन सिंह, महावीर सिंह, नेपाल सिंह मौजूद रहे।

### जय श्री राम, बजरंगबली के जयकारों की गूंज



**मिलक, अमृत विचार :** संकट मोचन बालाजी दरबार समिति के तत्वाधान में साहू जी नगर स्थित प्रवेश रस्तोगी के निवास पर हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां शुक्रवार रात वातावरण रामभक्ति में डूबा रहा। सुंदरकांड से पूर्व समिति के महंत अजय कुमार रस्तोगी ने विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान के समक्ष पूजा-अर्चना की। पाठ के दौरान परिसर जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। बालाजी महाराज का दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। धूपड़ा महंत बलवंत सिंह गंगवार, राकेश कुमार भट्ट, राहुल गंगवार, दीपक यादव, धारा जीत मौर्य, जयपाल गंगवार, लीलाधर गंगवार आदि मौजूद रहे।



### एसपी ने थाना बिलासपुर और थाना भोट का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शुक्रवार रात थाना बिलासपुर और थाना भोट का निरीक्षण किया। थाना परिसर, कार्यालय अभिलेखों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार,कैमरे एवं साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों के समुचित संधारण, अभिलेखों में अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को अद्यतन रखने, साफ-सफाई आदि के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने तथा आमजन के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।



### यूपीपीएससी में सफल राहुल सैनी का स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपीपीएससी में सैदनगर क्षेत्र के गांव दलेलनगर निवासी राहुल सैनी के नायब तहसीलदार बनने पर रामपुर जिला योजना समिति के सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने शनिवार को उनका स्वागत किया। परीक्षा पास करने के बाद राहुल सैनी शनिवार को गांव दलेलनगर पहुंचे तो लोगों ने जोरदार स्वागत किया। पिता चंद्रसेन सैनी, भाई विनोद सैनी बंटी, मास्टर विवेक सैनी को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान उरमान अली, रफी सलमानी, इस्तेकार पाशा, रियासत अली, आलम पाशा, अवतार सिंह सागर, मेंहदी हसन, इशाक अहमद आदि मौजूद रहे।

# नौकरी बचाने के लिए दिल्ली जाकर शिक्षकों ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नौकरी बचाने को लेकर शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में उत्तर प्रदेश सहित देशभर के शिक्षकों ने महारैली आयोजित की। सभी संगठनों के साथ मिलकर बने टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय आह्वान पर महारैली में शिक्षकों ने हुंकार भरी। महारैली में देशभर के 22 राज्यों के शिक्षक शामिल हुए और पुराने शिक्षकों पर टीईटी को खत्म करने की मांग की।

शनिवार सुबह रामपुर जिले के सभी ब्लॉकों से भारी संख्या में बसों और निजी वाहनों से शिक्षक दिल्ली के लिए रवाना हुए। प्रस्थान से पूर्व शिक्षकों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए शिक्षक सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ रामपुर के जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, जिला महामंत्री डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, जिला मंत्री चरन सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में शिक्षकों ने दिल्ली कूच किया।

शिक्षक नेताओं ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का निर्णय शिक्षकों के हितों के विपरीत है तथा सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। रैली में शिक्षकों ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रखने का संकल्प लिया। ज्ञापन लेने के लिए सरकार के प्रतिनिधि के रूप में सांसद जगदंबिका पाल ने अनिवार्यता समाप्त करने का आश्वासन दिया। शिक्षकों ने बताया कि पुराने शिक्षकों पर टीईटी थोपना उनसे नौकरी छीनने जैसा कदम साबित होगा इसलिए शिक्षक आरपार के मूड में हैं।

- **रामपुर से बड़ी संख्या में शिक्षक महारैली में हुए शामिल**




बस से दिल्ली जाने से पहले नारेबाजी करते शिक्षक। • अमृत विचार

### रामपुर से जाने वाले शिक्षक

रूप सिंह, इंद्रेश कुमार, नरेंद्र सैनी, तरुण पांडे, रहमत अली, डॉ. सरफराज, वीर सिंह, मो. तनवीर, सुभाष पांडे, चिंतामणि गंगवार, होरी लाल राजपूत, अरविंद कुमार गंगवार, प्रताप सिंह, भूपेंद्र प्रताप राव, महेंद्र हल्दिया, मुल्क राज, विवेक कुमार शर्मा, अनिशा लतीफ़,उर्मिला सागर, नजाकत अली, रवि कुमार ,संजय प्रधान, सुनील कुमार, रामदेव गंगवार, शिव कुमार, देवेंद्र गंगवार, ब्रह्मपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, संजय विरमानी,सुनील कुमार रावल, सईद सागर, अरविंद कुमार, हरपाल सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।



बस से दिल्ली जाते शिक्षक व शिक्षिकाएं। • अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### दढ़ियाल में श्री बागेश्वर धाम मंडली ने हवन कर निकाली शोभायात्रा

**रहरा, अमृत विचार :** शनिवार को सिद्ध पीठ श्री बागेश्वर धाम शिष्य मंडली ने गंगेश्वरी के ग्राम दढ़ियाल स्थित मंदिर पर हुए हवन में आहुति देकर समाज और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं माता जानकी की झांकियां के साथ गांव में शोभा यात्रा निकाली। झांकियां के बीच बनी श्री हनुमान जी के बाल रूप की झांकी ने देखने वालों के मन को मोह लिया। इस दौरान श्री बागेश्वर धाम के मुख्य शिष्य चेतन स्वरूप, गजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, लकी कुमार, प्रमोद कुमार, छोटू राम, किशन, देवी सिंह, हरेंद्र सिंह, प्रेमचंद राणा, देवेंद्र तथा समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### तालिब, आबिद चर्चित प्रकरण में 7 को सुनवाई

**संवाददाता, बिजनौर, अमृत विचार :** जनता के चर्चित तालिब खालिद प्रकरण में अदालत में न्यायिकमन मंजू करते हुए मंगलवार की तारीख निश्चित की है अदालत के आदेश के अनुसार विवेचन जेल में जाकर आरोपी तालिब खली और आबिद के बयान दर्ज कर सकेंगे तथा विवेचना तक प्रक्रिया को पूर्ण कर अदालत में प्रस्तुत करेंगे इसके बाद ही सुनवाई आरंभ होगी।

# कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती सड़क पर गिरे, पति की मौत

## संभल मार्ग पर रिश्तेदारी से लौट रहे सैदनगली के दंपती के साथ हादसा

संवाददाता सैदनगली (अमरोहा)

- हादसे की सूचना मिलने पर परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार:** संभल मार्ग पर सड़क हादसे में रिश्तेदारी से लौट रहे दंपति की बाइक को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।



मृतक रागिब।

यह हादसा शुक्रवार की देर शाम संभल मार्ग पर हुआ। दरअसल थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी रागिब (45) पुत्र तहसीन अपनी पत्नी तबस्सुम के साथ संभल जिले के गांव सिरसी से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक संभल मार्ग पर दोनों जनपदों की सीमा के पास रमपुरा के निकट पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रागिब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी तबस्सुम गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल तबस्सुम को परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी को रोता-बिलखता छोड़ गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

### नेशनल हाईवे पर पलटी टैक्टर ट्राली से टकराईं कार, पांच लोग घायल

**संवाददाता गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर पलटी टैक्टर ट्राली से शनिवार तड़के अर्टिगा कार की भिड़ंत हो गई। जिसमें कार सवार एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। अभी इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। जनपद मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र के गांव रहरी गुलड़िया निवासी मुशर्रफ अली सऊदी अरब से अपने वतन लौट रहे थे। उनकी पत्नी नौशाबा, सास शायदा, बेटा अब्दुल कादिर किराए की अर्टिगा कार से उन्हें लेने दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे थे। कार को डिलीरी के जोगीपुरा निवासी नासिर चला रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी अर्टिगा कार शनिवार तड़के करीब 3रू45 बजे नेशनल पर शहर के मोहल्ला नाईपुरा में पहुंची कि यहां पहले से पलटी लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। तेज गति होने की वजह से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार सभी पांचों लोग घायल हो गए। मौके पर मची चीख-पुकार के बीच घायलों को आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी

**गजरौला, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन शनिवार को 105 वें दिन भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गजरौला क्षेत्र के किसानों के जीवन के साथ जुबिलेंट फैक्ट्री ने खिलवाड़ किया है। लेकिन जिले के आला अधिकारी और नेता फैक्ट्री को बचना चाह रहे हैं। गजरौला क्षेत्र के किसानों की जिंदगी के जीवन को मौत के मुंह में धकेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी और फैक्ट्री की अधिकारियों की मंशा को पुरा होने नहीं दिया जाएगा। गजरौला क्षेत्र के किसानों को आंदोलन करके बचाया जाएगा। जुबिलेंट फैक्ट्री की तालाबंदी भी करनी पड़े तो किसान करेगा। और कहां की फैक्ट्रियां गजरौला क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लगे और क्षेत्र का विकास हो। लेकिन फैक्ट्रियां मानक के अनुरूप काम करें। पॉल्यूशन बंद नहीं किया जाएगा। तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष एहसान अली, होमपाल सिंह गंगाराम सिंह, हाजी एहसान अली, प्रकाश सैनी, ओम प्रकाश सिंह आदि रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता सैदनगली (अमरोहा)

- दो लोगों पर हत्या की आशंका में रिपोर्ट दर्ज कराई



मृतक का फाइल फोटो

**अमृत विचार:** थाना सैदनगली क्षेत्र के एक गांव में आम के बाग में पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव पंडका निवासी परवीन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई काविन्द्र (24) पुत्र कल्लू सिंह शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे घर पर था। आरोप है कि गांव के ही दो युवक उसे किसी काम का बहाना बनाकर अपने साथ ले गए। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान काविन्द्र का शव गांव के पास स्थित आम के बाग में एक पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि मृतक इंटर पास था और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। वह चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। घटना के बाद मां जसमाली का रो-रोकर बुरा हाल है। शनिवार को मृतक के भाई ने रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी विकास शहरावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी अरुण और अरविंद पुत्र मेघराज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# गांव पृथ्वी खुर्द में मुख्य मार्गों पर जलभराव, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** नौगावां सादात तहसील क्षेत्र के गांव पृथ्वी खुर्द में इन दिनों मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की गंभीर समस्या बनी हुई है। गांव के मुख्य रास्ते पर गंदे पानी का अंबार लगने से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार दोपहर को इस समस्या से त्रस्त ग्रामीण एकत्रित हुए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती



प्रदर्शन करते ग्रामीण। • अमृत विचार

जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य रास्ते पर जलभराव के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे गांव में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कर सड़क को ठीक कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारू रूप से हो सके। इस मौके पर जाहिद, खमानी सिंह, संजीव कुमार, रोहतास सिंह, गजराम, सुलेमान, जाकिर, शीशपाल, सोमपाल, मुनेश, नौशाद अली सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### गौ-रक्षा परिषद की बैठक, संगठन विस्तार पर जोर

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** अखिल भारतीय हिंदू परिषद की गौ-रक्षा परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष ओपी गोला के निर्देशानुसार संपन्न हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और क्षेत्र में गौ-सेवा एवं गौ-संरक्षण से जुड़े कार्यों को गति देना रहा। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया और सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इस क्रम में अमित अग्रवाल को नगर संयोजक धनौरा, बलबीर सैनी को अमरोहा जिला सहसंयोजक तथा ग्राम छपना निवासी अभिनव गर्ग को जिला सहसंयोजक बनाया गया। बैठक में वक्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और गौ-रक्षा से जुड़े अभियानों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, कर्तव्यबोध भी

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को स्कूल चलो अभियान-2026 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हरि सिंह ढिल्लों (शिक्षक विधायक) की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी के शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय से किए गए अभियान के सजीव प्रसारण को देखा गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि शिक्षा का मतलब केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि नैतिकता, सहनशीलता और देश के प्रति कर्तव्यबोध विकसित करना है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर, ईमानदारी से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सरकार, समाज व अभिभावक सभी उनके साथ हैं। सही





कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों। • अमृत विचार

मार्गदर्शन मिलने पर बच्चे जिला, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि कोई भी बच्चा घर पर न बैठे और सभी को विद्यालय भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही बताया कि छोटे बच्चों का पंजीकरण आंगनबाड़ी केंद्रों में तथा छह वर्ष तक के बच्चों का नामांकन बेसिक विद्यालयों में कराया जाएगा। उच्च कक्षाओं में भी क्रमवार प्रवेश सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गरिमा सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करने की अपील की कि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित न रहे। अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ मोनिका सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर बच्चे को शिक्षा का समान अवसर मिले। शिक्षा के माध्यम से ही बच्चे आत्मनिर्भर, कुशल नागरिक बनकर देश के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक दिल्ली पहुंचे

संवाददाता हसनपुर

- नहीं लागू होने देंगे शिक्षकों के अहित वाला तुगलकी फरमान

**अमृत विचार:** शनिवार को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर देशभर के शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए। जनपद अमरोहा से बड़ी संख्या में शिक्षकों ने दिल्ली की और कूच किया था। इसी क्रम में गंगेश्वरी से भी सैकड़ो की संख्या में शिक्षक दिल्ली रवाना हुए।

टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव यशपाल सिंह के नेतृत्व में जिले से हजारों की संख्या में शिक्षक दिल्ली में आज हो रहे धरने प्रदर्शन में प्रतिभाग करने को रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि टीईटी की अनिवार्यता 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए असंवैधानिक है। इसको अध्यापकों पर थोपे जाना बिल्कुल गलत है।उन्होंने बताया कि दिल्ली के रामलीला मैदान देश भर के शिक्षक आज टेट नामक काले कानून का विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षक आंदोलनरत है और टेट परीक्षा के विरोध में आर पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता बिल्कुल असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में शिक्षकों के अहित वाला फैसला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बछरायूं में गैस एजेंसी पर फूटा गुस्सा

संवाददाता बछरायूं/मंडी धनौरा

- तहसील समाधान दिवस में शिकायतों की बाढ़, गैस आपूर्ति में बाधा, ई-केवाईसी में टालमटोल से परेशान लोग

**अमृत विचार:** शनिवार को तहसील सभागार मे आयोजित तहसील समाधान दिवस में बछरायूं इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में पहुंचे उपभोक्ताओं ने गैस आपूर्ति में लगातार बाधा और ई-केवाईसी प्रक्रिया में हो रही देरी व टालमटोल के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं। एजेंसी के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज होने से प्रशासन भी सतर्क हो गया।

उपभोक्ताओं ने बताया कि एजेंसी की अव्यवस्थाओं का सबसे अधिक असर बुजुर्गों पर पड़ रहा है। रिटायर्ड संग्रह अमीन अमन सिंह ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वे बीमार रहते हैं और पिछले 15 दिनों से केवाईसी और गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं मिला। इसी तरह पूर्व संग्रह अमीन रामरतन सिंह ने भी कई बार एजेंसी जाने के बावजूद समस्या का निस्तारण न होने की शिकायत की। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उपभोक्ता अजय अग्रवाल ने बताया कि घर में गैस सिलेंडर न होने के कारण उन्हें मजबूरी में होटल से खाना मंगवाकर बच्चों को खिलाना पड़ रहा है। राकेश कुमार शर्मा, गुलाब राय गुप्ता और निसार अहमद समेत दर्जनों उपभोक्ताओं ने गैस वितरण में देरी, बार-बार एजेंसी के चक्कर और समय व धन की बर्बादी का आरोप लगाया। कई उपभोक्ताओं ने यह भी शिकायत की कि उनके मोबाइल पर गैस डिलीवरी का ओटीपी तो पहुंच गया, लेकिन उन्हें अब तक सिलेंडर नहीं मिला। इससे एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि एजेंसी के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें मिली थीं, जिस पर नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, धनौरा के आपूर्ति अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने भी पुष्टि की कि एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। दूसरी ओर, एजेंसी मालिक नौबहार सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की संख्या में अचानक वृद्धि होने के कारण कुछ दिक्कतें आ रही हैं, जिन्हें जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।

### संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र दो को मिला न्याय

**हसनपुर, अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए क्षेत्र वासियों की शिकायतें एसडीएम एवं सीओ ने सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 23 शिकायतें दर्ज हुई,जिसमें से अधिकारियों द्वारा दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची हुई 21 शिकायतों को जल्द निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को दी गई। शनिवार को ग्राम करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी ने जनता की शिकायतें सुनी। इस दौरान राजस्व की 6, पुलिस की 5, विकास की 2 चकबंदी विभाग की 6 एवं अन्य की 4 कुल 23 शिकायतें दर्ज हुई।

# पति की गुमशुदगी में ससुराल पक्ष पर जताया हत्या का संदेह



प्रदर्शन करती महिला और परिवार के लोग। • अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** थाना आदमपुर क्षेत्र के गाव भीमा सुल्तानपुर में एक विवाहिता ने अपने पति की गुमशुदगी और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता कान्ति पत्नी गुड्डू ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता का आरोप है कि चार माह पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके पति गुड्डू के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की थी, जिसमें उनके हाथ-पैर टूट गए थे। इलाज के बाद गुड्डू ठीक हुए, लेकिन डेढ़ माह पूर्व होली के आसपास वह अपने घर चले गए, तब से उनका कोई सुराग नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उन्हें घर में घुसने नहीं दे रहे और सही जानकारी भी नहीं दे रहे हैं। पीड़िता को आशंका है कि ससुरालियों ने उनके पति की हत्या कर शव कहीं गायब कर दिया है।

# निजी स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोला

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने तहसील क्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अभिभावकों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए तहसील समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और जांच कर स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में किसान एवं अभिभावकों ने तहसील सभागार में चल रहे तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा पुस्तकों, ड्रेस एवं पीस के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है।



भाकियू बीआर अंबेडकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। • अमृत विचार

- भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने सौंपा ज्ञापन

एनसीईआरटी की सस्ती पुस्तकों को विद्यालय में प्रयोग में ना लेकर महंगी किताबें प्रयोग में लाई जा रही है। स्कूल प्रशासन कि जिन दुकानदारों से मिली भगत है,उसी दुकान पर विद्यालय का कोर्स मिलता है जहां अभिभावकों से काफी पैसे अधिक वसूले जाते हैं। हर साल बिना शैक्षणिक कारण के किताबें बदलकर अभिभावकों पर अनावश्यक बोझ डाला जाता है जिससे विद्यालय प्रबंधन को सीधा आर्थिक लाभ होता है। इस मौके पर डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी,सोनू गुर्जर,कुलदीप भारती, मेवाराम खड़गवंशी,सूरज पाल, जफर रजा,रूम सिंह,दीपक,किरन पाल, महेंद्र यादव,अभिषेक त्यागी,ईश्वर त्यागी आदि मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** विकास खंड के गांव कनेटा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन इंचार्ज प्रधानाध्यापक अर्शे आलम ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित विद्यालय के तीन छात्रों उवैश, आंचल और मोहित को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, एआरपी सुलेमान फराज और शिक्षण संकुल सत्यपाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।





बच्चों को पुरस्कार देते अतिथि। • अमृत विचार

# बंद घर से दिन दहाड़े हुई लाखों की चोरी, जेवरात-नगदी ले उड़े उचक्के

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव बीलना में दिनदहाड़े बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और हजारों की नकदी चोरी कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित ने कार्रवाई को लेकर तहरीर दी है।

दरअसल थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव बीलना में सलीम का परिवार रहता है। सलीम गैस बेल्डिंग का काम करता है। शनिवार को उनकी रिश्तेदारी में वलीमा था। इसी सिलसिले में सलीम अपने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर दावत में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। दोपहर में किसी समय चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे लाखों के जेवरात और हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दावत से लौटने पर परिजनों ने घर के दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे हुए देखे। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था, जिससे चोरी का पता चला। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरों की तलाश में जुट गई है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



घटना के बाद जानकारी करती पुलिस। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### हयातनगर बिजली घर पर हंगामा

**संभल,अमृत विचार :** हयातनगर बिजली घर पर शनिवार को सर्वर डाउन होने पर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। बिल जमा करने पहुंचे लोगों को सर्वर डाउन का हवाला देकर घंटों लाइन में खड़ा रखा गया, जबकि काउंटर भी बंद रहे। नवाब खेल निवासी असलम ने बताया कि वह दो दिनों से बिल जमा करने आ रहे हैं, लेकिन हर बार सर्वर डाउन बताकर लौटा दिया जाता है। वहीं राहेमीन ने कहा कि सुबह 10 बजे से लाइन में लगे लोगों को अचानक काउंटर बंद कर दिए गए, जिससे परेशानी और बढ़ गई। वसीम ने आरोप लगाया कि बिल जमा करने के बावजूद उनके घर की बिजली काट दी।

### क्लेम मांगने पर बैंक कर्मियों ने की अभद्रता

**चंदौसी।** थाना कुढ फतेहगढ़ के गांव छावड़ा निवासी घनश्याम सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा छावड़ा की बीमा धारक थीं। उनकी मृत्यु 9-10 माह पहले हो गई। घनश्याम ने बीमा के दावों से संबंधित सभी दस्तावेज दो माह पहले बैंक शाखा प्रबंधक व फील्ड ऑफिसर को सौंपे थे। आरोप है कि बैंक कर्मचारी काम करने में टालमटोल कर रहे हैं। शनिवार को घनश्याम बैंक गया तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया।

# गृह-जलकर का मुद्दा उठा, टैक्स कम करने का प्रस्ताव

## संभल नगर पालिका बोर्ड की बैठक में एमजीएम कॉलेज से टैक्स वसूली का प्रस्ताव भी किया पारित

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- शेर खां सराय में यूनानी चिकित्सालय निर्माण को मंजूरी
- पालिका के प्रत्येक विभाग में समिति गठन को बोर्ड की सहमति



संभल नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक में अपनी बात रखते सदस्य। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद संभल की बोर्ड बैठक में गृहकर और जलकर टैक्स का मुद्दा छाया रहा। बैठक में सदस्यों द्वारा शासन द्वारा बढ़ाए गए टैक्स को कम करने और पुराने टैक्स को बहाल करने की मांग जोर-शोर से उठाई गई। बोर्ड ने बढ़े हुए टैक्स को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजने का निर्णय लिया।

शनिवार को बोर्ड बैठक नगर पालिका परिषद सभागार में अध्यक्ष आसिया मुशीर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभागार के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। बैठक में सात बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिन्हें कर निर्धारण अधिकारी एवं कार्यवाहक लेखाधिकारी कार्तिकेय यादव ने प्रस्तुत किया। बैठक में गृहकर व जलकर की वर्तमान मांग 17.40 करोड़ रुपये से घटाकर 8 करोड़ रुपये किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सभासदों ने पुराने टैक्स की वसूली लागू करने और बढ़ाए गए नए टैक्स को समाप्त करने की मांग की, जिसे सर्वसम्मति से पास कर शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज को 90 वर्ष के लिए लीज पर दी गई जमीन पर लगने वाले टैक्स को पुनः बहाल किया गया। पहले इसे माफ किया गया था, जिसे अब नगर पालिका अधिनियम के विरुद्ध मानते हुए फिर से लागू किया गया है। नगर क्षेत्र के शेर खां सराय में यूनानी चिकित्सालय निर्माण को मंजूरी दी गई। साथ ही वाटर बायो रेमेडिएशन योजना के तहत गंदे पानी को साफ करने के लिए नया टेंडर जारी करने का प्रस्ताव भी पास हुआ, जिससे खेतों में जाने वाला पानी स्वच्छ रह सके। जल निकासी व्यवस्था सुधारने के लिए 15 लाख रुपये के निर्माण कार्य को भी स्वीकृति दी गई। सभासद मौहम्म्द गौहर और मौहम्म्द शौकीन द्वारा नगर पालिका के प्रत्येक विभाग में समिति गठन की मांग रखी गई, जिसे बोर्ड ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। सभासद गगन वार्ष्णेय ने कहा कि छोटे और बड़े बकायेदारों को राहत देने के लिए टैक्स किस्तों में जमा करने का प्रस्ताव भी पास किया गया है। वहीं सभासद मौहम्मद शौकीन ने बताया कि लंबे समय से टैक्स नहीं बढ़ाया गया था, जिसके चलते शासन द्वारा इसे बढ़ाया गया है, लेकिन अब इसे कम करने के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है। अधिशासी अधिकारी डॉ. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनमें से अधिकांश को सर्वसम्मति से पारित किया गया है, जबकि कुछ प्रस्तावों में संशोधन कर शासन को भेजा जाएगा। बैठक के दौरान पिछली बोर्ड बैठक में पास निर्माण कार्यों के अधूरे रहने का मुद्दा भी उठा। इस पर जेई अमन वर्मा ने बताया कि 28 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत हुए थे, जबकि उपलब्ध बजट 10 करोड़ रुपये ही था, जिसके अनुसार ही कार्य कराए गए। करीब एक घंटा 18 मिनट चली बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए और सभासदों ने विकास कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया।

# युवती को अगवा कर बेचने दुष्कर्म मामले में चार दोषी

**संवाददाता,चंदौसी**

- अदालत ने सुनाई सजा, दो आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**अमृत विचारः** गुन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को अगवा कर बेचने और कई लोगों द्वारा शोषण करने के मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने एक महिला समेत चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं में कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है, जबकि दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

7 अगस्त 2015 को पीड़िता अपने घर से नाराज होकर बुआ के यहां जा रही थी। रास्ते में उसे सरोज नाम की महिला मिली, जिसने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अगवा कर लिया। उसे बांके नामक व्यक्ति को 50 हजार में बेच दिया, उसने एक वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण किया। वहां से पीड़िता मुकेश निवासी थाना बिल्सी, बदायूं ने उसे जबरन घर में रखकर दुष्कर्म और विरोध करने पर मारपीट की। यहां से भी भागी पीड़िता को रास्ते में रामेश्वर उर्फ पुजारी ने बंधक बना कर उससे दुष्कर्म किया। लगातार अत्याचार सहने के बाद पीड़िता 4 सितंबर 2019 को किसी तरह घर पहुंची परिजनों को आपबीती बताई। पिता ने थाना गुन्नौर में सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना में सुल्तान नाम का एक और आरोपी और सामने आया। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी नरेंद्र कुमार यादव ने पैरवी की। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने ने सरोज को धारा 342, 370, 328 के तहत 6 माह, 7 वर्ष और 5 वर्ष के कठोर कारावास व 15,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मुकेश को धारा 342, 376, 328 में 6 माह, 12 वर्ष और 7 वर्ष के कठोर कारावास व 30,500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई। रामेश्वर को भी समान धाराओं में 6 माह, 7 वर्ष और 12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 30,500 रुपये का अर्थदंड दिया। वहीं सुल्तान को धारा 342, 370 में 6 माह और 7 वर्ष के कठोर कारावास तथा 10,500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया।

# डिवाइडर से टकराई तेज बाइक, मजदूर की हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

- काफी दूर तक बिना चालक दौड़ने के बाद गिरी बाइक

**अमृत विचारः** बहजोई थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। युवक खाना खाने के लिए बाइक से जा रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद उसकी बाइक काफी दूर तक बिना चालक के दौड़ती रही।

सतपाल कुमार (22) निवासी गांव बमनेटा बहजोई कस्बे में स्थित भगत जी मिल में मजदूरी करता था। वह दोपहर में बाइक से ढाबे पर खाना खाने के लिए निकला था। इसी दौरान रास्ते में अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरते हुए डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं उसकी बाइक बिना रुके काफी दूर आगे जाकर गिरी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

हादसे के बाद पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। काफी देर बाद युवक की पहचान हो सकी। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा बाइक के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के कारण हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# छह साल की मासूम से छेड़छाड़, आरोपी फरार

**बबराला, अमृत विचारः** गुन्नौर कस्बे में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान एक छह वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के एक मोहल्ले में चल रहे निकाह समारोह में एक मासूम बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान समारोह में खाना बनाने आए एक कारीगर ने उसे बहला-फुसलाकर एक कोने में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। बच्ची घबराई हुई हालत में रोते हुए परिजनों के पास पहुंची और पूरी घटना बताई। परिजनों ने तत्काल आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। बच्ची के परिजनों ने कोतवाली गुन्नौर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, जीरो ड्रॉप आउट का लक्ष्य

- राज्यमंत्री गुलाब देवी व अन्य अतिथियों ने नव नामांकित बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत, रैली निकालकर किया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई**




बहजोई में बच्चों के साथ राज्य मंत्री गुलाब देवी, डीएम राजेंद्र पैंसिया व अन्य अतिथि।

**अमृत विचारः** जनपद में नए शैक्षिक सत्र के लिए स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। 'एक भी बच्चा छूटे ना, संकल्प हमारा टूटे ना' के संकल्प के साथ जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि नए नामांकित बच्चों का तिलक लगाकर व पुस्तकें भेंट कर स्वागत किया जाना सराहनीय पहल है।

अभियान का शुभारंभ वाराणसी के कम्पोजिट विद्यालय शिवपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया, जिसका सजीव प्रसारण बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और छात्र-छात्राओं ने देखा और सुना। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत नए नामांकित बच्चों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है। बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और पुस्तकें देकर स्वागत करना सराहनीय पहल है, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास और आत्मबल की वृद्धि होती है। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल चलो अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा। पहला चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक और दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में जीरो ड्रॉप आउट सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शारदा एप के माध्यम से ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान की जाएगी और उन्हें विद्यालयों में नामांकित कराया जाएगा। इस दौरान नव नामांकित बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर, माला पहनाकर और पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अंत में स्कूल चलो अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### सरकारी विद्यालय अब निजी विद्यालयों से कम नहीं : डीएम

**संभल।** जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि इस अभियान को उत्सव की तरह मनाते हुए बच्चों, अभिभावकों, मीडिया, सोशल मीडिया, पोस्टर-बैनर और एलईडी वैन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन हो सके। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शनिवार को बच्चों को स्कूल चलो अभियान की शपथ दिलाई जाए और ग्राम स्तर पर रैलियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय किसी भी तरह से निजी विद्यालयों से कम नहीं हैं और पीएम श्री विद्यालयों का इंफ्रास्ट्रक्चर तो और बेहतर हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रभावी कार्य कर रहे हैं।

# संभल में अस्पताल सील, जांच शुरू

**कार्यालय संवाददाता,संभल**



संभल में अस्पताल को सील कराते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार। • अमृत विचार

- सिटी मजिस्ट्रेट को छापेमारी में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

**अमृत विचारः** शहर के रुकनुद्दीन सराय में डिग्री बदलकर मरीजों का इलाज करने और बिना वैध योग्यता के अस्पताल संचालित करने का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील करा दिया। ।

शनिवार शाम करीब चार बजे सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने थाना नखासा क्षेत्र के गांव रूकनुद्दीन सराय स्थित अशरफी चौराहा पर संचालित जीवन रेखा मेडिकेयर सेंटर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब थी और स्वास्थ्य मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। मौके पर मौजूद अमान ने बताया कि अस्पताल का संचालन डॉ. करार हुसैन करते हैं। जब डॉक्टर के चैंबर की जांच की गई तो वहां मिले लेटर पैड पर डॉ. परवेज खान, एमडी (एएमयू अलीगढ़) लिखा हुआ मिला। संदेह होने पर जब डॉक्टर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने खुद को बीयूएमएस बताया और यह भी स्वीकार किया कि परवेज खान उनका ही दूसरा नाम है। एमडी की डिग्री के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया और कहा कि यह ऐसे ही लिखवा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में 5-6 बेड लगे हुए मिले। एक कमरे में दो बेड और एक पुरानी सर्जरी टेबल मिली, जिससे प्रथम दृष्टया यह कमरा ऑपरेशन थिएटर के रूप में उपयोग होता प्रतीत हुआ। इसके साथ ही सटे कमरे में 3-4 बेड और पल्स मॉनिटर जैसे उपकरण भी पाए गए, जो गंभीर मरीजों के इलाज में उपयोग किए जाते हैं। यहां बिना अनुमति ऑपरेशन भी किए जा रहे थे। अस्पताल का चिकित्सा पंजीकरण प्रमाण-पत्र 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुका है।

# मुफ्त राशन वितरण 6 से 20 अप्रैल तक, घटतौली पर सख्ती

**संभल,अमृत विचारः** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अप्रैल माह का निशुल्क राशन वितरण 6 अप्रैल से 20 अप्रैल तक कराया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ने कहा कि जनपद में सभी उचित दर दुकानों पर निर्धारित अवधि में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रति राशन कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं और 14 किलोग्राम चावल, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 3 किलोग्राम गेहूं और 2 किलोग्राम चावल, कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

वितरण प्रक्रिया में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे उपभोक्ता किसी भी उचित दर दुकान से अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे। खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की गई है।

आधार प्रमाणीकरण में समस्या होने पर उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से भी राशन उपलब्ध कराया जाएगा। सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद ही निर्धारित मात्रा में पूरा खाद्यान्न उपभोक्ताओं को दें। प्रत्येक उचित दर दुकान पर कम से कम 10 लाभार्थियों का आइरिस स्कैनर के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# रामकथा का उद्देश्य भवसागर से पार कराना: स्वामी कैलाशानंद

- हेलीकाप्टर से बहजोई पहुंचे स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज डीएम ने किया स्वागत

**कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई**




बहजोई में रामकथा सुनाते डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज।



बहजोई में कथा श्रवण करते जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व अन्य श्रद्धालु। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने बहजोई के बड़ा मैदान पर आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामकथा का मूल उद्देश्य मानव को भवसागर से पार कराना और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा कि यदि रामकथा का श्रवण विधिवत और निरंतर किया जाए, तो व्यक्ति उसके गूढ़ अर्थ को समझ सकता है, इसलिए कथा का आयोजन नौ दिनों तक होना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि रामायण एक नहीं, बल्कि अनगिनत स्वरूपों में विद्यमान है। रामायण सतकोटि अपारा, का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सात करोड़ से भी अधिक रामायणों का वर्णन मिलता है। विभिन्न संतों, महात्माओं, विद्वानों और कथाकारों ने अलग-अलग रूपों में रामकथा का वर्णन किया है, लेकिन उसका उद्देश्य और संदेश एक ही है, धर्म की स्थापना और आत्मकल्याण। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि मनुष्य को पहले अपने धर्म को समझना और उसे धारण करना आवश्यक है। उन्होंने श्रीकृष्ण के उपदेश स्वधर्मे निधनं श्रेयः, परधर्मो भयावहः का उल्लेख करते हुए कहा कि अपने धर्म में रहते हुए जीवन समाप्त हो जाना भी कल्याणकारी है, जबकि दूसरे के धर्म को अपनाकर प्राप्त किया गया यश भी अंततः भय और अशांति का कारण बनता है। उन्होंने रामकथा को "मुद मंगलमय" बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति रामकथा के प्रति श्रद्धा रखता है, उसके हृदय में भगवान राम के साथ-साथ भगवान शिव का भी वास होता है। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर सज्जनों की रक्षा करते हैं और दुष्टों का विनाश करते हैं।

सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के विवेक की उत्पत्ति संभव नहीं है। "बिनु सत्संग विवेक न होई" का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सत्संग ही मनुष्य को सही और गलत का ज्ञान कराता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सत्संग की प्राप्ति भी भगवान की कृपा से ही संभव होती है। इससे पहले जब डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज हैलीकाप्टर से बहजोई पहुंचे तो डीएम राजेंद्र पैंसिया ने उनका स्वागत किया। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और श्रद्धा भाव से रामकथा का श्रवण किया। आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा

## न्यूज डायरी

### मिशन शक्ति चौपाल में गुड टच-बैड टच की दी जानकारी



**सौंधन,अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5 .0 के दूसरे चरण के अंतर्गत थाना कैला देवी क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर में शनिवार को जागरूकता चौपाल में पुलिस टीम ने ग्रामीणों और बच्चों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। दरोगा आंचल सिद्धू और कांस्टेबल रजत ने मिशन शक्ति टीम के साथ गांव के बालक एवं बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को सुरक्षित रहने और किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में तुरंत परिजनों या पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया गया। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए लोगों को सतर्क रहने और किसी भी अनजान कॉल या लिंक से बचने की सलाह दी गई। आंचल सिद्धू ने महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने, अपने अधिकारों को पहचानने और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल सहायता लेने के लिए जागरूक किया।

### गुमथल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के डीजल इंजन से 450 लीटर डीजल चोरी

**चंदौसी, अमृत विचार :** आरपीएफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुंथल रेलवे स्टेशन पर 30 मार्च की रात ट्रेन के डीजल इंजन से डीजल चोरी कर लिया गया । आरपीएफ ने एक उरमू नेता समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुमथल रेलवे स्टेशन पर 30 मार्च की रात ट्रेन का एक डीजल इंजन खड़ा हुआ था। रात में किसी समय इस डीजल इंजन से करीब 450 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। चोरी की जानकारी तब हुई जब डीजल इंजन चालक गुमथल स्टेशन से इंजन लेकर चलने को हुआ। उसने इस बारे में रेलवे के अच्चाधिकारियों व रेलवे सुरक्षा बल को अवगत कराया । 31 मार्च की सुबह आरपीएफ पोस्ट प्रभारी गुमथल रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने वहां ड्यूटी पर तैनात स्टाफ से जानकारी ली और स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसके आधार पर तीन आरोपियों की पहचान हुई। इसके बाद आरपीएफ ने इनकी धर पकड़ के प्रयास शुरू कर दिए। आरपीएफ ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। आरपीएफ ने राहुल निवासी गांव फतेहपुर उत्तमा थाना हयातनगर, नितिन निवासी गांव गुमथल थाना बनियाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की है। आरोपियों में एक उरमू पदाधिकारी बताया जा रहा है।

### रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**चंदौसी, अमृत विचार :** नगर के गणेश कालोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्री कृष्ण का रुक्मणि के साथ विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव- विभोर हो उठे। कथा में कथा व्यास ओम प्रकाश महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह प्रेम और साहस का प्रसंग सुनाया। जिसमें श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी की इच्छा अनुसार शिशुपाल से होने वाले उनके विवाह को रोककर उनका हरण किया था। विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने बचपन से ही श्रीकृष्ण को पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल से रिश्ता तय कर दिया था। विवाह से दो दिन पहले, माता रुक्मिणी ने सुदेव नामक ब्राह्मण के हाथों श्रीकृष्ण को एक गुप्त पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने विवाह का आग्रह किया और अपनी रक्षा की विनती की।



### न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में भूमिका निभाएं अधिवक्ता: डॉ. विदुषी सिंह

**संभल, अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन संभल की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल ने अधिवक्ताओं से वादकारी हित का ध्यान रखने व आम जन को समय पर न्याय दिलाने में सहयोगी बनने का आह्वान किया। हिंद स्टेडियम परिसर में आयोजित समारोह के दौरान जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल ने कहा कि वादकारी का हित सर्वोपरि होना चाहिए। शपथ ग्रहण समारोह में एड्रेस कमेटी द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वादकारियों के हितों की रक्षा करना और अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना होगा। सचिव सरफराज नवाज एडवोकेट, चंदौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह, तहसील बार के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, टैक्स बार के अध्यक्ष मोहम्मद इकराम, अधिवक्ता मोहम्मद ताहिर, मसूद अली फारुकी, जफर अली, मोहम्मद जमाल पाशा, अब्दुल रहमान और मोहम्मद नाजिम समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने समारोह में भाग लिया। संचालन तनवीर आलम एडवोकेट ने किया।



# शादी के कार्ड बांटने जा रहे व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में जान गई

## बिलारी में स्विफ्ट कार ने मोपेड को मारी टक्कर, मौके पर जुटी राहगीरों की भीड़

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** मुरादाबाद रोड पर तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने अनियंत्रित होकर मोपेड को टक्कर मार दी। जिससे मोपेड पास सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहीं मृतक के शव का पंचनामा घर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जिला संभल के गांव रुस्तमपुर नियामी के रहने वाले 45 वर्षीय अजय कुमार पुत्र सियाराम की बेटी की शादी थी, लिहाजा वह उसकी शादी के कार्ड बांटने के लिए आसपास क्षेत्र के गांव जा रहे थे। उनके साथ उनके बहनोई जिला संभल के थाना हयात नगर के 50 वर्षीय मेहताब सिंह पुत्र रामकुवंर भी थे। स्विफ्ट कार ने मोपेड को तेज रफ्तार से टक्कर मारी। जिसके बाद स्विफ्ट कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर भारी भीड़ जुट गई।

मेहताब सिंह के गंभीर चोटें आई। जिसके कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पुलिस दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आई। जहां डॉक्टर ने मेहताब सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि अजय कुमार का इलाज कर उसे जिला अस्पताल के लिए भेजा गया है। वहीं परिवार के लोगों को सूचना दी गई है।

### बोलेरो के नीचे फंसा युवक, घायल



**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाने के सामने शनिवार दोपहर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार हिमांशु पुत्र राजबहादुर निवासी रायब नगला को रौंद दिया। हकीम जाहीर दवा खाने पर नौकरी करने वाले हिमांशु थाने की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आई बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान हिमांशु बोलेरो के नीचे बुरी तरह फंस गए, प्रत्यक्षदर्शियों के शोर और पुलिस की मौन मौके पर पहुंचने से चालक हिरासत में लिया गया। राहगीरों की मदद से युवक को बाहर निकालकर थाने के वाहन से सीएचसी कुंदरकी ले जाया गया, जहां नाजुक हालत देख मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

### रिश्तेदारी में आए युवक की सीढ़ियों से गिरकर मौत

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के वरबाला खास में रिश्तेदारी में आए प्रमोद की शुक्रवार रात सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। वरबाला खास निवासी कल्लू के बेटा के बृहस्पतिवार को बेटी हुई थी इसकी खुशी में मैनाठेर थाना क्षेत्र के मदारपुर निवासी फुफेरे भाई प्रमोद (32) वहां आया था। उसके पिता मनवीर भी आए थे। खाना खाने के बाद छत पर सो गए थे रात में बारिश होने पर नीचे उतर रहे थे। सीढ़ियों से पैर फिसलने से नीचे गिर गए, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से गंभीर हालत होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मोहित चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारजनों को सौंप दिया।

## प्रतिबंधित भूमि सर्वे निजी कंपनी के तीन अधिकारी गिरफ्तार

**संवाददाता, कांठ, अमृत विचारः** नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित आवासीय भूमि का सर्वे करने के मामले में थाना पुलिस ने एक निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर में आवास स्वीकृत हुए हैं तथा कुछ प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि सर्वे के नाम पर किसी को परेशान न किया जाए।

शनिवार को निजी कंपनी के अवर अभियंता दीपक कुमार निवासी मऊ, विक्की कुमार निवासी जटपुरा, नजीबाबाद, बिजनौर तथा हिमांशु निवासी भीखनपुर आसलपुर कांठ नगर में प्रतिबंधित भूमि का सर्वे करने पहुंच गए। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को मिलने पर तीनों को तहसील बुलाया गया। इसके बाद थाना पुलिस ने तीनों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लेकर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह के अनुसार तीनों अधिकारी प्रतिबंधित भूमि का सर्वे कर रहे थे, जिसके चलते कार्रवाई की गई।

## बाइक सवार युवक पर दबंगों ने की फायरिंग

- बाल-बाल बचे दोनों भाई
- आरोपी हो गए फरार

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम शेरूआ धर्मपुर निवासी जीशान पुत्र इरफान को आशीष शर्मा पुत्र अमित शर्मा निवासी ग्राम गुलड़िया थाना नौगांवा सादात ने इंस्टाग्राम पर मैसेज भेज कर जान से मारने की धमकी दी थी। शुक्रवार रात्रि करीब 7:42 पर जीशान अपने भाई अफशान के साथ शेरूआ चौराहा से अगवानपुर की ओर जा रहा था तभी पीछे से आशीष शर्मा पुत्र अमित शर्मा निवासी ग्राम गुलड़िया थाना नौगांवा सादात आ गए ओर जान से मारने की नीयत से दोनों भाइयों का पीछा करने लगे। जब इसका आभास दोनों भाइयों को हुआ तो उन्होंने बाइक गली की तरफ़ मोड़ दी। ये देख आशीष शर्मा ओर उसके साथ अज्ञात युवक ने फायरिंग कर दी। जिससे दोनों भाई बाल बाल बच गए। गली में पहुंचते ही दोनों दबंग युवक फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी तहरीर थाना सिविल लाइंस में देकर कार्यवाही की मांग की हैं।

## वैश्विक लॉजिस्टिक्स संकट से निर्यातकों पर संकट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कंटेनर दरों में भारी उछाल और लंबी शिपिंग अवधि से ऑर्डर रद्द होने का खतरा बढ़ा

**अमृत विचार :** पीतलनगरी के हस्तशिल्प निर्यातकों के सामने इन दिनों वैश्विक लॉजिस्टिक्स संकट एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। पश्चिम एशिया और लाल सागर क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण समुद्री परिवहन प्रभावित हुआ है, जिससे शिपिंग लागत और समय दोनों में भारी वृद्धि हुई है।

निर्यातकों के अनुसार, पिछले महीने से कंटेनर दरों में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी हो चुकी है। इसका सबसे अधिक असर कम कीमत लेकिन अधिक मात्रा वाले उत्पादों, जैसे बड़े फूलदान, लैंप और सजावटी सामान पर पड़ रहा है।

कई मामलों में तो माल की ढुलाई लागत ही उत्पाद की कीमत से अधिक हो जा रही है, जिससे व्यापार घाटे में जा रहा है।

निर्यातक सुरेश गुप्ता ने बताया कि जहाजों को संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों से बचाने के लिए लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे डिलीवरी में देरी हो रही है। इसका सीधा असर निर्यात पर पड़ रहा है, क्योंकि अमेरिका और यूरोप में क्रिसमस व स्प्रिंग कलेक्शन जैसे सीजनल ऑर्डर समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। परिणाम स्वरूप कई ऑर्डर रद हो रहे हैं और निर्यातकों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ पेनल्टी भी झेलनी पड़ रही है। यदि जल्द ही हालात सामान्य नहीं हुए तो उद्योग पर गंभीर संकट आ सकता है और छोटे व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित होंगे।

### बढ़ती लागत से मुनाफा घटा

कंटेनर दरों में तेजी से हुई वृद्धि के कारण निर्यातकों का मुनाफा लगातार घट रहा है। कई छोटे व्यापारी ऑर्डर लेने से भी बच रहे हैं, क्योंकि लागत और जोखिम दोनों बढ़ गए हैं। वहीं, लाल सागर मार्ग से बचने के लिए जहाजों को लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे ईंधन खर्च और समय दोनों बढ़ रहे हैं। इसका अतिरिक्त बोझ सीधे निर्यातकों पर पड़ रहा है।

## मुंबई की नौसेना नर्सिंग एक्सपर्ट्स ने जीते दो बेस्ट रिसर्च अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से प्रास्पैक्ट एंड चैलेंजेज़ फॉर अर्ली एंड एडवांस हेल्थकेयर रिसर्चर्स पर दो दिनी कॉन्फ्रेंस- केयरकॉन-2.0 में महाराष्ट्र के इंडियन नेवल हॉस्पिटल शिप- आईएनएचएस में कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रो. लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति पी. शेवाले ने रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में प्रथम अवार्ड प्राप्त किया। जबकि आईएनएचएस की ही प्राचार्या कर्नल एएस सरिता दूसरे नंबर पर रहीं।

सिस्टर निवोदिता यूनिवर्सिटी- पश्चिम बंगाल के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सुवर्णा नेगी ने तीसरा स्थान पाया। रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में आईसीएमआर- नई दिल्ली के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ. योगेश कुमार वार्ष्णेय, टीएमयू नर्सिंग की प्रो. सुमन वशिष्ट और प्रो. अनुषी सिंह इवैल्यूएटर रहे। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- केयरकॉन में देश-विदेश के जाने-माने नर्सिंग एक्सपर्ट्स ने वर्चुअली 30 रिसर्च पेपर्स प्रजेंट किए। दूसरी ओर विला कॉलेज मालद्वीप की फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज़ की डिप्टी डीन डॉ. मनो प्रिया विजयान ने शोधकर्ताओं को शोध प्रस्ताव तैयार करने की वैज्ञानिक और संरचित प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। प्रभावी ग्रांट राइटिंग के लिए आवश्यक तत्वों जैसे उद्देश्य, कार्यप्रणाली और बजट निर्धारण पर विशेष जोर दिया।

बॉम्बे हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग-इंदौर की प्रो. एमएस विंसी मॉडरेटर रहीं। वीसी प्रो. वीके जैन, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. एम. जेसलीन, प्राचार्या प्रो. श्योली सेन, डॉ. अनुराग वर्मा आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

## मदरसा-मस्जिद समेत अवैध निर्माण हटाने को अब चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ किया गांव का दौरा

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद में ग्राम समाज की भूमि पर हुए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई तेज हो गई है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह और नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

बताया गया कि करीब साढ़े तीन बीघा सरकारी जमीन पर पहले मदरसा, फिर मस्जिद और बाद में पांच दुकानें व आठ मकान बना लिए गए थे। राजस्व विभाग की पैमाइश के बाद संबंधित लोगों को 8 दिन का अल्टीमेटम दिया गया था, जिसके बाद अब ग्रामीण खुद ही अवैध निर्माण को तोड़ रहे हैं।



सरकारी जमीन पर किये गये निर्माण को देखते तहसीलदार धीरेंद्र कुमार।

तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर हुए अवैध निर्माण को हटाने के लिए ग्रामीणों ने स्वयं पहल की है। मजदूरों की संख्या कम होने के कारण बुलडोजर की मांग की गई है, जिसे जल्द उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कार्रवाई तेजी से पूरी हो सके। प्रशासन की सख्ती के बाद दुकानों को खाली कर तोड़ा जा रहा है, जबकि कुछ मकानों में रह रहे लोगों ने अभी अपने घर तोड़ने से इंकार किया है। मदरसा और उससे जुड़ी मस्जिद को भी हटाया जा रहा है।

मुतवल्ली नुसरत अली और ग्राम प्रधान हाजी मुनव्वर ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर वे खुद ही निर्माण हटा रहे हैं और जल्द ही पूरी जमीन खाली कर दी जाएगी। मदरसा, मस्जिद, दुकानें और मकान सभी सरकारी जमीन पर बने थे, इसलिए अब नियमों का पालन करते हुए उन्हें हटाया जा रहा है।

## न्यूज डायरी



### डीएम ने अधिकारियों को दी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की हिदायत

**संभल, अमृत विचार :** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील संभल के सभागार में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जनता की शिकायतें सुनीं। अफसरों को हिदायत देकर कहा कि शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण किया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक कर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों को किसी भी स्थिति में लंबित न रखा जाए और प्रत्येक प्रार्थना पत्र का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में शामिल है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और शिकायतों के समाधान में लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो।



### तेंदुए के हमलों पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** गन्ने की प्रजाति, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन को धार देने के लिए भारतीय किसान यूनियन की "गांव की चौपाल" यात्रा लगातार जारी है। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह के नेतृत्व में गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद किया जा रहा है। इस दौरान किसानों ने एक नया मुद्दा उठाते हुए क्षेत्र में लगातार हो रहे तेंदुए के हमलों पर चिंता जताई। किसानों का कहना है कि तेंदुए के डर से खेतों पर जाना मुश्किल हो गया है, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे नरभक्षी तेंदुओं को चिन्हित कर जल्द पकड़ा जाए और सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। किसानों ने आरोप लगाया कि हाल ही में बच्ची पर हमला करने वाले तेंदुए को पकड़ने के बाद भी उसे पिंजरे में ही रखा गया है, जबकि उसे अन्य सुरक्षित स्थान पर भेजने की कोई व्यवस्था अब तक नहीं की गई है। इस संबंध में वन विभाग के कर्मचारी पुष्पेंद्र ने बताया कि नरभक्षी तेंदुओं को चिड़ियाघर या सुरक्षित वन क्षेत्र में भेजा जाता है, लेकिन आसपास ऐसा कोई क्षेत्र उपलब्ध नहीं है। शनिवार को भाकियू द्वारा चंगेरी और मुंडाला गांव में चौपाल बैठकों का आयोजन किया गया।

### इंटर स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में ओजस, आयुषी, आरुष व इनाया विजेता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में जिला शतरंज संघ की ओर से शनिवार को इंटर स्कूल यूथ शतरंज चैंपियनशिप आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में शहर के 15 से अधिक स्कूलों के 200 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अंडर-16 बालक वर्ग में ओजस अग्रवाल पहले स्थान पर रहे। नमन वाधवा दूसरे और केंद्रीय विद्यालय के मानस आर्य तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में आयुषी सिंह प्रथम, अग्रिमा प्रताप व गार्गी देवल द्वितीय और आदिना एडमजिन्स तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-13 के बालक वर्ग में आरुष ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कुश दूसरे और देवांग तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-13 बालिका वर्ग में इनाया अजम ने पहला, द्विशा पांडे ने दूसरा और अदृशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-10 के बालक वर्ग में हार्दिक प्रथम, शिवेश द्वितीय एवं उत्कर्ष तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, बालिका वर्ग में अलीजा फातिमा पहले, अलिवा अजम दूसरे और परेदी तीसरे स्थान पर रहीं। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि अल्पना गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाचार्य डॉ. सी.बी. जदली ने कहा कि शतरंज से विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता और एकाग्रता का विकास होता है। संचालन मनिंदर कौर, वासु अग्रवाल ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता, राजेश रस्तोगी, कंवलप्रीत खुराना, जिला शतरंज संघ से चंद्रकांत सरन, राजदीप कौर, शवी, मनोज कुमार, तनजीत सिंह, रीतिका टंडन, अंकिता, पुलकित आदि मौजूद रहे।





### श्रीमद्भागवत कथा में सुनाई सृष्टि के आरंभ की कथा

**सैफनी, अमृत विचार :** आयोजक संजय रस्तोगी की देखरेख में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को तीसरे दिन वृंदावन गोवर्धन से आए पंडित गोविंद आचार्य ने कथा सुनाई। उन्होंने भागवत कथा में सृष्टि के आरंभ की कथा विदुर चरित्र, दक्ष का मानमर्दन एवं श्री शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग का व्याख्यान किया। इस दौरान राकेश जोशी, मुकेश गुप्ता, नरेश शर्मा, पंकज शर्मा, शोभित शर्मा, विष्णु गुप्ता, सुशील फौजी, टिंकू जोशी ल,ठाकुर यशपाल, संजय रस्तोगी, जितेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### केमिकल के पानी से 200 बीघा जमीन बंजर किसानों में रोष

**कांठ, अमृत विचार :** कई बरसों से मोढ़ा व खेमपुर सैफुल्लापुर के किसान अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों से मिल चुके हैं और न्याय की मांग की लेकिन नगर से केमिकल का पानी आज भी बह रहा है जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर कांठ के मोढा व खेमपुर से सैफुल्लापुर के किसानों की भूमि में आज भी नगर से केमिकल का पानी जा रहा है जिसके कारण खेती में कोई भी फसल नहीं हो पा रही है जिसके कारण किसानों ने पानी का मार्ग बदलने और नाला बनवाने की मांग को लेकर कई बार जिला स्तर व मुख्यमंत्री को भी इसकी शिकायत भेज चुके हैं। स्थानीय विधायक कमाल अख्तर से भी आवेदन पत्र देकर शिकायत की है। मोहल्ला पट्टी वाला निवासी रामदेव सिंह की लगभग 3 एकड़ भूमि केमिकल का पानी जाने से कई वर्षों से खराब पड़ी है। लेकिन केमिकल के पानी को रोकने की मांग की है लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही से आज तक नाला नहीं बन पाया और ना ही केमिकल के पानी को रोकने की कोई व्यवस्था हुई। लगभग चार दर्जन किसानों की भूमि इसी केमिकल के पानी जाने से बंजर पड़ी है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत पत्र भेजकर दोबारा जांच कर न्याय की मांग की गई है। मांग करने वालों में रामदेव सिंह, राजपाल सिंह , नन्हे, वीरेंद्र सिंह, रामपाल सिंह ,ओमवीर, राजाराम, राहुल सैनी, जयवीर आदि किसानों ने नाले को बनाने की मांग की है।

## भाजपाई सेवाभाव से करते हैं कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भाजपा महानगर के रामगंगा विहार नगर मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान शनिवार को आशियाना कॉलोनी स्थित एक बैंक्वेट हाल में शुरू किया गया। प्रथम सत्र में पश्चिम क्षेत्र की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर आधारित होते हैं और सेवा भाव से कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन, बूथ प्रबंधन, सरकार की उपलब्धियों और सोशल मीडिया तथा एआई के उपयोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दूसरे सत्र में विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने कहा कि भाजपा संगठन में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है।





प्रशिक्षण महा अभियान में कार्यकर्ता को संबोधित करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

- दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का पहला दिन

तीसरे सत्र में महपौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा संगठन की कार्यपद्धति में सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधिगण सदैव सेवाभावी होते हैं। रामगंगा विहार नगर मंडल के अध्यक्ष विपिन प्रजापति ने कहा कि इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ता और पदाधिकारी पार्टी पहले से और अधिक मजबूत होंगे। संचालन मंडल महामंत्री मयंक कश्यप और मंडल महामंत्री अनुज शर्मा ने आभार जताया।

प्रशिक्षण महाभियान में महानगर संयोजक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, सह संयोजक सुनीता शर्मा, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र विश्नोई, अनुज शर्मा, वनिता मल्होत्रा, विजय वर्मा, विशाल अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, अजय वर्मा, सुमित चौहान, हरिओम सैनी, पार्षद पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कर्तव्य और उत्तरदायित्व की दिलाई गई शपथ

संवाददाता, चंदौसी

- ह्मण महिला सभा नगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

**अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा तत्वावधान में शनिवार को पुष्प विहार आवास विकास में ब्राह्मण महिला सभा नगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्राह्मण महिला सभा की संरक्षिका उर्मिला शर्मा, जिला सचिव आशा सारस्वत, सुमन मिश्रा के द्वारा गणेश भगवान जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।सभी सदस्यों ने कल्याण मंत्र का जाप किया। उसके पश्चात समस्त महामंत्री रंजना शर्मा द्वारा अध्यक्ष रानी शर्मा, सचिव नीलम राय, कोषाध्यक्ष अंशु नागर और उपाध्यक्ष सुधा शर्मा तथा सुनीता शर्मा को ब्राह्मण महिला सभा के प्रति उत्तरदायित्वों, कर्तव्यों व अनुशासन बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी। सभा संरक्षिका वरिष्ठ पदाधिकारी उर्मिला शर्मा और रंजना शर्मा ने समस्त सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उर्मिला शर्मा, आशा सारस्वत, सुमन मिश्रा,रानी शर्मा,सुनीता शर्मा,मीरा शर्मा,नीलम राय, अंशु नगर, सुधा शर्मा, साधना पाठक, सपना शर्मा, माधुरी शर्मा, शिप्रा शर्मा, निर्मला मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा सारस्वत ने की व संचालन रंजना शर्मा ने किया।

## 205 निपुण व 15 पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाध्यापक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर में आयोजित कार्यक्रम का प्रसारण पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों आदि ने सामूहिक रूप से देखा। इसमें शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। शनिवार को स्थानीय स्तर पर 205 निपुण विद्यालय और 15 पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता डीएम अनुज सिंह ने की।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। शिक्षकों ने नाटक मंचन से अभिभावकों को बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया।



पंचायत भवन सभागार में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के दौरान मौजूद जन प्रतिनिधि, डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एवं ड्रॉपआउट दर कम करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज के समग्र विकास का आधार है। विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के उन्नयन के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। पीएमश्री विद्यालयों की त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन किया गया। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 205 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निपुण प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, बीईओ राजेश चतुर्वेदी, बेगीश गोयल, डीसी सामुदायिक सहभागिता अमित कुमार सिंह, डीसी प्रशिक्षण अखिलेश कुमार, बबीता मेहरोत्रा, एसआरजी डॉ. सचिन शुक्ला, डॉ. ऋतु त्यागी, संजय विशाल नेगी, फैजान अली, निशित अरोरा, रोशनी वर्मा, रत्नेश बाला, मोहम्मद तसलीम , राजकुमार, सहित निपुण टीम के एआरपी, संकुल शिक्षक, बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरनन्दन प्रसाद ने किया।

- स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण में शिक्षकों ने देखा सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है, जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# मानव व्यक्तित्व का आधार है दिनचर्या

अनुशासनविहीन जीवन में स्वस्ति और लोकमंगल नहीं होते। प्रकृति स्वयं अनुशासन में गतिशील है। मनुष्य के लिए इसी अनुशासन का पालन उपयोगी दिनचर्या है। इसका संबंध स्वस्थ मन से है। स्वस्थ बुद्धि से है और निर्मल आत्मा से भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्त व्यक्तित्व के धनी हैं। उच्च कोटि के संसद विज्ञ, 5 बार के सांसद व दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं। व्यवहार में अनुशासित अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित जनप्रिय राजनेता हैं। योगी हैं। सो अनुशासन में रहते हैं और अपने परिचितों से भी अनुशासित रहने की अपेक्षा करते हैं। वे हमारे प्रति शुभेक्षु हैं। हम लोग भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा करते रहे हैं। वे योग विज्ञानी भी हैं। योग का हमारा ज्ञान किताबी है, लेकिन उनका ज्ञान अनुभव अनुभूति और व्यावहारिक जीवन से भरा पूरा है।

चार दिन पहले आकाशवाणी का 89 वां स्थापना वर्ष मनाया गया था। उसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया था। आकाशवाणी के वरिष्ठ महानुभाव भी सम्मानित किए गए थे। पद्मश्री में मेरा भी नाम था। योगी जी ने उस कार्यक्रम में मेरी दिनचर्या पर चर्चा की। उन्होंने कुछ पुरानी बातें खोलीं और याद कराया कि हमारी दिनचर्या अनुशासित नहीं थी। उन्होंने मुझे याद कराया की देर रात तक जागना स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं होता। मैंने उनसे बताया के दिन भर राजनीतिक कारणों से व्यस्तता रहती है और रात में लिखने-पढ़ने का समय मिलता है। उन्होंने हंसते हुए कहा था कि यही दिनचर्या उलट दी जाए और सुबह जल्दी उठा जाए और रात्रि में जल्दी सोया जाए। इन्हीं पुरानी बातों को उन्होंने आकाशवाणी के कार्यक्रम में फिर से दोहराया।

दिनचर्या व्यक्तित्व का आधार है। दिनचर्या का अनुशासन प्रायः हमारा निर्णय होता है। इसमें थोड़ी सी चूक भी क्षतिकारी होती है। दिनचर्या पर देशकाल का भी प्रभाव पड़ता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाली दिनचर्या चलती है। आदर्श दिनचर्या पर प्राचीन भारत में अच्छा और परिश्रम हुआ है। अच्छी दिनचर्या में अच्छी नींद, अच्छा जागरण और अच्छे आहार की आवश्यकता होती है। उसे कालखंड में अन्न की विशेष महत्ता पर जोर दिया गया है। अन्य भौतिक पदार्थ है। प्राचीन अनुभूति में वह दिव्य है। तैत्तरीय उपनिषद के एक सुंदर मंत्र में कहते हैं, "कि यह व्रत संकल्प है कि अन्न की निंदा न करें। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतरसंबंध है। अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है, जो यह जान लेता है उसकी दिनचर्या आदर्श हो जाती है।" उपनिषद में कहते हैं कि "आहार का अर्थ अन्न है।" आहार साधारण खाद्य वस्तु नहीं है। आहार का संबंध अनुशासित दिनचर्या से भी है। व्यापक अर्थों में अनुशासित दिनचर्या के पांच द्वार हैं। देखना भी एक आहार है। देखे गए दृश्य चित्र को प्रसन्न या अप्रसन्न करते हैं। सुंदर दर्शन में मन प्रसन्न होता है। अभद्र दर्शन में मन अप्रसन्न होता है। इसलिए देखने में भी संयम की आवश्यकता है। पढ़ना भी एक आहार है। अनुशासित दिनचर्या वाला ज्ञानवर्धक अध्ययन मन स्वस्थ रखता है। निराश करने वाली सूचनाएं कष्ट पहुंचाती हैं।

> इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है। दृश्य, श्रव्य, नाक, स्पर्श और रसना पांच द्वार हैं। इनसे हम कुछ न कुछ लिया करते हैं। जीवनचर्या के अनुशासन में इन पांचों द्वारों की भूमिका है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में 10 दिशाएं हैं। काल गणना भी है। वासना भी जन्म और जीवन के साथ आई है। वासना का अनुशासन प्रार्थना है। जीवन ऊर्जा का अधोगामी प्रवाह वासना है। वासना भी एक दिशा है, लेकिन इसका कार्यव्यवहार दुखदायी है। लोकमंगल के विपरीत भी है। जीवन ऊर्जा की दूसरी दिशा प्रार्थना है। वासना और प्रार्थना दोनों में ही हमारी चेतन ऊर्जा ही मुख्य कारक है। दोनों में स्वयं के प्रति आस्तिकता है, लेकिन प्रार्थना में प्रार्थना के प्रति गजब का विश्वास है। ऋग्वेद में प्रार्थना है-हे देवो! हमारा मन शुभ करो। यजुर्वेद में प्रार्थना है-तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु-हमारे मन को कल्याणकारी संकल्प से भरो। विरोधाभास ध्यान देने योग्य है। मन हमारा है, इसे शुभ या शिव बनाने की प्रार्थना हम दूसरे से क्यों करते हैं? प्रार्थना का अंतर्भूत तत्व ऐसा नहीं है। कोई देवता प्रार्थना सुनकर हमारा मन ठीक करे या न करे? लेकिन चित्त से उगी प्रार्थना हमारे चित्त के अणु-परमाणु को शिव तत्व से भर देती है। मैंने हजारों निबंध लिखे हैं। कोई पूछे कि इन सबका आधारभूत तत्व क्या है? मैं उत्तर देता हूं कि हमारा लेखन, भाषण और समूचा राजनैतिक कार्य-व्यवहार प्रार्थना ही है। सिर्फ प्रार्थना ही। प्रार्थना है कि हिंसा से भरे स्वजन संवेदनशील हों। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनों का मंतव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) अभ्यास का संकल्प महत्वपूर्ण है। अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं,"ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36)

पतंजलि योग सूत्रं में दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रांति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है, तब मनुष्य स्वस्थ रहता है, जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है।

पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है, लेकिन योग का विज्ञान पढ़ने से ही समझ में नहीं आता। यह पठनीय कम करणीय ज्यादा है। लेकिन हमारी लत है कि पठन-पाठन ही ज्यादा है, करणीय कम।

# पहाड़ों की धुंधली होती आवाजें

कुमाऊंनी भाषा ने उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान में लंबे समय से एक केंद्रीय स्थान बनाए रखा है। यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्मृतियों, लोक ज्ञान और सांस्कृतिक निरंतरता की एक महत्वपूर्ण वाहक भी है। हालांकि वर्तमान समय में यह भाषा एक गंभीर अस्तित्वगत संकट का सामना कर रही है। दैनिक जीवन में इसका उपयोग लगातार कम हो रहा है और युवा पीढ़ी के बीच इससे जुड़ाव या इसकी जानकारी भी तेजी से सीमित होती जा रही है।



अपूर्वा लोहुमी
असिस्टेंट प्रोफेसर

दरअसल, भाषा किसी भी समुदाय की ज्ञान प्रणाली की नींव होती है। कुमाऊंनी भाषा में रची-बसी लोक कथाएं, गीत, कहावतें और पारंपरिक अभिव्यक्तियां इस क्षेत्र के पारिस्थितिक और सामाजिक अनुभवों का एक समृद्ध संग्रह प्रस्तुत करती हैं, इसलिए किसी भाषा का विलुप्त होना केवल शब्दों का खोना ही नहीं, बल्कि एक विशिष्ट ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विश्व दृष्टिकोण का विघटन भी है। कुमाऊंनी भाषा के पतन के लिए कई सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कारक जिम्मेदार हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कारक है पलायन। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी केंद्रों की ओर लोगों के पलायन से उनके भाषाई व्यवहार में बदलाव आता है। शहरों में, हिंदी और अंग्रेजी जैसी प्रमुख भाषाएं सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक और आजीविका के साधन के रूप में कार्य करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुमाऊंनी जैसी क्षेत्रीय भाषाएं हाशिए पर चली जाती हैं। शिक्षा प्रणाली इस असंतुलन को और भी गहरा कर देती है। औपचारिक स्कूली शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं को शायद ही कभी कोई स्थान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे मुख्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी में ही भाषाई दक्षता हासिल कर पाते हैं। नतीजतन, कुमाऊंनी भाषा केवल घरेलू और अनौपचारिक परिवेश तक ही सीमित होकर रह जाती है और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इसका हस्तांतरण धीरे-धीरे बाधित हो जाता है।

> सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके।

इसके अतिरिक्त बदलती सामाजिक आकांक्षाएं भी इस समस्या को बढ़ाने में योगदान देती हैं। विशेष रूप से, अंग्रेजी भाषा को अक्सर आधुनिकता और प्रगति से जोड़कर देखा जाता है, जिसके चलते माता-पिता अपने बच्चों को इस भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इससे भाषाओं के बीच एक प्रकार का पदानुक्रम निर्मित हो जाता है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं को कम महत्व का समझा जाता है और परिणामस्वरूप वे धीरे-धीरे उपेक्षित होती चली जाती हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, कुमाऊंनी भाषा के पुनरुद्धार की संभावनाएं अभी भी मौजूद हैं। इसके लिए कई स्तरों पर प्रयासों की आवश्यकता है। सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके। दूसरे, जनसंचार माध्यमों और डिजिटल मंचों का उपयोग करके कुमाऊंनी भाषा को समकालीन संदर्भों में जीवंत बनाए रखने में मदद मिल सकती है। सोशल मीडिया पर कुमाऊंनी भाषा में सामग्री तैयार करने और उसे साझा करने से यह भाषा युवा पीढ़ी के लिए अधिक प्रासंगिक और आकर्षक बन सकेगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# मन से मंजिल तक विचारों का सफर

विचार मानव मन की वह शक्ति हैं, जो हमारे व्यक्तित्व, व्यवहार और जीवन की दिशा तय करते हैं। यह किसी विषय पर गहराई से सोचने, सही-गलत में भेद करने या मानसिक रूप से किसी कार्य की योजना बनाने की प्रक्रिया है। विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि मेहमान की तरह होते हैं, जो आते हैं और चले जाते हैं। उनका कोई घर नहीं है। वे बादलों की तरह भटकते हैं। विचार तरंगों की भांति हैं। वह मनुष्य के चित्त पर अपना प्रभाव शुभ या अशुभ के लिए छोड़ते हैं। बिना विचारों के न तो नवाचार संभव है, न ही आगे बढ़ना। जितने अधिक विचार उत्पन्न होंगे, उतनी ही नई संभावनाएं खुलेंगी। हर बड़ी खोज की शुरुआत एक छोटी-सी चिंगारी से होती है, पर वह चिंगारी अकेले नहीं, बल्कि अनगिनत छोटे-छोटे विचारों की भीड़ से जलती है। रचनात्मक लोग इसलिए हमेशा विचारों के दरवाजे खुले रखते हैं। वे डरते नहीं, बल्कि उन्हें न्योता देते हैं। ज्यादातर विचार अधूरे, कमजोर या बेकार लग सकते हैं, पर यही असफल प्रयास ही इतिहास की बड़ी सफलताओं की नींव बनते हैं। हर विचार, चाहे छोटा हो या बड़ा, एक संभावित बीज है। असफलता को डरने की बजाय सीखने का मौका समझें। अपने जूनियर या साथियों के विचारों को भी सम्मान दें। कभी-कभी वही अगला बड़ा कदम बन जाता है। विचार को शब्दों से आगे ले जाने से ही आपके विकास की नींव मजबूत बनती है। जब आप एक विचार को लिखते हैं, फिर उसे योजना में बदलते हैं और अंत में उसे लागू करते हैं, तभी वह प्रगति की धड़कन बनता है।



डॉ. नंदकिशोर शाह
लखनऊ

छोटे- छोटे कदम से बड़ी जीत हो सकती है। हर बात को ध्यान से सुनें, चाहे वह किसी भी स्तर का हो। विचार को कागज या नोट-ऐप पर लिखें। लिखने से वह स्पष्ट होता है। छोटा-सा प्रयोग करें, परिणाम देखें। टीम के साथ चर्चा करें, बहुमत से बेहतर समाधान निकलता है। विचार केवल मन में रहने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें पोषित करें, उन्हें परखें और सबसे जरूरी है कि उन पर अमल करें। तभी वह एक धड़कन, एक स्थायी ताल बन जाएगी, जो हर कदम को आगे बढ़ाएगी। मनुष्य के दिमाग में हर दिन लगभग 50 हज़ार विचार आते है। ये विचार अक्सर छोटे-छोटे, स्वचालित और अक्सर अनजाने होते हैं, जैसे सांस लेना या यादों का धुंधलापन। इसलिए, हर दिन आपके सिर में एक निरंतर विचार-धारा चलती रहती है, चाहे आप उसे महसूस करें या न करें। उनमें से सिर्फ 1-2 फीसदी स्मृति में टिकते हैं, जो भावनात्मक या महत्वपूर्ण होते है। बाकी बहुत से विचार क्षणिक फ्लैश की तरह गायब हो जाते हैं, जो भी विचार आते हैं, उन्हें कागज या नोट-ऐप में लिख दें। लिखते-लिखते अक्सर वो खुद ही साफ हो जाते हैं और दिमाग को बांध देते हैं। जिस विचार को हम अपनाते नहीं है, वह विचार बेकार ही है। व्यक्ति अपनी सोच का गुलाम होता है। आप जैसा सोचते हैं, वैसा ही बनते है। दुःख पर ध्यान देंगे, तो हमेशा दुःखी ही रहेंगे, सुख पर ध्यान देना शुरू करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# किन्नर पहचान और नया कानून

एक उभरता संवैधानिक द्वंद भारतीय समाज में किन्नर समुदाय सदियों से अपनी एक अनोखी और विशिष्ट जगह रखता है। शादी-व्याहा में मंगल गीत गाना हो, नवजात शिशु के जन्म पर नाच-गाकर बधाइयां देना या आशीर्वाद देना हो। यह इनका पारंपरिक पेशा रहा है। ज्योतिष गण भी बुध ग्रह की शांति के लिए इन हिजड़ों को दान-पुण्य करने, भोजन कराने और इनका आशीर्वाद लेने की सलाह देते हैं, लेकिन इसी समुदाय के साथ भेदभाव, अपमान, शिक्षा और नौकरी में बाधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में दिक्कतें भी कम नहीं हैं।

समाज की इन पारंपरिक रस्मों के साथ-साथ एक बहुत बड़ी और गंभीर समस्या भी उभरकर सामने आई है और वह है इनकी पहचान का प्रश्न। समाज में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कुछ व्यक्तियों ने किन्नर होने का दावा कर आम लोगों से जबरन धन वसूला, अराजकता फैलाई और कानून-व्यवस्था को चुनौती दी। वहीं कुछ मामलों में बच्चों और किशोरों के अपहरण कर, उन्हें जबरन किन्नर बनाने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।

वहीं दूसरी तरफ, हमारे जो वास्तविक किन्नर समुदाय के भाई-बहन हैं, वे आज भी सामाजिक भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इन्हें संघर्ष करना पड़ता है और उनकी पहुंच सीमित है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 लेकर आई है। यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है।



आलोक तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

> यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है।

सरकार का दावा है कि यह कानून समाज में किन्नरों के नाम पर हो रहे दुरुपयोग को रोकने और वास्तविक किन्नर समुदाय को बेहतर सुरक्षा देने के लिए लाया गया है। इस कानून में प्रावधान है कि यदि किसी वयस्क या बच्चे को जबरन अंग-भंग, हार्मोनल प्रक्रिया या किसी अन्य तरीके से किन्नर बनाने की कोशिश की जाती है, तो 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। बच्चों के मामलों में सजा और भी कड़ी होगी। 2019 के मूल कानून में इस प्रकार के गंभीर अपराधों के लिए ऐसा विशिष्ट और कठोर प्रावधान नहीं था। किसी को जबरन किन्नर के रूप में प्रस्तुत कर भीख मंगवाने या श्रम कराने पर भी 5 से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून का सबसे बड़ा और सबसे विवादित बदलाव ही पूरे मामले का केंद्र है, जिसने एक बड़ी बहस को जन्म दिया है। पहले 2019 के कानून में व्यवस्था यह थी कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को ट्रांसजेंडर या किन्नर मानता था, तो वह जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के पास आवेदन देकर अपनी स्वयं की घोषणा के आधार पर पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता था। अर्थात यदि किसी ने कहा- स्वीकार किया कि वह किन्नर है, तो उसे मान लिया जाता था। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2014 में NALSA (नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी) मामले में यही कहा था कि gender identity व्यक्ति की अपनी स्वीकृति और समझ पर आधारित होनी चाहिए।

NALSA मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि व्यक्ति की लिंग पहचान उसकी गरिमा, स्वायत्तता और वैयक्तिक स्वतंत्रता का हिस्सा है अर्थात व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, अपनी पहचान तय करने और अपने जीवन के बारे में स्वयं निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। उसके यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत संरक्षित है। अब बदलाव यह है कि डीएम अकेले निर्णय नहीं करेगा। उसे मेडिकल बोर्ड (मुख्य चिकित्सा अधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता वाली टीम) की सिफारिश और जांच के बाद ही प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि व्यक्ति किन्नर/ट्रांसजेंडर है या नहीं। आवश्यकता पड़ने पर अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों को भी शामिल किया जा सकता है। इस प्रकार स्व-घोषणा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। एक तरफ समाज में हो रहे कानूनों और नियमों के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है, दूसरी तरफ किसी नागरिक की गरिमा, निजता और स्वतंत्रता पर अनावश्यक नियंत्रण भी सरकार के अधिकार में नहीं होना चाहिए। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है और समाज को अब इस पर गंभीर चिंतन और विमर्श करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समुद्र के समान है शरीर

मित्रों एवं परिचितों की लंबी सूची है। इन लोगों से मिलते-जुलते समय व्यतीत हो जाता है। हर तरह की बात होती है। हंसी-ठहाका भी होता है। इसके अलावा लंबा-चौड़ा परिवार है। परिवार में भी आपस में बातचीत होती है। समय कैसे बीत जाता है, पता नहीं चलता है।

वर्तमान युग में तो स्मार्ट फोन पर ढेरों मित्र हैं। आपस में संदेशों का आना-जाना होता है। पैसों की कमी नहीं। सारे भौतिक उपकरण घर में मौजूद है। घर के हर सदस्य के पास मोबाइल फोन है। कोई बात होती है, तो वह टेलीफोन से हो जाती है। दिन कैसे बीत गया यह पता नहीं चलता है। यह तो रहा बाहरी दुनिया का हालचाल। कभी खुद से मुलाकात करने की कोशिश करनी चाहिए। अंतर्मन से बात करनी चाहिए कि क्या भौतिक सुख-सुविधा के लिए ही जीवन मिला है? भौतिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग व्यक्ति को पंगु बनाता है। दोस्तों एवं ढेरों परिचितों का साथ तभी तक रहेगा, जब तक भौतिक संपन्नता रहेगी। दुर्भाग्यवश कोई ऐसी घटना घट गई, जो कष्टदायी है, तो मित्रों एवं परिचितों तथा मोबाइल पर बने फ्रेंड काम नहीं आएंगे। उस समय सब किनारा कस लेंगे। कहा भी गया है कि सुख के सब साथी होते हैं, दुःख में कोई नहीं होता है। ऐसी स्थिति में पता चलता है कि व्यक्ति बिल्कुल अकेला है। ढाढस देने वाला कोई नहीं है। अतः व्यक्ति को चाहिए कि वह अति भौतिकता के पीछे न भागे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

भौतिक आवश्यकताओं को तो पूरा करना चाहिए, लेकिन इसके लिए नैतिक तरीका भी अपनाना चाहिए। नैतिक तरीके से जब धन अर्जित होता है, तो उसका दुरुपयोग नहीं होता, जबकि अनैतिक तरीके से धनार्जन में विलासिता की आदत पड़ जाती है। बुरी लतें भी घेर सकती हैं। ऐसे माहौल में बाहरी मित्र बहुत जुट जाएंगे, लेकिन जब नैतिक दृष्टि से धनार्जन होगा, तो उससे परिवार में आत्मनिर्भरता तो आएगी ही, साथ ही मन को संतोष मिलेगा कि किसी दूसरे का हिस्सा नहीं लिया गया है। फिजूलखर्ची की आदत नहीं बनेगी। एकांत में बैठकर जब अंतरात्मा में झाकेंगे, तो सुख-शांति मिलेगी। केवल पैसा कमाने के लिए जीवन नहीं मिला है। मन को संतोष देने के लिए खुद आत्मा में झांकना चाहिए। हो सके तो ध्यान मन पर लगाना चाहिए।

संभव है कि बाहरी लोगों के साथ हंसी-मजाक से जो आनंद मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन पर ध्यान लगाने से मिलने लगेगा। ऐसा महसूस होगा कि जैसे शरीर में अमृत की बरसात हो रही है। ऐसी स्थिति में भौतिक उपकरणों से जो सुख मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन से साक्षात्कार करने से मिलने लगेगा। शरीर एक समुद्र के समान है। इसके मंथन से विष भी निकलता है और अमृत भी निकलता है। विष रूपी नकारात्मकता को त्याग कर अमृत रूपी आनंद का पान करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# चाइनीज मांझे के प्रयोग पर प्रतिबंध की जरूरत

चाकू के प्रहार से तो कोई एक बार बच जाएगा, लेकिन चाइनीज मांझे की रगड़ से नहीं? खून का प्यासा ये मांझा लगातार निर्दोष राहगीरों का खून पी रहा है। ऐसी घटनाओं पर एकाध दिन तो खूब शोर मचता है, लेकिन थोड़े दिन बाद मुद्दा आया-गया हो जाता है। फिलहाल इस मसले को लेकर सरकार के एक धड़े ने अच्छी पहल आरंभ की है। चाइनीज मांझे से जुड़ी घटनाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ा निर्णय लिया है। आरोपियों पर तुरंत एफआईआई दर्ज करने का आदेश पारित हुआ है। गौरतलब बीते दो सालों में पूरे देशभर में करीब 1590 घटनाएं विभिन्न प्रदेशों के पुलिस थानों में रिपोर्ट हुईं। इसमें मरने वालों की संख्या 65 फीसदी है और बाकी गंभीर रूप से घायलों की। मौत के मामलों में 90 फीसदी दोपहिया वाहन चालक हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 2021 की तुलना में 2022-2023 में 18 फीसदी केसों में वृद्धि हुई। मांझे की घटनाओं पर उत्तर प्रदेश शासन का कड़ा रूख अख्तियार करना निश्चित रूप से स्वागत योग्य कहा जाएगा। बिलावजह बेकसूर लोगों की जान गंवाने की दिशा ये सुधारक कदम भी होगा। ऐसी पहल सभी राज्य हुकमतों को और केंद्र सरकार को बिना देर किए करनी चाहिए।



डॉ.रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

दशक भर पहले तक चाइनीज मांझे का रिवाज नहीं था। पहले कच्चे सूत के धागे वाले मांझे का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर जब से चाइनीज मांझे का प्रचलन आया, लोगों ने अपना लिया। अपनाने का कारण एक ये भी है कि चाइनीज मांझा, अन्य मांझों के मुकाबले मजबूत बहुत है। इसमें मेटल, नाइनॉल और कॉरबोनाइट का प्रयोग होता है, जिसकी रगड़ मात्र से हड्डी तक कट जाती है, जबकि पंतगबाजी के दौरान देशी मांझा टूट जाता है, लेकिन चाइनीज मांझे का कुछ नहीं बिगड़ता? लेकिन लोग इसके दुष्परिणामों को भूल जाते हैं। कुल मिलाकर चाइनीज मांझे से घटती खूनी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए इस मांझे की ब्रिकी और इस्तेमाल पर सख्ती और कड़े प्रावधान की अब दरकार है। मांझे की जानलेवा घटनाएं सिर्फ वसंत या किसी विशेष दिनों पर ही नहीं घटती, बल्कि चौबीसों घंटे और 12 महीने होती हैं। 2016 में एनजीटी ने भी समूचे भारत में बैन का आदेश दिया था, जो धरातल पर कारगर साबित नहीं हुए।

भारत में चाइनीज मांझे का इस्तेमाल अब चोरी-छिपे अन्य कार्यों में भी होने लगा है। पुलिस रिपोर्ट में इस तरह की बातें सिद्ध भी हुई हैं कि लोगों के मर्डर में क्रिमिनलों ने चाइनीज मांझे का प्रयोग किया। गला रेतने में ये धागा तलवार की धार से भी तेज होता है। वहीं, मछुआरों द्वारा मछली पकड़ने से लेकर किसानों का खेतों में आवारा पशुओं से फसलों के बचाव में भी मांझे का इस्तेमाल बेधड़क होने लगा है, जबकि ये मांझा सभी राज्यों में पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके कहीं भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है। साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई थी। मौखिक रूप से प्रदेशों को बचाव हेतु आदेशित भी किया था, लेकिन शीर्ष अदालत के आदेश को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। मध्य प्रदेश और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यहां तक कह दिया है कि अगर कोई नाबालिग बच्चा मांझे से घायल हुआ, तो उसके अभिभावक जिम्मेदार होंगे। ये खूनी मांझा पर्यावरण को भी खासा नुकसान पहुंचाता है। पंतगबाजी के दौरान जो मांझा पेड़ों में फंस जाता है वह कई महीनों तक फंसा रहता है, उसमें बेजुबान पक्षी फंसकर मरते रहते हैं।

इंडियन वाइल्ड लाइफ की रिपोर्ट बताती है कि साल 2017-2025 के बीच गुजरात में 17000 हजार पक्षी मांझे में फंसकर हताहत हुए, जिनमें 1500 से अधिक पक्षियों की मौत हुई। वहीं, बेंगलुरु में पिछले साल सबसे ज्यादा पक्षी मरे, जिनमें 790 पक्षियों को रेस्क्यू करके बचाया भी गया। वाइल्ड लाइफ रिपोर्ट पूरे भारत में सालाना 5 लाख बेजुबान पक्षियों को इस अदृश्य मांझे में फंसकर घायल होने तस्दीक करती है। मांझे से उपजी हृदय विदारक घटनाओं के सिलसिले को कैसे रोका जाए, इसको लेकर केंद्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता अब महसूस होने लगी है। केंद्रीय स्तर पर इस मसल को कानूनी जद में लाना ही होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।


वाराणसी :' स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत के मौके पर बच्चों को मिड डे मील परोसते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# योगी ने परोसा मिड डे मील, बच्चों से बोले- रोज स्कूल आना

## मुख्यमंत्री ने बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें व उपहार दिए, वाराणसी के पांच निपुण विद्यालय पुरस्कृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ ने 'स्कूल चलो अभियान' के शुभारंभ अवसर पर शनिवार को शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के बीच पहुंचकर मिड-डे मील परोसा और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार से बच्चे उत्साहित दिखे और मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसते हुए कहा कि वे प्रतिदिन स्कूल आएं और मन लगाकर पढ़ाई करें। बच्चों ने भी सिर हिलाकर उनकी बात का समर्थन किया और मासूमियत से हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इस दौरान उनके साथ मौजूद मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने भी बच्चों को भोजन परोसने में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें, किट, उपहार और चॉकलेट वितरित किए। मंच पर विभिन्न कक्षाओं के चयनित छात्र-छात्राओं को ये सामग्री प्रदान की गई। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी और उनकी सहज मुस्कान ने कार्यक्रम को भावनात्मक स्पर्श दिया।

सीएम योगी ने जिले के पांच निपुण विद्यालयों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच निपुण विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना और अन्य विद्यालयों व विद्यार्थियों को प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने 'शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियां' पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें शिक्षा के महत्व और सरकारी प्रयासों को दर्शाया गया।

### काशी कोतवाल और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

अमृत विचार,लखनऊ/वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह 'काशी कोतवाल' के रूप में विख्यात काल भैरव के दरबार में माथा टेका। तत्पश्चात वे श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे, जहां गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोकमंगल की कामना के साथ षोडशोपचार पूजन-अभिषेक और आरती भी की। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने आसपास के दुकानदारों और बच्चों से भी संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों को उन्होंने उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, अनिल राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, राज्य मंत्री संदीप सिंह तथा विधायक नीलकंठ तिवारी, सुशील सिंह और अवधेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी दर्शन-पूजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश शुरू, आवेदन 30 तक मांगे

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए सत्र 2026-27 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन www.jeecup.admissions.nic.in पर कर सकते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उप्र. के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 300 रुपये है, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 है। प्रवेश के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए दूरभाष नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667, 2636589 पर संपर्क किया जा सकता है।

### यूपीईएसएससी की परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी पर जोर

अमृत विचार, प्रयागराज/लखनऊ : उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज (यूपीईएसएससी) के 'साधना सप्ताह' में परिचर्चा के दौरान अधिकारियों ने संकल्प लिया कि निर्धारित समय-सीमा में अधिक से अधिक पाठ्यक्रम पूरा करेंगे। 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित साधना सप्ताह में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यूनतम 4 घंटे के पाठ्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के नेतृत्व में शनिवार को 'साधना सप्ताह' के दौरान अधिकारी और कर्मचारी परिचर्चा कर रहे थे। साधना सप्ताह में एआई से संबंधित तीन पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले अधिकारी 'एआई दक्षता बैज' और आईजीओटी मार्केटप्लेस के कम से कम एक पाठ्यक्रम पूरा करने पर 'कर्मयोगी उत्कर्ष बैज' प्राप्त करेंगे। परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी के माध्यम से डिजिटल दक्षता, कार्य कुशलता और कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया। आयोग ने यह भी घोषणा की कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्मिकों की दक्षता और क्षमता को मजबूत बनाकर प्रदेश के प्रशासनिक सुधार में योगदान देना है।

### ओडीओपी योजना से आत्मनिर्भर बन रहे युवा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवा उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना युवाओं के लिए अवसरों का मजबूत आधार बनकर उभरी है। जिला इटावा के रामगंज निवासी जैनुल आबदीन ने इस योजना के माध्यम से अपने फैशन और टेक्सटाइल कारोबार की नींव रखी। जैनुल को वर्ष 2025 में जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 10 लाख रुपये का ऋण मिला। इसके सहारे उन्होंने मैक्सी और कुर्ती जैसे परिधानों का निर्माण शुरू किया। आज उनकी यूनिट से हर महीने लगभग 50 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी हो रही है। जैनुल ने खुद के अलावा 4 से 6 अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया। ओडीओपी योजना के तहत प्रति जिले की विशिष्ट ओडीओपी इकाइयों को 6.25 लाख से 20 लाख रुपये तक की मार्जिन मनी सहायता दी जाती है।

# आतंकियों की पुलिस रिमांड मंजूर

## साजिश नाकाम करते हुए एटीएस ने चार आरोपियों को लखनऊ से किया था गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


साकित उर्फ डेविल


लोकेश उर्फ पपला


विकास गहलावत उर्फ रौनक


अरबाब

**अमृत विचार:** एटीएस ने गुरुवार देर रात को चार आतंकियों को लखनऊ के चारबाग स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकी साकिब उर्फ डेविल, अरबाब, गौतमबुद्धनगर छपरौला स्थित राम विहार का विकाश गहलावत उर्फ रौनक और लोकेश उर्फ पपला पंडित उर्फ बाबू उर्फ संजू मेरठ और गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। चारों ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर देश के प्रमुख स्थानों रेलवे स्टेशनों, रेलवे ट्रैक पर लगे सिग्नल बॉक्स व वाहनों को उड़ाने की साजिश रची थी। एटीएस ने चारों से पूछताछ के लिए कोर्ट में पुलिस कस्टडी रिमांड डाली थी। जिस पर सुनवाई करते हुए एटीएस के न्यायाधीश जैनेंद्र कुमार पांडेय ने पांच दिन की रिमांड मंजूर कर दी है। एटीएस आरोपियों को रविवार 5 अप्रैल की सुबह 10 बजे से 9 अप्रैल की शाम छह बजे तक पूछताछ कर सकेगी।

- देश के प्रमुख स्थानों, रेलवे ट्रैक के सिग्नल बॉक्स और वाहनों को उड़ाने की रच रहे थे साजिश

एटीएस ने आरोपियों से पूछताछ के लिए कोर्ट में दस दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी डाली थी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए शनिवार की तारीख दी थी। शनिवार को आरोपियों को जेल से कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद रिमांड अर्जी स्वीकार कर ली गई। एटीएस के मुताबिक, कुछ भारतीय व्यक्तियों का एक गिरोह है, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के लगातार संपर्क में है। पूरा गिरोह सोशल मीडिया पर संचालित हो रहा है। इसी के माध्यम से देश विरोधी गतिविधियों को संचालित की जा रही है। साथ ही प्रमुख भवनों एवं राजनैतिक व्यक्तियों की रेकी कर उनकी डिटेल जुटा रही है। इसके बाद सभी जानकारी पाकिस्तानी हैंडलरों को उपलब्ध कराना है। एटीएस ने कोर्ट के सामने आरोपियों के पास से मिले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का डाटा परीक्षण कराने, किन स्थानों की रेकी की गई है। इस बारे में जानकारी हासिल करना है। साथ ही आरोपियों के बैंक खातों की जांच की जाएगी। रेकी किये गये स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। उनके सुरक्षा के बंदोबस्त किये जाएंगे।

# भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकतः पंकज चौधरी

राज्य ब्यूरो, महराजगंज/लखनऊ

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है, जो पार्टी की विचारधारा और सेवा भाव को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाता है।

प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को महाराजगंज में अभियान शुरू करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व विकास का माध्यम है। भाजपा को अन्य दलों से अलग बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी "राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और अंत्योदय" के सिद्धांतों पर कार्य करती है।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी की वैचारिक नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों ने रखी, जिनके विचार आज भी भाजपा की कार्यशैली का आधार हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने धारा 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक समाप्ति, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं को बड़ी उपलब्धियां बताया।

# असमय बारिश पर किसानों को 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करने को कहा

**अमृत विचार:** प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को जल्द राहत दिलाएं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

सीएम योगी ने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियां मिलकर फसल नुकसान का संयुक्त सर्वे करें, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा मिल सके। उन्होंने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को भी निर्देशित किया कि वे फील्ड अधिकारियों से लगातार समन्वय बनाए रखें और सभी सूचनाएं समय पर शासन तक पहुंचाएं।

**किसान भी उपलब्ध कराएं जानकारी :** मुख्यमंत्री ने किसानों से भी अपील की है कि वे अपनी फसल के नुकसान की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है, वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। क्योंकि बीमा अंतर्गत यदि फसल कटकर खलिहान में रखी हो और इसका नुकसान हुआ हो तो यह फसल 14 दिन तक बीमा से कवर्ड है। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी अन्नदाता को नुकसान का सामना न करना पड़े।

# इजराइल से सकुशल लौटे अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** युद्धग्रस्त इजराइल में फंसे अंबेडकरनगर के युवक अखिलेश कुमार को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की त्वरित पहल से यह संभव हो सका। युवक को जॉर्डन के रास्ते भारत लाया गया, जिसके बाद वह सकुशल अपने घर पहुंच गया।

अकबरपुर निवासी अखिलेश कुमार रोजगार के लिए इजराइल गए थे, लेकिन वहां संघर्षपूर्ण हालात और नियोक्ता के असहयोग के कारण मानसिक रूप से परेशान हो गए। खुद लौट पाने में असमर्थ होने पर उनकी पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलकर मदद की गुहार लगाई थी।


स्वदेश लौटे अखिलेश कुमार।

अखिलेश कुमार ने बताया कि कठिन समय में सरकार और प्रशासन के प्रयासों से ही उनकी सुरक्षित वापसी संभव हो सकी।

### प्रशासन की सक्रियता से बनी राह

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शासन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्च स्तर पर प्रयास शुरू हुए और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से इजराइल व जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावासों से समन्वय स्थापित किया गया। इजराइल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक योजना के तहत अखिलेश को पहले तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास लाया गया, वहां से स्थल मार्ग से जॉर्डन सीमा तक पहुंचाया गया। जॉर्डन प्रशासन के सहयोग से उन्हें राजधानी अम्मान पहुंचाया गया।

# खेत में ड्रोन गिरने पर सपा ने सरकार को घेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/इटावा

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि युद्ध के माहौल में अचानक इटावा जिले के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में एक बड़ा ड्रोन गिरने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। ड्रोन गेहूं के खेत में गिरा, जिससे आसपास के लोग घबरा गए।

सपा प्रमुख ने शनिवार को सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था तो नागरिकों को पहले से सूचना देनी चाहिए थी। चेताया कि यदि यह ड्रोन किसी बस्ती पर गिरता तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और किसान को खेत में हुई आर्थिक हानि और मानसिक आघात का उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण केवल निर्जन क्षेत्रों में ही किए जाएं।

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के तहत कोई भी परीक्षण सफल नहीं हो पाता। इस घटना ने स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# बाबू जगजीवन राम के विचार आज भी प्रासंगिकः मीरा कुमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व उप प्रधानमंत्री की जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी आयोजित

**अमृत विचार:** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय और समता की मिसाल है। आज के दौर में जब समाज में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, तब उनके विचार हमें "पहले आप" की संस्कृति और समावेशी सोच की प्रेरणा देते हैं।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं बाबू जगजीवन राम की पुत्री मीरा कुमार शनिवार को उप्र. कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने छुआछूत और ऊंच-नीच की मानसिकता को समाज के लिए घातक बताते हुए इससे ऊपर उठने का आह्वान किया। गोष्ठी का विषय "समकालीन भारत में बाबू जगजीवन राम की प्रासंगिकताः सामाजिक न्याय और समावेशी विकास" रहा।

मुख्य वक्ता प्रो. रतन लाल, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के आदर्शों पर चलते हुए कांग्रेस समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 2027 के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का विश्वास भी जताया।


पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते पीएल पूनिया, अजय राय, अविनाश पांडेय व अन्य।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के जीवन, सामाजिक योगदान और राजनीतिक विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उनके जीवन पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया और दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**उपलब्धि** | डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के 4 वर्ष पूरे

# नगर निकायों की मॉनिटरिंग में नई मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इंटीग्रेटेड अप्रोच से बदली नगर निकायों की व्यवस्था: एके शर्मा



**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) ने नगरीय सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था की मॉनिटरिंग में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग सुधारने में इस केंद्र की अहम भूमिका रही है और इंटीग्रेटेड अप्रोच के जरिए व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है।

डीसीसीसी के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को वर्चुअल बैठक हुई। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद 4 अप्रैल 2022 को इस केंद्र की स्थापना की गई थी। तब से यह लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मंत्री ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि डीसीसीसी ने नगर निकायों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई है। आने वाले समय में इसे और सशक्त बनाकर नागरिक सुविधाओं को बेहतर किया।

### 1533 हेल्पलाइन और 'संभव' पोर्टल बना सहारा

नगर विकास मंत्री ने बताया कि शुरुआत में हेल्पलाइन की सुविधा नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार के सहयोग से 1533 टोल फ्री नंबर शुरू किया गया। इसके साथ ही 'संभव' पोर्टल को भी लागू किया गया, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता और अधिकारी ऑनलाइन जुड़कर समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करते हैं।

### 3.63 लाख में से 3.62 लाख शिकायतों का समाधान

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 से अब तक कुल 3,63,510 शिकायतों के सापेक्ष 3,62,517 का निस्तारण किया जा चुका है। साथ ही करीब 7000 घंटे की लाइव मॉनिटरिंग भी की गई है, जो इस केंद्र की कार्यक्षमता को दर्शाता है।

### स्वच्छता अभियानों की निगरानी

डीसीसीसी के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों- "स्वच्छता ही सेवा", "क्लीन टॉयलेट अभियान", "स्वच्छ तीर्थ" और "प्लास्टिक उन्मूलन अभियान" आदि की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मंत्री ने कहा कि जिन निकायों की रैंकिंग अभी भी नीचे है, उनके लिए विशेष रणनीति बनाकर सुधार किया जाए।

# विभागीय कार्यों का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करें : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/प्रयागराज

- प्रदेश में ग्रामीण विकास के कार्यों की उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मनरेगा के तहत मानव दिवसों का समय से सृजन, स्वयं सहायता समूहों का सक्रिय करना और 'लखपति दीदी' अभियान में प्रयागराज को अग्रणी बनाना आवश्यक बताया।

प्रयागराज में शनिवार को उप मुख्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे।



उन्होंने विकसित भारत- जी राम जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी सरल ढंग से जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। केशव प्रसाद मौर्या ने विभागीय कार्यों की छोटी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों के चयन व तैयारियों को समय पर पूरा करने पर बल दिया।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आय वृद्धि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और कहा कि समन्वित प्रयास, मजबूत कार्ययोजना और प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रदेश के समग्र विकास को नई गति देगा।

**कैग ने जम्मू-कश्मीर में बजटीय उल्लंघनों को चिह्नित किया**

**जम्मू।** कैग ने जम्मू और कश्मीर में वित्तीय प्रबंधन के उल्लंघनों को उजागर किया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत राशि को निर्धारित बजटीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए वापस नहीं किया गया।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 5 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### खाद्य स्टार्टअप के लिए मैसूर में इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को मैसूर स्थित केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) में बिराक-बायोनेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवाचार और उपभोक्ता मांग के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। एक बयान के अनुसार, इस नई सुविधा का उद्देश्य खाद्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना, उन्नत अनुसंधान में सहायता करना और खाद्य जैव प्रसंस्करण तथा जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नियामक सुविधा का विस्तार करना है। इससे वैज्ञानिक विचारों को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने में मदद मिलेगी।

### रेलवे पार्सल से माल भेजेंगे कश्मीर के फल उत्पादक

**जम्मू।** कश्मीर के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और उसके फल उद्योग व पार्सल व्यापार को राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के लिए उत्तरी रेलवे के जम्मू डिवीजन ने घाटी से रेल द्वारा पार्सल परिवहन बढ़ाने के उद्देश्य से हितधारकों की बैठक आयोजित की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैठक शुक्रवार को श्रीनगर में हुई। इसका उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र से पार्सल यातायात बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट योजना तैयार करना था। अधिकारियों के अनुसार, इस बैठक का उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र से पार्सल परिवहन बढ़ाने के लिए सड़क मार्ग के बजाय रेल को भरोसेमंद, समयबद्ध और किफायती विकल्प के रूप में स्थापित करना था।

### पीएनजी के लिए आवेदन करने वालों को ही मिलेगी वाणिज्यिक एलपीजी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति के नियमों को कड़ा कर दिया है। इसके तहत उन क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन लेना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया गया है, जहां पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है। खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले के विभाग ने दो अप्रैल को जारी आदेश में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के वितरण पर अपनी हालिया नीति के एक प्रमुख खंड में संशोधन किया है। संशोधित नियमों के तहत, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ता एलपीजी आपूर्ति तभी पा सकेंगे, जब वे संबंधित तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) के साथ पंजीकृत हों और उन्होंने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया हो (जहां नेटवर्क मौजूद है)। आदेश के अनुसार, जिन क्षेत्रों में अभी तक पीएनजी बुनियादी ढांचा तैयार नहीं है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी उपलब्ध होने पर उसे अपनाने के अपने इरादे को व्यक्त करते हुए एक आवेदन जमा करना होगा।

# ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी

## सरकार ने कहा- घबराहट में न खरीदें, 2 अप्रैल को पहुंचे जहाज सीबर्ड से उतारी जा रही 44 हजार टन एलपीजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है। 'ग्रीन सानवी' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर चुका है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है।

सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोकको सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है।




● पेट्रोलियम मंत्रालय ने लोगों से कहा-एलपीजी और पीएनजी हमारी प्राथमिकता, केवल आधिकारिक सूचनाओं पर करें भरोसा

वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके। प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक एलपीजी टैंकर होर्मुज को पार कर चुका है।

सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि 'ग्रीन सानवी' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है। ग्रीन सानवी के गुजरने के बाद भी 17 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि 'सी बर्ड' नामक एलपीजी टैंकर जहाज, जो लगभग 44,000 टन ईरानी रसोई गैस लेकर आया है, बीती दो अप्रैल को हमारे मंगलौरु बंदरगाह पर पहुंचा और फिलहाल उससे गैस उतारी जा रही है।

### रोजाना 15.2 लाख सिलेंडर दे रही एचपीसीएल

**मुंबई, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम उत्पाद वितरक कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि (एचपीसीएल) ने शनिवार को अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद घरेलू एलपीजी की उसकी आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त रूप से जारी है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एलपीजी वितरण का काम इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी निर्बाध रूप से घरों तक प्रतिदिन 15,20,000 से अधिक सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही है उसका जो सामान्य वितरण है। एचपीसीएल अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेब पोर्टल और टोल-फ्री नंबर (1800-2333-555) के माध्यम से ग्राहकों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

### डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें

सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि उपभोक्ता मौजूदा परिस्थितियों के बीच एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करें। सरकार ने नागरिकों को स्पष्ट सलाह दी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। वर्तमान में इंडस्ट्री के स्तर पर 94% एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हो रही है। मांग को नियंत्रित करने के लिए, शहरी क्षेत्रों में बुकिंग का अंतराल 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 45 दिन तक कर दिया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट लंबा चला तो भारत का निर्यात प्रभावित होगा: अग्रवाल

**हैदराबाद, एजेंसी**



● 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि में बोले केंद्रीय वाणिज्य सचिव

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि यदि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष जारी रहा, तो इसका असर भारत के अन्य देशों को होने वाले निर्यात पर भी पड़ेगा। 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि' के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले महीने आयात और निर्यात दोनों पर प्रभाव पड़ा, क्योंकि ऊर्जा आयात बाजार का एक प्रमुख हिस्सा है।

अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम एशिया भी एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे निर्यात का लगभग 12-13 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में जाता है। इसलिए, इस पर सीधा असर पड़ेगा। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाले हमारे निर्यात भी प्रभावित होंगे क्योंकि कुछ मूल्य श्रृंखलाएं फिर से सामान्य स्थिति में आ जाएंगी। हम इससे अवगत हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस संकट का प्रभाव आने वाले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो सकेगा। सरकार की कोशिश है कि आपूर्ति श्रृंखला पर कम से कम असर पड़े, हालांकि आयात और निर्यात दोनों में कुछ कमी आ सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग को आत्मनिर्भर बनना होगा।

### दवा निर्यात फरवरी तक 28 अरब डॉलर के पार

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत का दवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा। भारतीय दवा निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक के राजा भानु ने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 अरब डॉलर वाले इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने 'चिंतन शिविर : औषधि निर्यात में वृद्धि'' के उद्घाटन सत्र में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दवा निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान निर्यात 28 .29 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5 .6 प्रतिशत अधिक है।

# ईरान संग भुगतान की समस्या नहीं, कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने खारिज किया ईरानी तेल ले जा रहे टैंकर के चीन की ओर मुड़ने का दावा

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कह कि ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, और कंपनियों के पास विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूर्ण लचीलापन है।

# स्वदेशी इस्पात से मिली है युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को मज़बूती

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना को सौंपे गये नये युद्धक पोत आईएनएस तारागिरी के लिए देश में ही विशेष प्रकार का इस्पात विकसित कर उसकी आपूर्ति की। नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17 ए) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट, इस युद्धपोत को शुक्रवार को नौसेना में शामिल किया गया। सेल की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड को इस युद्ध पोत के निर्माण के लिए लगभग 4,000 टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेट की आपूर्ति की जो इस पोत की जरूरतों के लिए पूरी थी। इस विशेष इस्पात का उत्पादन सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में किया गया है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 2030 तक 55 लाख करोड़ रहने का अनुमान

## विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स ने जारी की ताजा रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएसमई क्षेत्र की इकाइयां) का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 33 प्रतिशत से बढ़ कर 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है लेकिन इस क्षेत्र के लिए संगठित क्षेत्र से मिलने वाला वित्त पोषण इसकी कुल आवश्यकता से 33 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है।

विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र को 2030 तक 162.92 लाख करोड़ रुपये के वित्त पोषण की जरूरत होगी और इस अवधि में इस क्षेत्र को औपचारिक स्रोतों से कर्ज 78.02 लाख करोड़ रुपये तक उपलब्ध हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार इसमें 56.98 लाख करोड़ रुपये का कर्ज प्राथमिकता क्षेत्र की ऋण सुविधाओं के तहत 18.57 लाख करोड़ रुपये अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से और 2.46 लाख करोड़ रुपये गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से मिलने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त ये इकाइयां 5 कर्ज की व्यवस्था अनौपचारिक स्रोतों से कर सकती है तथा कर्ज की लगभग 30 प्रतिशत व्यवस्था प्रवर्तक अपनी खुद की पूंजी से करेंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बावजूद 2030 तक एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 55.18 लाख करोड़ रुपये के विशाल स्तर तक रहने का अनुमान है। बी2के एलालिटिक्स के सीईओ रिताबन बसु के अनुसार कि हमारे अनुमान एमएसएमई के योगदान के विस्तार के मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि रुझानों को दर्शाते हैं। इस क्षेत्र के विस्तार के साथ इकाइयों को औपाचारिक स्रोतों से कर्ज सुविधाओं में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

# चौथी तिमाही में जमा से अधिक रही बैंकों की ऋण वृद्धि

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी के नियंत्रण वाले आईडीबीआई बैंक का मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में ऋण 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा गया। एक साल पहले यह आंकड़ा 2.18 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल जमा राशि 12 प्रतिशत बढ़कर 3.46 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 3.1 लाख करोड़ रुपये थी। इसी तरह, देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के ऋण में मार्च तिमाही में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 29.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2025 के अंत तक उसका कुल अग्रिम 26.43 लाख करोड़ रुपये था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# एलडीएफ सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू: मोदी

**तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और केरल में भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आयेगा। मोदी ने पथनमथिट्टा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलडीएफ सरकार की विदाई करने के लिए काफी उत्साह दिखाया है।

राज्य विधानसभा की 140 सीट के लिए नौ अप्रैल को चुनाव होगा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है, तो वह केरल में विकास सुनिश्चित करेगी, जैसा कि उसने गोवा और पूर्वोत्तर के सात राज्यों में से छह में किया है, जहां वह सत्ता में है और वहां ईसाई आबादी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि केरल में अपार संभावनाएं हैं, फिर भी विकास की दौड़ में यह अन्य राज्यों से पीछे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केरल के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की स्थिति खराब है, क्योंकि एलडीएफ



जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनन्दन करते स्थानीय नेता।

और यूडीएफ ने इस पर ध्यान नहीं दिया। कहा कि जब केरल में भाजपा की 'डबल इंजन' वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में, अगर किसी समूह को राजग की नीतियों से सबसे ज्यादा फायदा होता है, तो वे मेरी माताएं, बहनें, बेटियां हैं। मोदी ने केरल से रोजगार के लिए युवाओं के पलायन का भी जिक्र किया और कहा कि यह राज्य की सबसे बड़ी समस्या है।

# असम : उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में विधानसभा चुनावों भाग लेने वाले उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़ रुपये है। यह औसत पांच वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनावों में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की औसत संपत्ति से 54 प्रतिशत अधिक है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और असम इलेक्शन वॉच ने शनिवार को अपनी रिपोर्टों में कहा कि 2021 के असम विधानसभा चुनावों में प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 2.10 करोड़ रुपये थी। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ रहे सभी 722 उम्मीदवारों के स्व-घोषित शपथ पत्रों का विश्लेषण किया। पिछले चुनावों में 941 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इस बार उम्मीदवारों की कुल संपत्ति 2,352 करोड़ रुपये है। इनमें से 39% करोड़पति हैं जबकि पांच साल पहले यह 28 % था।

# असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता

**मालदा (बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले के मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के असली आरोपी फरार हो गए जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) निर्दोष स्थानीय लोगों को पकड़कर परेशान कर रहा है।

वह मालदा के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एसआईआर के बाद 'विचाराधीन' मामलों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय मतदाता सूची में नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए न्यायाधिकरणों में आवेदन करें। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संदर्भ में कहा कि दो सांप्रदायिक दलों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और भाग निकले। अब एनआईए



● बोलीं-मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को न्यायाधिकरणों में करें आवेदन

स्थानीय युवाओं को परेशान कर रही है।

जांच के नाम पर करीब 50 निर्दोष लोगों को उठा लिया गया है। जब बनर्जी ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाए, जिसे देखकर उन्होंने आश्चर्य जताया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मंच पर मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं से कहा कि हमें राजनीतिक रैलियां और सभाएं करने की जरूरत नहीं है।

मेरी प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है, ताकि वे न्यायाधिकरणों में आवेदन देकर अपने नाम फिर से जुड़वा सकें।

# तमिलनाडु : एफसीआरए विधेयक दमनकारी, विदेश नीति विफल - स्टालिन

**नागरकोइल (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन विधेयक 2026 को दमनकारी करार दिया। आरोप लगाया कि इसके जरिये अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाई सेवा संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने मछुआरों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली द्रविड़ शैली की सरकार मछुआरों की सच्ची मित्र और करीबी सहयोगी है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि विदेश नीति की बागडोर अपने हाथों में रखने वाली भाजपा विदेश नीति में भी नाकाम रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि भारत का अपने छोटे पड़ोसी देशों पर भी कोई प्रभाव नहीं रह गया है। दावा किया कि यह खेदजनक है कि भाजपा सरकार तमिलनाडु के मछुआरों को भारतीय मछुआरे नहीं मानती और इसका परिणाम श्रीलंका की नौसेना द्वारा हमारे मछुआरों पर लगातार किए गए हमले हैं।

● बोले-मछुआरे कर रहे श्रीलंका के हमलों का सामना

# केरल में एलडीएफ और प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसे राहुल गांधी

**अलप्पुझा, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया तथा उन पर अहंकार, राजनीतिक सुविधा एवं चुनिंदा चुप्पी साधने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन या उनके परिवार को कभी सार्वजनिक रूप से निशाना क्यों नहीं बनाया जबकि वह लगातार उन पर और कांग्रेस पर हमले करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चुप्पी भाजपा और एलडीएफ के कुछ वर्गों के बीच एक गुप्त समझौते का संकेत देती है। उन्होंने दावा किया कि एलडीएफ ने अपना वैचारिक स्वरूप खो दिया है और अब इसे सच्चा वामपंथी आंदोलन नहीं कहा जा सकता। अब इस मोर्चे में दो प्रकार के नेता हैं, एक वे जो आरएसएस और भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं और दूसरे वे जो अब भी वामपंथी विचारधारा में विश्वास रखते हैं लेकिन पार्टी के भीतर हाशिए पर चले गए हैं।

### कांग्रेस ने वायनाड पुनर्वास धनराशि का हिसाब सार्वजनिक किया

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख सनी जोसेफ ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को वायनाड पुनर्वास के लिए खोले गए खाते में लगभग 5 .38 करोड़ रुपये प्राप्त हुए और उसने इन धनराशि का उपयोग भूस्खलन पीड़ितों के लिए घर बनाने के मकसद से जमीन खरीदने में किया है। जोसेफ ने कहा कि उनके और विपक्ष के नेता वी . डी . सतीशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित खाते में जितनी धनराशि प्राप्त हुई उसके अलावा युवा कांग्रेस ने भी पुनर्वास प्रयासों के लिए लगभग 1 .05 करोड़ रुपये एकत्र किए। केपीसीसी प्रमुख ने यहां प्रेसवार्ता में कह कि इकट्ठा की गई राशि का इस्तेमाल वायनाड में दो चरणों में जमीन खरीदने के लिए किया गया, ताकि जुलाई 2024 के भूस्खलन में अपनी संपत्ति खोने वालों के लिए घर बनाए जा सकें। इस भूस्खलन की घटना में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

### त्रिभाषा फॉर्मूला हिंदी थोपने का तंत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** स्टालिन ने सीबीएसई द्वारा हाल में जारी की गयी पाठ्यक्रम रूपरेखा का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि तथाकथित तीन-भाषा फॉर्मूला वास्तव में गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के विस्तार का एक गुप्त तंत्र है। यह पाठ्यक्रम रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप है। यह शैक्षणिक सुधार नहीं है, बल्कि भाषा थोपने की एक सोची समझी कोशिश है।

**वर्ल्ड ब्रीफ**

## रूस से जुड़े जहाजों की जब्ती का ब्रिटेन का प्रयास अस्वीकार्य

**मास्को।** रूस ने कहा है कि रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। ब्रिटेन में रूस के राजदूत आंद्रेई केलिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का ब्रिटिश जलक्षेत्र में हमारे देश से जुड़े नागरिक जहाजों को जब्त करने का घोषित इरादा रूस के प्रति एक और गहरा शत्रुतापूर्ण कदम है... हम हमारे देश से जुड़े जहाजों को जब्त करने के ब्रिटिश पक्ष के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य और असम्य मानते हैं।" उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च में घोषणा की थी कि ब्रिटेन के सैन्य कर्मी अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिबंधित जहाजों जब्त कर लेंगे। ब्रिटेन प्रतिबंधित जहाजों के लिए इंग्लिश चैनल सहित ब्रिटिश जलक्षेत्र को बंद करके और भी अधिक प्रतिबंध लगाएगा।

## रूस में नहीं हैं ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक स्रोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र अल-जरीदा ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया, नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ था और नागरिक हताहत हुए थे।

## ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार : केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिंगटन में ईरान-विरोधी हॉक्स का साथ दिया और संयुक्त कार्य योजना के पतन में योगदान दिया।

# रिनी संपत वाशिंगटन मेयर बनने की दौड़ में शामिल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

• मेयर के चुनाव में भाग लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार

तमिलनाडु में जन्मीं रिनी संपत वाशिंगटन डीसी के मेयर पद के चुनाव में हिस्सा लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की 31 वर्षीय सरकारी अनुबंधक का चुनाव अभियान बुनियादी चीजों को ठीक करो के विषय और एक नए डीसी के वादे पर आधारित है।

संपत ने अपनी चुनावी वेबसाइट पर कहा कि मैं कोई नेता नहीं हूं। मेरा किसी विशेष हित समूह से कोई संबंध नहीं है। अब समय आ गया है कि कोई बाहर का व्यक्ति हमारे शहर की बुनियादी सेवाओं को सुधारने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करे। तमिलनाडु के थेनी में जन्मीं संपत सात साल की उम्र में अमेरिका आ गईं और एक दशक से अधिक समय से वाशिंगटन डीसी में रह रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि हमारे पास जीत की एक वास्तविक राह है। महज चार हफ्तों में मैं वाशिंगटन डीसी के इतिहास में मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन चुकी हूं। यही वह उपलब्धि है जो एक सीमित संसाधनों वाला, जन-समर्थित अभियान हासिल कर सकता है।

# मिशन आर्टेमिस-2

**आधी सदी के बाद चांद के द्वार इंसान**

ब्रह्मांड की असीम गहराइयों को मापने की मानवीय जिज्ञासा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन के जरिए चार जांबाज अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की ओर रवाना कर दिया है। यह मिशन न केवल विज्ञान और तकनीक की विजय है, बल्कि यह उस 50 साल लंबे इंतजार का अंत भी है जो 1972 के अपोलो 17 मिशन के बाद शुरू हुआ था। इस बार का सफर सिर्फ चांद को छूने का नहीं, बल्कि वहां स्थायी रूप से बसने और भविष्य में मंगल ग्रह तक पहुंचने की नींव रखने का है। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से विशालकाय स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट के जरिए ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चार अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैंसन करीब 10 दिनों की यात्रा पर निकले हैं। ये चांद के सबसे करीब से उसकी परिक्रमा कर पृथ्वी पर लौटेंगे।



### मिशन के मुख्य लक्ष्य

● प्रणालियों का सत्यापन : गहरे अंतरिक्ष में ओरियन अंतरिक्ष यान के लाइफ सपोर्ट, संचार और नेविगेशन सिस्टम की जांच करना।

● भविष्य की लैंडिंग की तैयारी : यह मिशन आर्टेमिस-3 और उसके बाद के मिशनों के लिए रास्ता साफ करेगा, जिसमें इंसान वास्तव में चांद की सतह पर कदम रखेगा।

● गहरे अंतरिक्ष का अनुभव : पृथ्वी की निचली कक्षा से बाहर निकलकर लंबी दूरी की यात्रा के दौरान विकिरण और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के मानवीय स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन।

### चांद की कक्षा में क्या करेंगे यात्री

● शुरुआती परीक्षण : पृथ्वी की कक्षा में पहले 24 घंटे के दौरान वे यान के टॉयलेट, पानी की व्यवस्था और हवा की शुद्धता की जांच करेंगे।

● चंद्रमा की परिक्रमा : यान चांद के दूर वाले हिस्से के ऊपर से गुजरेगा, जिसे पृथ्वी से कभी नहीं देखा जा सकता। यात्री वहां की हाई-रेजोल्यूशन तस्वीरें लेंगे और आंखों देखा विवरण साझा करेंगे।

● वैज्ञानिक प्रयोग : चालक दल ऑर्गन-ऑन-ए-चिप जैसे उपकरणों का उपयोग करके यह देखेंगे कि अंतरिक्ष का वातावरण मानव ऊतकों को कैसे प्रभावित करता है।

### चांद की परिक्रमा

● यह चालक दल इस बार चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा, लेकिन वे चांद के सबसे करीब (लगभग 7,600 किमी की दूरी) से उसकी परिक्रमा करेंगे। यह मिशन साबित करेगा कि क्या हमारे आधुनिक लाइफ-सपोर्ट सिस्टम गहरे अंतरिक्ष की विकट परिस्थितियों में इंसानों को सुरक्षित रख सकते हैं।

### मिशन का खर्च

● आर्टेमिस-2 का खर्च : अनुमान है कि इस एकल मिशन की लॉन्चिंग लागत 4.1 बिलियन डॉलर (करीब 34,000 करोड़ रुपये) से अधिक है। पूरे आर्टेमिस प्रोग्राम का बजट 2025 तक 93 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ● तुलना : भारत के तीनों चंद्रयान मिशनों का कुल खर्च लगभग 2,000 करोड़ रुपये रहा है। नासा का एक आर्टेमिस-2 मिशन भारत के पूरे चंद्रयान कार्यक्रम से लगभग 17 गुना महंगा है।

### भारत और चंद्रमा

● भारत के चंद्र मिशनों ने पूरी दुनिया में अपनी धाक जमाई है। विशेष रूप से चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना दिया।

● अंतरिक्ष में भारतीय : भारत के राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष (सोवियत संघ के मिशन के तहत) जाने वाले पहले भारतीय थे, लेकिन वे चंद्रमा पर नहीं गए थे।

● भविष्य की योजना : भारत का गगनयान मिशन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की तैयारी कर रहा है, इसरो का लक्ष्य 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर उतारने का है।

# भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया

## छत्तीसगढ़ में आईआईएम के दीक्षांत समारोह में पश्चिम एशिया संकट पर बोले विदेश मंत्री

**रायपुर, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक संकट के बीच भारत मजबूती से उभरा है और हालात का डटकर मुकाबला किया है। जयशंकर ने यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर फरवरी में हमले शुरू किए जाने से उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा हाइड्रोकार्बन की कमी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण की व्यापकता के चलते संघर्ष का असर दूर-दराज के समाजों पर भी गहराई से पड़ा है। जयशंकर ने कहा कि अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हाल ही में आए कई वैश्विक झटकों ने हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ली है, और भारत उनसे मजबूती से उबरकर बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी, दोनों तरह की चुनौतियों का काफी हद तक सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है।

विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है, जिससे हम सभी अब ऊंची उम्मीदें रख सकते हैं। हमने न सिर्फ डिजिटल क्रांति को पूरे उत्साह के साथ अपनाया है, बल्कि असल में इसे अपने जीवन में एक मकसद के साथ लागू भी किया है। यहां तक कि कई विकसित समाजों ने भी ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मैंने जिन वैश्विक रुझानों का जिक्र किया है, उनकी रोशनी में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करना अब और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बड़े देशों के लिए तो यह बात खास तौर पर सच है। आप देखेंगे कि विकसित दुनिया में भी, वैश्वीकरण के पुराने मंत्रों की जगह अब आत्मनिर्भरता के प्रति एक नई जागरूकता ने ले ली है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में हमारे लिए, यह भावना आत्मनिर्भर भारत के रूप में व्यक्त होती है। इसका महत्व तब साफ नजर आता है जब बात भोजन, स्वास्थ्य या ऊर्जा सुरक्षा की हो, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा की। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं अपने नियंत्रण में सुरक्षित कर सकें। जयशंकर ने कहा कि जाहिर है, कुछ क्षेत्र दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होंगे। ऐसे मामलों में, इसका हल भरोसेमंद या विश्वसनीय साझेदारियों तथा विविध स्रोतों से आपूर्ति में निहित है। लेकिन आखिरकार मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने की कोई अनदेखी नहीं कर सकता। जोखिम कम करने और असल में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का यह सबसे असरदार तरीका है।



### खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती

जयशंकर ने कहा कि ऐसे में, दुनिया के सामने एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के चलते अब जोखिमों से बचाव, जोखिम कम करने और विविधता लाने की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है, चाहे वह कोई व्यावसायिक फैसला हो या फिर विदेश नीति से जुड़ा कोई निर्णय। घरेलू प्राथमिकताओं की ओर रुख करते हुए, जयशंकर ने राष्ट्र-निर्माण में व्यापार और उद्यम की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जाहिर है, राष्ट्र-निर्माण एक बेहद जटिल कार्य है जिसके कई आयाम हैं।

### दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक है। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया आज एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना कर रही है, जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में इस समय जो उथल-पुथल मची है, वह कई मायनों में ढांचागत भी है। वैश्विक व्यवस्था हमारी आंखों के सामने ही बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखे जा सकते हैं। कुछ समाजों की राजनीति के लिए इन बदलावों को स्वीकार कर पाना मुश्किल हो रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, सैन्य क्षमताओं, कनेक्टिविटी और संसाधनों के क्षेत्र में हो रहे नए विकासों ने, लगातार बढ़ते प्रतिस्पर्धी माहौल में, जोखिम उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। आज हर चीज का लाभ उठाया जा रहा है और अगर उसे सीधे तौर पर हथियार नहीं बनाया जा रहा है, तो भी उसका इस्तेमाल एक हथियार की तरह ही किया जा रहा है।

# मलप्पुरम में शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और चालक पर हमला

**मलप्पुरम (केरल), एजेंसी**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और वाहन चालक पर वंडूर में पांच लोगों के समूह ने कथित तौर पर हमला किया, जिसके बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वंडूर पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और एक व्यक्ति हिरासत में है।

पुलिस ने बताया कि थरूर के सुरक्षाकर्मी रतीश केपी. की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वंडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब चेल्लीथोडे पुल पर जाम था और थरूर कांग्रेस नेता ए. पी. अनिलकुमार के चुनावी अभियान कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। प्राथमिकी के मुताबिक, दो वाहनों में सवार आरोपियों ने सांसद के वाहन को रोक दिया। जब सुरक्षाकर्मी ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो उस पर और चालक पर कथित तौर पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि सड़क संकरी थी और सुरक्षाकर्मी ने सांसद के काफिले के मार्ग को सुगम बनाने के लिए आगे चल रहे वाहन को केवल गति बढ़ाने के लिए कहा था।



• पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, शशि थरूर सुरक्षित

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और शेष आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच, थरूर ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई। थरूर ने कहा कि बीती रात को उनके सुरक्षाकर्मी पर हुए हमले की अप्रिय घटना के बाद उन्हें कई संदेश और फोन कॉल आए जिसमें उनकी सलामती के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा कि उनके प्रति चिंता प्रकट करने वाले शुभचिंतकों के वह दिल से बहुत आभारी है।

# दक्षिणी कैलिफोर्निया में भीषण वनाग्नि, लोगों को घर खाली करने के आदेश

**कैलिफोर्निया।** दक्षिणी कैलिफोर्निया में तेज हवाओं के बीच भीषण होती जा रही वनाग्नि के मद्देनजर लोगों को घर खाली करने के आदेश और चेतावनियां जारी की गई हैं। आग शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे भड़की और अपराह्न ढाई बजे तक 2.34 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल चुकी थी। रिवरसाइड काउंटी के मोरेनो वैली के पूर्व में लगी इस आग के कारणों की जांच जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने घरों को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं या चेतावनियां जारी की गई हैं। कैलिफोर्निया अग्निशमन विभाग की जन सूचना अधिकारी मैगी क्लाइन डे ला रोजा ने कहा, वहां बहुत तेज हवा चल रही है। कैलिफोर्निया अग्निशमन विभाग के अनुसार, यह आग मोरेनो वैली शहर के पास स्थित एक मनोरंजन क्षेत्र में फैल रही है। मोरेनो वैली की आबादी लगभग दो लाख है। यह शहर लॉस एंजिलिस से करीब 103 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सैन बर्नार्डिनो और रिवरसाइड काउंटी की घाटियों के लिए शनिवार दोपहर तक तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है।

• 2.34 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में फैल चुकी है आग, कारणों की जांच

# एप्स्टीन यौन अपराध : पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जेफ्री एप्स्टीन द्वारा 2008 से यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं को 7.25 करोड़ डॉलर के उस मुआवजा कोष से सहायता जारी की सकती है, जिसे बैंक ऑफ अमेरिका ने पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों के साथ समझौते के तहत स्थापित किया है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जेड एस राकोफ ने बृहस्पतिवार को इस समझौते को प्रारंभिक मंजूरी दे दी और अंतिम मंजूरी के लिए 27 अगस्त को सुनवाई तय की है। उन्होंने वकीलों को यह भी निर्देश दिया कि वे शुक्रवार तक उन प्रकाशनों की विस्तृत सूची पेश करें, जिनके जरिए एप्स्टीन के पीड़ितों को इस मुआवजा कोष की जानकारी दी जा सके। न्यायाधीश ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी पीड़िता सहायता से वंचित न रह जाए। एप्स्टीन द्वारा यौन शोषण का शिकार हुई महिलाओं के वकीलों ने बैंक के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया कि जून 2008 से लेकर जुलाई 2019 की शुरुआत में यौन अपराधों के आरोपों में एप्स्टीन की गिरफ्तारी तक, बैंक ने उससे जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर ध्यान नहीं दिया, जबकि वह लगातार लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था। एप्स्टीन की अगस्त 2019 में मैनहैटन की एक संघीय जेल में मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या करार दिया गया था। बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान वकील डेविड बोइस ने कहा कि पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों का अनुमान है कि 60 से 75 महिलाएं दावे पेश करेंगी, जिनके आधार पर वे इस समझौता कोष से मुआवजा पाने की पात्र होंगी।

• यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं के लिए 7.25 करोड़ डॉलर मुआवजा कोष की मंजूरी

# सीडीएस चौहान ने सीमा पर लिया सैन्य तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को श्रीनगर में चिनार कोर के अंतर्गत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया और सैन्य तैयारियों का जायजा लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने उत्तर कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ सुरक्षा परिदृश्य और परिचालन स्थिति की समीक्षा की तथा उत्कृष्ट परिचालन तैयारी, सैद्धांतिक सामंजस्य और दृढ़ पेशेवर क्षमता की सराहना की। बारामूला में उन्हें भविष्य में सेनाओं की प्रौद्योगिकी समावेशन पर जानकारी दी गई। चिनार कोर के अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण क्षेत्र-केंद्रित दृष्टिकोण से बहु-क्षेत्रीय अभियानों की ओर बदलाव आवश्यक है, जो एक सुदृढ़ और एकीकृत संरचना पर आधारित हो। उन्होंने संयुक्तता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भूमि, वायु, समुद्री, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्बाध एकीकरण निर्णायक परिणाम प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने भविष्योन्मुख युद्ध के लिए त्वरित संयुक्त प्रशिक्षण, सिद्धांतों का सामंजस्य तथा परस्पर क्रियाशील कमान और नियंत्रण संरचनाओं के विकास का आह्वान किया, ताकि सभी क्षेत्रों में समन्वित परिणाम हासिल किए जा सकें। जनरल चौहान ने उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुनियोजित रोडमैप की आवश्यकता पर बल दिया-जो प्रौद्योगिकी अनुकूलन, सुदृढ़ता और एकीकृत प्रयासों के माध्यम से सामूहिक तैयारी को बढ़ावा दे।

# पेशावर में अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा ढहा

**पेशावर।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा पेशावर में कथित तौर पर हाल ही में हुई भारी बारिश और उसके बाद शुक्रवार रात आए भूकंप के कारण ढह गया। अधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों ने इसकी जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित सदी पुरानी कपूर हवेली को पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2016 में राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया था। खैबर पख्तूनख्वा हेरिटेज काउंसिल के सचिव शकील वहीदुल्लाह ने बताया कि भूकंप के झटकों के बाद हवेली की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिससे शेष ढांचे की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीदुल्लाह ने पुरातत्व विभाग और प्रांतीय सरकार से ऐतिहासिक इमारत के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की और चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रही तो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को अपूरणीय क्षति हो सकती है। हवेली पेशावर शहर के प्रसिद्ध किस्सा ख्वानी बाजार के मध्य स्थित है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज मेहनत का फल मिलेगा। दोपहर बाद व्यापार में लाभ के योग हैं। वैवाहिक संबंधों में स्पष्टता आवश्यक है।

**तुला** – आज चंद्र प्रभाव शुभ है। जीवन में आकर्षण और आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी से बचें।

**वृष** – आज धन की गति सुधरेगी। परिजनों से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। नक्षत्र परिवर्तन निर्णय-शक्ति बढ़ाएगा।

**वृश्चिक** – आज आध्यात्मिकता की ओर झुकाव रहेगा। विशाखा से ऊर्जा और साहस मिलेगा। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन** – आज का दिन संचार, मीडिया, मार्केटिंग कार्य के लिए अनुकूल रहेगा। मन-मस्तिष्क में नए विचार जन्म लेंगे।

**धनु** – आज के दिन भाग्य सहयोगी रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राएं शुभ रहेंगी। आर्थिक लाभ और मित्रों का भरपूर साथ मिलेगा।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें। निवेश पर विचार करें। परिवार से सहयोग मिलेगा।

**मकर** – आज करियर में उन्नति के योग हैं। वरिष्ठजनों का समर्थन मिलेगा। व्यापार में कार्यभार के साथ लाभ भी बढ़ेगा।

**सिंह** – आज आपकी कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सामाजिक मान बढ़ेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।


**कुंभ** – आज के दिन शिक्षा, रणनीति और प्रतियोगिता आपके पक्ष में रहेगी। रचनात्मकता उच्च रहेगी। कार्यक्षेत्र में वर्कलोड बढ़ेगा।

**कन्या** – आज व्यापार में लाभ के प्रबल योग हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। जीवन हेतु लिए गए निर्णय प्रभावी रहेंगे।

**मीन** – आज का दिन नया कार्य शुरू करने के लिए उत्तम है। शारीरिक ऊर्जा बढ़ी हुई रहेगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 5 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 11.59 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 6 अप्रैल 00.08 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

### सुडोकू -110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

# ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास दिखा ड्रोन, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**मालदा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास शनिवार दोपहर मालदा के मालतीपुर में एक ड्रोन देखे जाने से सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल जांच के आदेश दिए। यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री मालतीपुर में अपनी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर में सवार होने जा रही थीं। यह दिन में उनकी दूसरी रैली थी।

इससे पहले उन्होंने माणिकचक में सभा को संबोधित किया था और इसके बाद उन्हें गाजोल में तीसरी रैली के लिए रवाना होना था। जैसे ही वह हेलीपैड के पास पहुंचीं, हेलीकॉप्टर के सामने एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। ड्रोन को देखते ही मुख्यमंत्री रुक गईं और माइक लेकर पुलिस को इस मामले पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

**राष्ट्र सेवा**

**15 दिन के भीतर 62 हजार से अधिक कार्यक्रम, 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने की भागीदारी**

# राष्ट्रीय चेतना जगाने में आरएसएस ने दिखाई अद्भुत क्षमता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गनाइजर ने अपने नवीनतम संपादकीय में कहा है कि कुछ वर्गों द्वारा पहचान आधारित विभाजनों के जरिए समाज में खाई पैदा करने के प्रयासों के बावजूद संघ ने भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत और विस्तारित करने की अद्भुत क्षमता दिखाई है।

यह प्रक्रिया विजयादशमी उत्सव से शुरू हुई, जिसके तहत अक्टूबर 2025 से सक्रिय स्वयंसेवकों को व्यापक रूप से एकजुट किया गया। 15 दिनों में 62,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके अलावा, 22,000 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए, जिनमें 25 लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पत्रिका ने कहा कि पहले चरण में जागृत लोगों के एक महत्वपूर्ण समूह को संगठित किया गया, जो अभियान को दूसरे चरण तक ले जा सके। इसमें कहा गया है कि संघ के गृह संपर्क अभियान के जरिए अब तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाई गई है, जो 46 में से 37 प्रांतों को कवर करता है। संपादकीय में कहा गया कि इस अभियान के माध्यम से सक्रिय स्वयंसेवकों और संघ के कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले लोगों तक पहुंच बनाई गई।

इस प्रक्रिया ने राष्ट्र की सुप्त शक्ति को जागृत किया और स्वयंसेवकों को समाज के आम सवालों चाहे वे समर्थक हों या आलोचक, को समझने का अवसर मिला। बताया गया कि देशभर में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में जाति, पंथ, धर्म या राजनीतिक संबद्धता से परे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प

संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की बैठक हरियाणा के समालखा में हुई, जिसमें 2025-26 के कार्यों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति तय की गई। पंद्रह मार्च को समाप्त हुई इस तीन दिवसीय बैठक में संगठनात्मक विस्तार, राष्ट्रीय हित में सकारात्मक ताकतों की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबाले सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा संघ से जुड़े 32 संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी शामिल है।



“हमने ड्रेसिंग रूम में ये निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है।
–श्रेयस अय्यर, पंजाब किंग्स के कप्तान


# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 5 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

1. सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
लखनऊ सुपर जायंट्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

2. चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
**समय** - शाम 7:30 बजे

# गेंदबाजों की कसावट के बाद रिजवी की लगातार दूसरी मैच जिताऊ पारी

## आईपीएल-2026 : दिल्ली ने मुंबई को छह विकेट से हरा लगातार दूसरी जीत दर्ज की



नई दिल्ली, एजेंसी

मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था। उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई। मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए।

### मुंबई इंडियंस

**162/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रयान रिकेल्टन का अक्षर बो मुकेश | 09 |
| रोहित शर्मा का राणा बो अक्षर | 35 |
| तिलक वर्मा का एवं बो मुकेश | 00 |
| सूर्यकुमार यादव पगबाधा एनगिडी | 51 |
| शरफेन रदरफोर्ड का मुकेश बो निगम | 05 |
| नमन धीर का स्टब्स बो नटराजन | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 18 |
| कोर्बिन बोश नाबाद | 11 |

अतिरिक्त : 05

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-26-2, एनगिडी 4-0-34-1, अक्षर 4-0-22-1, निगम 3-0-24-1, कुलदीप 3-0-31-0, टी नटराजन 3-0-24-1

### दिल्ली कैपिटल्स

**164/4** (18.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| केएल राहुल का रिकेल्टन बो चाहर | 01 |
| पथुम निसंका का मार्कंडेय बो सैंटनर | 44 |
| नीतिश राणा रन आउट | 00 |
| समीर रिज्वी का तिलक बो बोश | 90 |
| डेविड मिलर नाबाद | 21 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 03 |

अतिरिक्त : 05

गेंदबाजी : चाहर 3-0-20-1, बुमराह 4-0-21-0, सैंटनर 3-0-22-1, शारदुल 3-0-41-0, मार्कंडेय 2-0-20-0, बोश 3.1-0-39-1

उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की। रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफ दो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊ पारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का। उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया। रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया।

## हाईलाइट

### आईपीएल में कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास अहम : चाहर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली करारी शिकस्त के बाद युवा बल्लेबाज समीर रिजवी की तारीफ करते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता के लिए कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास की जरूरत होती है। रिजवी की 51 गेंद में 90 रन की विस्फोटक पारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने 163 रन के लक्ष्य को 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। चाहर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैच में बाद में बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां थोड़ी आसान हो गई थीं। चाहर ने कहा कि आईपीएल जैसे बड़े मंच पर आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

### पायल ने शीतल को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण जीता



युवा तीरंदाज पायल नाग अपनी बहन बरशा के साथ। एजेंसी

**बैंकॉक।** दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। 18 साल की उभरती हुई तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की। भारत के लिए अभियान यादगार रहा जिसमें देश ने पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। पायल की यह एक साल से थोड़े ज्यादा समय में शीतल पर दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2025 में जयपुर में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में भी शीतल को हराया था। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में पदार्पण करने के बाद पायल अपने दूसरे ही अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही थीं।

### अंक तालिका


| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |

### ऑरेंज कैप



समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन
कूपर कॉनली
पंजाब 108 रन

### पर्पल कैप



विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट
लुंगी एन्गिडी
दिल्ली 4 विकेट

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से संपर्क साधा

ढाका, एजेंसी

- बीसीबी अध्यक्ष बुलबुल का जल्द समाप्त हो सकता कार्यकाल

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर में भारत के सफेद गेंद के दौरे को बचाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है। दोनों देशों के बीच रिश्ता तब तनावपूर्ण हो गया था जब बीसीबी ने भारत में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से हटने का फैसला किया था।

ऐसा माना जा रहा है कि बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल का कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो सकता है और एक अंतरिम बोर्ड बीसीसीआई के साथ बातचीत शुरू कर सकता है। माना जाता है कि खेल मंत्रालय के सलाहकार और भारत-विरोधी कट्टरपंथी आसिफ नजरुल बीसीबी को चलाते हैं जिन्होंने ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था। यह फैसला तब लिया गया जब बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति नहीं दी थी।

बीसीबी ने अनुरोध किया था कि उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस तर्क में कोई दम नहीं लगा और उसने भारत में टीम के लिए किसी भी सुरक्षा खतरे की बात को खारिज कर दिया था।

# राजस्थान ने गुजरात को दिया 211 रनों का लक्ष्य

अहमदाबाद, एजेंसी

- जुरेल और जायसवाल ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

ध्रुव जुरेल के 42 गेंद में 75 रन और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में छह विकेट पर 210 रन बनाये । जायसवाल ने 36 गेंद में 55 रन बनाये जबकि सूर्यवंशी ने 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये सिर्फ 6 . 2 ओवर में 70 रन बना डाले।

जुरेल ने तीसरे नंबर पर उम्दा बल्लेबाजी करते हुए 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के बावजूद बेहतरीन क्रिकेट शॉट्स खेले। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। गुजरात टाइटंस के लिये अपना दूसरा आईपीएल मैच खेल रहे अशोक शर्मा ने चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने लगातार 145 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी की और 154 . 2 किमी प्रति घंटा की गति से भी गेंद डाली। जुरेल ने राशिद खान को डीप मिडविकेट के ऊपर से शानदार छक्का जड़ा। मांसपेशी में ऐंठन के कारण शुभमन गिल नहीं खेल रहे हैं जिनकी जगह राशिद गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर रहे थे । इससे पहले रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और उनके सलामी बल्लेबाजों ने निराश नहीं किया। सूर्यवंशी और जायसवाल पिछले सत्र से ही आईपीएल में पारी की शुरूआत साथ कर रहे हैं लेकिन आईपीएल के इतिहास में 500 से अधिक रन की साझेदारी करने वाली 113 जोड़ियों में से इन दोनों की रन बनाने की गति 12 . 04 प्रति ओवर है । ये सूची में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा (12.57) और सुनील नारायण और फिल साल्ट ( 12 . 46) से ही पीछे हैं। गुजरात के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और अशोक को पिच से अतिरिक्त उछाल और रफ्तार मिली जिससे पावरप्ले में शॉट लगाना आसान हो गया क्योंकि बल्लेबाजों ने उसी गति का इस्तेमाल किया। सूर्यवंशी को राशिद ने आउट किया जिसके बाद जुरेल और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिये 56 रन जोड़े ।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के ध्रुव जुरेल। एजेंसी

### राजस्थान रॉयल्स

**210/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 55 |
| वैभव सूर्यवंशी का फिलिप्स बो राशिद | 31 |
| ध्रुव जुरेल का बटलर बो सिराज | 75 |
| रियान पराग का कुशाग्र बो प्रसिद्ध | 08 |
| शिमरोन हेटमायेर का सिराज बो शर्मा | 18 |
| डोनोवन फरेरा का फिलिप्स बो रबाडा | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 14 रन

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-48-1, रबाडा 4-0-42-2, शर्मा 4-0-37-1, प्रसिद्ध 4-0-43 -1, राशिद 4-0-39-1

# सनराइजर्स के खिलाफ एलएसजी के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

हैदराबाद, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है, तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी।

उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान साथियों को टिप्स देते सनराइजर्स के कप्तान ईशान किशन।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद** : ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर . स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवड्र्स और पैट कमिंस।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** : ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन सचिन तेंदुलकर, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, सिद्धार्थ, मुकुल।

# आरसीबी की निगाह दूसरी जीत पर

बेंगलुरु, एजेंसी

- सीएसके को गेंदबाजी में करना होगा सुधार
- संजू सैमसन का फॉर्म भी चेन्नई के लिए चिंता का विषय

अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है।

आरसीबी की टीम 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अच्छी तरह से आराम कर चुकी है और वह तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है। देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया। रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। आरसीबी में अपनी गेंदबाजी में बहुत ज्यादा सुधार किया है। उसने कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल करके इसे सुधार का प्रयास किया है।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की, देसवाल।

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

# गेंदबाजी सीएसके के लिए सबसे बड़ी परेशानी : गावस्कर

**चेन्नई।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी है और उन्हें अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए इस विभाग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

सीएसके को मौजूदा सत्र के अपने पहले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें शुक्रवार को पंजाब किंग्स के हाथों पांच विकेट से मिली हार भी शामिल है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमने अब तक जो देखा है उससे लगता है कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में सीएसके के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी होगी। इसका मतलब है कि उन्हें अपने गेंदबाजों को मौका देने के लिए लगातार 225-230 के आसपास रन बनाने होंगे।

**आया बदलाव** सीएसके के मुख्य कोच फ्लेमिंग ने कहा- टी20 में शुरुआत से ही आक्रामक हो गया खेल

# औचित्यहीन हो गई फिनिशर की भूमिका

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में पारंपरिक फिनिशर की भूमिका बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई है, क्योंकि मैच की शुरुआत से ही पूरी तरह से आक्रामक खेल खेला जा रहा है।

सीएसके ने अपनी टीम में काफी फेरबदल किया है। उसकी बल्लेबाजी इकाई में शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों का दबदबा है, जिससे मध्य और निचले क्रम में विशेष रूप से फिनिशर की भूमिका की कमी महसूस हो रही है। फ्लेमिंग ने पंजाब किंग्स के हाथों सीएसके की पांच विकेट से हार के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं लगता कि अब फिनिशर जैसी कोई चीज रह गई है। पहली गेंद से ही हर कोई ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहा है। अब ऐसा नहीं है कि 16वें ओवर तक रन गति कुछ धीमी रखकर फिर तेजी से रन बनाए जाएं। पहली गेंद से ही प्रत्येक बल्लेबाज आक्रामक अंदाज में खेल रहा है।



उन्होंने कहा इसलिए पारी की शुरुआत से ही 10, 11, 12 का रन रेट अपेक्षित है। आपको 40 रन तक पहुंचने के लिए अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इसलिए आपके पास ऐसे बल्लेबाज होने चाहिए जो शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक खेल खेलें और निश्चित रूप से हमारे पास वही टीम है। फ्लेमिंग ने कहा डेवाल्ड ब्रेविस चोट के कारण बाहर हैं और सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक महेंद्र सिंह धोनी चोटिल हैं। इसलिए हमारे पास कुछ ताकत तो है। हमें उम्मीद है कि ब्रेविस की वापसी के बाद बीच के ओवरों में उनका दबदबा रहेगा। मैं अपनी टीम के खेल के तरीके से संतुष्ट हूं। भारत को टी20 विश्व कप में चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन पहले दो मैचों में संघर्ष करते नजर आए हैं। फ्लेमिंग ने हालांकि उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा वह अच्छा अभ्यास कर रहा है और जब वह लय में आ जाता है तो अक्सर मैच विजेता खिलाड़ी साबित होता है।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने बढ़ाई बल्लेबाजी की गति

फ्लेमिंग ने बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाए रखने की भी अपील की और कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने खेल को बल्लेबाजी के पक्ष में झुका दिया है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से इम्पैक्ट प्लेयर नियम की बहुत बड़ी भूमिका है। मुझे नहीं पता कि यह कब तक रहेगा, लेकिन यह निश्चित रूप से क्रिकेट की गति को प्रभावित करता है। इससे खेल कुछ हद तक बल्लेबाजों के पक्ष में झुक गया है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 11 गेंदों पर खेली गई 39 रन की पारी ने 210 रन की लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई।